हिन्दुस्तान में जमींदारी प्रथा का आरम्भ मध्यकाल से विद्यमान रहा है और इसके माध्यम से किसानों के शोषणकारी प्रवृत्ति का आरम्भ मुगल काल में हुआ। इसे विस्तृत व स्पष्ट स्वरूव एवं प्रोत्साहन सामान्यतया अंग्रेजों ने किया। भारतीय परम्परागत सिद्धान्तों और विचारों के विरोध में इस प्रथा को उन्होंने प्रयुक्त किया।[1] ईस्ट इण्डिया कम्पनी का आगमन भारत में 1600 ई0 में हुआ और वे यहाँ के सम्राट से व्यापार के साथ भू–राजस्व का अधिकार भी प्राप्त करने में सफलता अर्जित किये। इससे उन्हें यहाँ की कृषि–व्यवस्था तथा भू–राजस्व सम्बन्धी खामियों को जानने का अवसर प्राप्त हुआ। जैसे–जैसे कम्पनी की शक्तियों में बढ़ोत्तरी हुई, वैसे–वैसे उसका यहाँ के किसानों और कृषि– व्यवस्था में हस्तक्षेप बढ़ता गया, जो उनके हितों की तुष्टि में सहायक हो। इसी प्रवृत्ति से भारतीय विद्वानों एवं नेताओं ने सदैव अग्रेजी सत्ता की सदा आलोचना की। किन्तु, तमाम विरोधों, टिप्पणियों और संघर्षों के बाद अंग्रेजों द्वारा अपनी कूटनीति को अंजाम देते रहे और इस दौरान भारतीय किसानों की स्थिति बद–से–बदतर होती चली गयी।

प्रथम विश्वयुद्ध के बाद की परिस्थितियों का सर्वेक्षण किया जाय तो विदित होता है कि, इस युद्ध के पश्चात् भारत के किसानों में जागृति आयी और वे जमींदारी–प्रथा को दमन, अक्षमता एवं भ्रष्टाचार के अस्त्र के रूप में विश्लेषित करना आरम्भ कर दिये, जिससे उनमें विद्रोह की भावना का विकास होता गया, जिसकी परिणति किसान–आन्दोलन (एका–आन्दोलन) के रूप में सामने आया। किसान–आन्दोलनों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे। यथा–सन् 1921 ई0 में अवध रेन्ट (संशोधन) अधिनियम का पारित होना तथा सन् 1926 ई0 में आगरा काश्तकारी अधिनियम का अस्तित्व में आना।[2] इन अधिनियमों ने किसानों के कष्टों का निवारण प्रस्तुत नहीं कर पाये, क्योंकि सरकार, जमींदार, साहूकार एवं जमींदारों के करिन्दो की चौकड़ी किसानों के विरूद्ध थी। इससे किसान अनुभव किये कि, जब

* एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, डी०ए०वी०पी०जी० कालेज, आजमगढ़

तब जमींदारी–प्रथा की समाप्ति नहीं होगी, तब तक किसानों की परिस्थितियों में सुधार सम्भव नहीं है। अतः किसान विद्रोह, संघर्ष तथा आन्दोलनों का रूख एकदम बदल गया तथा वे जमींदारी प्रथा की समाप्ति की ओर कदम बढ़ाने लगे। इसी का फल हुआ कि, भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस ने सन् 1935 ई0 में लखनऊ अधिवेशन द्वारा उत्तर प्रदेश में जमींदारी–उन्मूलन के सिद्धान्त को स्वीकृति प्रदान किया।[3]

इसी तारतम्यता में वर्ष 1937 ई0 में जब प्रथम काँग्रेस का मन्त्रिमण्डल बना तो वह भूमि–सुधार कार्य अपने हाथों में ले लिया और 'उत्तर प्रदेश काश्तकारी अधिनियम, 1939' पारित किया और किसानों की दशा सुधारने का प्रयत्न किया।[4] कांग्रेसी पहल की एक सच्चाई यह भी है कि, वे जमींदारी–प्रथा को समाप्त करने का जो वादा किया था, उसे पूरा नहीं की।[5] इसका कारण शायद अंग्रेजी सत्ता का दबाव एवं कांग्रेसियों में ही जमींदारों की भरमार का होना था। इस तरह सन् 1939 से 1945 का समय व्यतीत हो गया। तत्पश्चात् द्वितीय महायुद्ध के बाद सन् 1946 ई0 के विधानमण्डल का चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस ने जमींदारी उन्मूलन को अपने चुनाव–घोषणा–पत्र में स्थान दियझ[6] चुनाव के बाद जब कांग्रेस सत्ता में आयी, तो उसने अपने मन्त्रिमण्डल के माध्यम से जमींदारी–प्रथा के उन्मूलन के लिए आवश्यक कदम उठाना आरम्भ किया।[7]

शब्द कुंजी : *जमींदारी प्रथा, उन्मूलन, अंग्रेज शासन काल, नीति, किसान, भारतीय परम्परा*

कांग्रेस के प्रयासों में *08 अगस्त, 1946 ई0 राज्य की भूमि– विधि में एक ऐतिहासिक स्मरणीय तिथि बना*, क्योंकि इसी दिन राज्य की विधानसभा ने उत्तर प्रदेश में जमींदारी–उन्मूलन के सिद्धान्तों को सलाह के बाद यह प्रस्ताव पास किया कि, *"यह विधानसभा इस प्रान्त में जमींदारी–प्रथा, जो किसानों और राज्य के बीच मध्यवर्तियों से युक्त है, के उन्मूलन के सिद्धान्त को स्वीकार करती है तथा यह निश्चय करती है कि ऐसे मध्यवर्तियों के अधिकार उचित मुआवजा देकर अर्जित कर लिए जाएँ और सरकार एक समिति की नियुक्ति करे जो इस उद्देश्य के लिए योजना तैयार करे।"*

विधानसभा द्वारा पारित उक्त आदेश को अमलीजामा पहनाने के लिए उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमन्त्री *पं0 गोविन्द वल्लभ पन्त* की अध्यक्षता में *'यू0 पी0 जमींदारी–उन्मूलन समिति'* गठित की गयी, जिसके उपाध्यक्ष *श्री हुक्म सिंह* थे। समिति के मन्त्री पद पर *ए0 एन0 झा* और *श्री अमीर रजा*को नियुक्त

किया गया। समिति में इसके अलावा 13 अन्य सदस्यों को स्थान दिया गया, जिसमें जिसमें *पं0 कमलापति त्रिपाठी* और *चौधरी चरण सिंह*को शामिलकिया गया। विधानसभा की सम्मति से समिति को अग्रांकित तीन विषयों पर रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किया गया–

1. जमींदारी–प्रथा उन्मूलन का सिद्धान्त सुनिश्चित करना और जमींदारों के अधिकारों के अर्जन हेतु मुआवजा–निर्धारक सिद्धान्तों को निश्चित करना।
2. उत्तर प्रदेश में जमींदारी–उन्मूलन के पश्चात् जोतदारी–व्यवस्था के मूल सिद्धान्तों को प्रस्तुत करना।
3. जमींदारी उन्मूलन के बाद नवीन भूमि व्यवस्था कीयोजना को लागू करने सम्बन्धी प्रशासकीय संगठन को बताना और सरकारी मालगुजारी एवं देयों की वसूली के साधनों (मशीनरी) का निर्धारण।

संक्षेप में, 10 जून, 1949 ई0 को सरकारी गजट में विधेयक के उद्देश्य एवं कारण प्रस्तुत किए गये थे–

1. जमींदारी प्रथा का उन्मूलन करना।
2. मुआवजा का भुगतान कर जमींदारों के अधिकार, आगम एवं हित का अर्जन करना।
3. प्रचलन में साधारण एवं समरूप जोतदारी–व्यवस्था स्थापित करना एवं चालू, क्लिष्ट एवं भ्रामक जोतदारियों को समाप्त करना।
4. शिकमी पर भूमि उठाने पर रोक लगाना।
5. ग्राम–स्वायत्त शासन का विकास करना।
6. अलाभकर जोतों की उत्पत्ति को रोकना एवं अधिक भूमि के जमाव पर रोक लगाना।
7. सरकारी खेती को प्रोत्साहन प्रदान करना।
8. गाँव–सभा में सामान्य उपयोगिता की सभी भूमियों को निहित करना और भूमि–प्रबन्धन सम्बन्धी उन्हें वृहद् शक्तियों से युक्त करना।

घटनाक्रम में समिति परिस्थितियों के अध्ययनोपरान्त अगस्त, 1948 ई0 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत किया, जिसके आलोक में सरकार द्वारा विधेयक (बिल) तैयार किया और *07 जुलाई, 1949 ई0* को राज्य विधानसभा में *'उत्तर प्रदेश जमींदारी–उन्मूलन एवं भूमि–व्यवस्था विधेयक (1949)'*को प्रस्तुत किया गया। विधेयक बहसों के विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरते हुए *10 जनवरी, 1951* ई0 को विधानसभा द्वारा और 16 जनवरी, 1951 को विधानपरिषद् द्वारा पारित कर दिया गया। तत्पश्चात्*24 जनवरी, 1951 ई0 को राष्ट्रपति के हस्ताक्षर*द्वारा स्वीकृति देने के बाद *गणतंत्र दिवस– 26 जनवरी, 1951 ई0* को इसे *उत्तर प्रदेश असाधारण गजट में प्रकाशित किया गया और इसी दिन से यह अधिनियम भूमि–विधि का अंग बन गया*।[8]

जमींदारी उन्मूलन एवं भू–विधि के अस्तित्व में आने के बाद जमीदारों द्वारा अनेक याचिकाएँ न्यायालय में दायर किया गया, जिसके समाधान हेतु भारतीय संविधान में संशोधित किया गया और अधिनियम की वैधता सुनिश्चित कर दिया गया।इसी के साथ समस्त अपीलें05 मई, 1952 ई0 को खारिज कर दिया गया।[9] अधिनियम की *धारा 4* के अन्तर्गत राज्य सरकार ने 01 जुलाई, 1952 ई0 को उ0 प्र0 गजट (असाधारण) में अधिसूचना प्रकाशित की जिसके साथ ही जमींदारों के सब आस्थान राज्य सरकार समाहित हो गए। इस दिन को *'निहित होने का दिनांक'* कहते हैं। 1360 फसली वर्ष का प्रारम्भ भी इसी दिन से होता है।

उत्तर–प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि–सुधार अधिनियम मोटे तौर पर दो भागों में विभक्त है– प्रथम, जमींदारी–उन्मूलन जिसमें अध्याय 1 से 6 तथा अध्याय 9–क को सम्मिलित किया गया है; और द्वितीय, भाग में भूमि सुधार को स्थान दिया गया है, जिसमें अध्याय 7–13 तक को शामिल किया गया है। इनमें से 11 वाँ अध्याय अब अलग कर दिया गया है। अधिनियम के अस्तित्व में आने के साथ ही इसके प्रावधानुरूप राज्य सरकार में जमींदारों के सब अधिकार, आगम एवं हित समाहित हो गए। इसके एवज में जमींदारों को मुआवजा का भुगतान राज्य द्वारा सुनिश्चित व्यवस्था के अनुरूप किया गया है। इसी के साथ जमींदारों को पुनर्वास अनुदान भी प्रदान किया गया (उन

जमींदारों के लिए जिनकी सालाना देय माल गुजारी दस हजार रूपये तक थी)। इस तरह–

1. जो व्यक्ति जिस भूमि पर खेती करता था, उस भूमि का स्वामित्व उसे प्रदान कर दिया गया;
2. सभी के खेती के अधिकार को सुरक्षित रखा गया;
3. जमींदारी प्रथा में प्रचलित 14 किस्म के क्लिष्ट एवं भ्रामक जोतदारी–व्यवस्था को समाप्त करते हुए मात्र चार जोतदारियों को सुनिश्चित किया गया– भूमिधर, सीरदार, अधिवासी तथा आसामी[70];
4. अधिनियम द्वारा सुनिश्चित किया गया कि अक्षम व्यक्तियों (अवयस्क, जड़, पागल, अन्धा, जेल या निरोधन) को छोड़कर कोई भी व्यक्ति भूमि को लगान पर नहीं दे सकेगा;
5. अधिनिय में व्यवस्था किया गया कि, 3.125 एकड़ (पक्का 5 बीघा) तक की जोतों का विभाजन नहीं हो सकता;[10]
6. भविष्य में कोई भी कुटुम्ब दान या विक्रय द्वारा ऐसी जोत न प्राप्त करेगा जो उसकी अपनी जोत मिलाकर उत्तर–प्रदेश में कुल 12.5 एकड़ से अधिक हो;[11]
7. किसी जोतदार की मृत्यु के बाद उसकी भूमि पर उसके उत्तराधिकरियों का अधिकार अंकित किया जायेगा;
8. जमींदारों से प्राप्त भूमि का अधिकार ग्रामसभा में निहित कर दिया गया, जिसका प्रबन्ध ग्राम सभाएँ करगी और हर एक व्यक्ति के निजी कुएँ, आबादी के वृक्ष एवं इमारतें तथा इमारतों से संलग्न भूमि उसी व्यक्ति के पास रहने दी गई; और
9. यह समझा गया कि राज्य सरकार ने उसके मालिकों के साथ कुओं, इमारतों आदि का बन्दोबस्त कर दिया, चाहे जमींदार हों या काश्तकार, सब लोग अपनी इमारतों, उससे संलग्न भूमियों, निजी कुओं एवं आबादी के वृक्षों के स्वामी हो गये।[12]

अधिनियम में भूमि प्रबन्ध समिति को भूमि बेदखल करने की शक्ति, भूमि आवंटन का अधिकार, भूमि पर कब्जा करने का अधिकार, ग्राम–पंचायत में निहित सम्पत्ति की क्षति, गबन या अतिक्रमण होने पर कार्यवाही का अधिकार, मालगुजारी वसूलने की शक्ति और गृह–निर्माण के लिए भूमि आबंटन की शक्ति से युक्त किया गया है।

इसी क्रम में, भूमि प्रबन्ध समिति के सदस्यों का कुछ उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया गया। उ0 प्र0 जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि–व्यवस्था अधिनियम के अधीन ग्राम पंचायत में निहित किसी भी सम्पित्ति के खोने, ह्रास अथवा दुरूपयोग के लिए भूमि–प्रबन्धक समिति का प्रत्येक सदस्य उत्तरदायी होगा, यदि ऐसा खोना, ह्रास या दुरूपयोग उसके भू–प्रबन्धक समिति के सदस्य होते हुए उसकी उपेक्षा अथवा मिथ्याचार का प्रत्यक्ष परिणाम हो। ऐसे सदस्य के खिलाफ राज्य सरकार स्वयमेव या भूमि प्रबन्धक समिति मुआवजा पाने के लिए मुकदमा दायर कर सकती है। मुकदमा निर्धारित अधिकारी की पूर्व आज्ञा से राज्य सरकार या भूमि प्रबन्धक समिति के अलावा ग्राम क्षेत्र का निवासी कोई ग्राम सभा का सदस्य भी मुकदमा दायर कर सकता है।

अधिनियम में मालगुजारी प्रदान करने सम्बन्धी जिम्मेदारियोंकाभी उल्लेख किया है। *धारा 243* में प्राविधान किया गया है कि, ''किसी जोत में सभी भूमिधर संयुक्त रूप से और पृथक् रूप से तत्समय निर्धारित मालगुजारी की अदायगी के लिए राज्य–सरकार के प्रति जिम्मेदार होंगे।'' ऐसी अदायगी की जिम्मेदारी न केवल भूमिधर पर होगी, वरन् उन सभी पर होगी, तो भूमिधर के स्वत्व का उत्तराधिकार, क्रय, दान आदि तरीके से प्राप्त करेंगे। ऐसे व्यक्ति देय मालगुजारी के समस्त बकाये के लिए भी जिम्मेदार होंगे।[13]

मालगुजारी की वसूलीका दायित्व स्वयं राज्य–सरकार अपने हाथ में ले ली और इसके वसूली के तरीकों का प्रबन्धन भी राज्य–सरकार पर छोड़ दिया गया। इसके लिए वह राज्य कर्मचारियों की नियुक्ति कर सकती है अथवा ठेका पर देकर वसूली करा सकती है अथवा ग्राम–पंचायत को यह कार्य सौंप सकती है। इसके अलावा इस कार्य को राज्य भूमि–प्रबन्धक समिति को भी सौंप सकती है। किन्तु इसके लिए आवश्यक होगा कि, राज्य इस आशय का गजट में सामान्य या विशेष आज्ञा प्रकाशित करे। राज्य–सरकार गजट में

अधिसूचना जारी कर मालगुजारी की वसूली का भार भूमि प्रबन्धक समिति को देने का कलेक्टर को प्रतिनिर्धारित कर दिया है।[14]

उत्तर–प्रदेश मालगुजारी सम्बधी न्यायिक कार्यों की सबसे बड़ी सत्ता *'बोर्ड ऑफ रेवेन्यू'* (राजस्व बोर्ड) है, जो राजस्व सम्बन्धी वादों का निस्तारण करती है। रेवेन्यू बोर्ड के निर्णय को उच्च न्यायालय के समान अधिकार प्रदान किये गये हैं, जो समस्त राजस्व न्यायालयों पर बाध्यकारी रूप में प्रभावी होते हैं। रेवेन्यू बोर्ड के निर्णयों की अपील उ0प्र0 जमींदारी–विनाश एवं भूमि–व्यवस्था अधिनियम[15] तथा उ0प्र0 भू–राजस्व अधिनियम, 1901[16] द्वारा अधिनियमित होती है। उ0प्र0 रेवेन्यू बोर्ड अधिनियम, 1922, जो प्राविधानित करता है कि, बोर्ड का क्षेत्राधिकार सम्पूर्ण उत्तर–प्रदेश होगा। रेवेन्यू बोर्ड समस्त उत्तर–प्रदेश के जनपदों के जिला–मुख्यालय पर न्यायालय लगा सकता है।[17]

अधिनियम को सन् 9101 के आलोक में देखा जाय तो अंग्रेजों द्वारा निष्पादित विधि जमींदारों के अत्याचारों पर कमोवेश अंकुश लगाया, जिसे स्वतंत्रता के बाद और अधिक परिष्कृत रूप देकर प्रभावी बनाया गया। अधिनियम के अस्तित्व में आने के साथ ही किसानों को जमींदारों के प्रकोप से छुटकारा मिल गया और अब भू–प्रबन्धन का कार्य राज्य की जिम्मेदारी हो गया, जिसके चलते किसानों के भूमि का राजस्व निर्धारण, भूमि–सुधार, क्षतिपूर्ति या अन्य भू–प्रबन्धन आदि कार्यों राज्य के ऊपर आ गये और जमींदारों के अस्तित्वविहीन होने से किसानों के शोषण पर विराम लग गया। इसी के साथ भूमि का प्रबन्ध एक व्यक्ति के हाथ से निकालकर सामुदायिक स्तर (ग्राम पंचायत) को हस्तांतरित कर दिया गया और भूमि–प्रबन्धन जनतांत्रिक प्रक्रिया के अन्तर्गत क्रियान्वित होने लगा। वर्तमान में भारतीय संविधान के अन्तर्गत भूमि–व्यवस्था एवं राजस्व अधिनियमों को निर्मित किया गया है, जिसमें विहित प्रविधान या संशोधन जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया जाता है, जिसमें जन–सामान्य (किसानों) के हितों को ध्यान में रखना उनका दायित्व है। साथ ही ऐसी नीतियों तथा कार्यक्रमों का निर्माण करना राज्य का दायित्व है, जिससे कृषि को सम्मुन्नत कर किसानों की दशा में सुधार लाया जा सके। संक्षेप में, किसानों का राजस्व के नाम पर होने वाले शोषणों से पूर्ण मुक्ति अधिनियम में कर दिया गया है।

सन्दर्भ

1. *Bhargava, V.S. : Marwar and the Mughal Emperors, New Delhi, 1966.*
2. *Begley, W.E. : The Myth of the Tajmahal and a New Theory of its Symbolic Meaning, Art Bulletin, 1979.*
3. *McNeill, W.H. : The Pursuit of Power, Chicago, 1982.*
4. *Moreland, W.H. : Agrrian System of Moslem India, Cambridge, 1929.*
5. *Irvine, William : Army of the Indian Moughuls : Its Organization and Administration, New Delhi, 1962.*
6. *Cole, W. Owen : Sikhism and its Indian Context : 1469-1708, New Delhi, 1985.*
7. *उ0प्र0 जनरल क्लाजेज ऐक्ट, 1904 की धारा, 5 (1).*
8. *सूर्यपाल सिंह बनाम उत्तर–प्रदेश राज्य, आ0 इ0 रि0 1952, सुप्रीम कोर्ट 252.*
9. *उत्तर–प्रदेश जमींदारी–विनाश एवं भूमि–व्यवस्था अधिनियम, सूचना एवं जनसंम्पर्क विभाग, उत्तर–प्रदेश, लखनऊ, 1952, धारा 9, 154, 178.*
10. *उत्तर–प्रदेश भूमि–विधि (संशोधन) अधिनियम, 1974, धारा 243.*
11. *अधिसूचना संख्या 271, रेवेन्यू 1 आर0 डी0 662–51; दिनांक 24 अप्रैल, 1954 ई0, जो 15 मई, 1954 ई0 को सरकारी गजट*
12. *उत्तर प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, सूचना एवं जनसंम्पर्क विभाग, उत्तर–प्रदेश, लखनऊ, 1901, धारा 331 और अनुसूची द्वितीय.*
13. *उत्तर प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, सूचना एवं जनसंम्पर्क विभाग, उत्तर–प्रदेश, लखनऊ, 1901, धारा 218 एवं 219.*
14. *बहार–उद्दीन बनाम रेवेन्यू बोर्ड, 1985 रे0 डि0 46, उच्च न्यायालय*

मङ्गलम् - वर्ष 15(01) भाग-XXVIII फरवरी 2024
ISSN-0976-8149 पृ. 103-110

स्थितप्रज्ञता की अतिमानसिक अवस्था का परामनोवैज्ञानिक विश्लेषण

*डॉ० अरविन्द शुक्ल**

शोध सारांश

जब हम मनोवैज्ञानिक दृष्टि से श्री अरविन्द द्वारा स्वीकृत मानसिक अवस्था के मनोवैज्ञानिक विश्लेषण का प्रयास करते हैं, तो इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि अतिमानसिक अवस्था का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण सम्भव नहीं है, क्योंकि श्री अरविन्द द्वारा स्वीकृत अतिमानसिक चेतना मनोवैज्ञानिक ज्ञान की परिधि से बाहर है। मनोविज्ञान केवल मनस तक ही सम्बन्धित है। अपनी विकासवादी प्रक्रिया में श्री अरविन्द मनस से अतिमानस तक चेतना के विभिन्न स्वरूपों को स्वीकार करते हैं, जिसका क्रम है मनस, उच्चतर मनस, प्रदीप्त मनस, स्वानुभूति, अधिमानस और फिर अतिमानस, जहां तक मनोवैज्ञानिक विश्लेषण का प्रश्न है मनोविज्ञान की परिधि प्रदीप्त मनस तक ही सम्भव है। स्वानुभूति तथा अधिमानस की व्याख्या मनोविज्ञान के द्वारा सम्भव नहीं है, क्योंकि स्वानुभूति जन्य ज्ञान पूर्णतया रहस्यात्मक होता है मनोवैज्ञानिक नहीं अपितु रहस्यतत्ववेत्ता ही इस अवस्था की व्याख्या कर सकता है। वस्तुतः इस अवस्था का सीधा सम्बन्ध परामनोवैज्ञानिक ज्ञान हो जाता है। वस्तुतः परामनोविज्ञान प्रदीप्तमनस की मानसिक अवस्थाओं के अध्ययन का प्रयास करता है।

श्री अरविन्द द्वारा स्वीकृत अधिमानसिक एवं अतिमानसिक अवस्था का जहाँ तक प्रश्न है, यह परामनोवैज्ञानिक ज्ञान से पृथक है, यद्यपि परामनोवैज्ञानिक अतिमानसिक ज्ञान के विश्लेषण का प्रयास करते हैं किन्तु यह प्रयास यथार्थतः सफल नहीं है, चूँकि मनस से अतिमानस तक चेतना के क्रमिक स्तर परस्पर एक दूसरे से सम्बन्धित होते हैं, क्योंकि मनस से अतिमानस तक पहुँचने की एक प्रक्रिया है। इसलिए परामनोवैज्ञानिक विश्लेषण के लिए चेतना के इन विभिन्न स्तरों की विवेचना आवश्यक है क्योंकि चेतना के स्तरों के विश्लेषण से ही आध्यात्मिक विकासवाद की व्याख्या सम्भव है।

जहाँ तक मनस का सम्बन्ध है मनस के सम्बन्ध में तो हमें यह ज्ञात है कि यह एक ऐसी चेतन शक्ति है जो अपने प्रदत्त विषयों का मूल्यांकन

* *एसोसिएट प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र एवं योग विभाग, नेहरु ग्राम भारतीय (मानित विश्वविद्यालय), प्रयागराज*

करती है तथा उनका अनेक अंशों में विश्लेषण करती है इसके अतिरिक्त मनस अपने प्रदत्त विषयों की सीमा का निर्धारण भी करता है। वस्तुतः मनस का मूल कार्य इकाईयों का उनके अवयवों को विश्लेषण करते हुए उनके स्वरूप को समझने का सार्थक प्रयत्न है। यह एक मनोविश्लेषणात्मक पद्धति है किन्तु इस विश्लेषणात्मक पद्धति के द्वारा किसी पूर्ण स्वरूप का ज्ञान नहीं मिल पाता। अतः मानस फिर विश्लेषित अंशों को संगठित करने का प्रयत्न करता है किन्तु यह मनस के स्वाभाविक विश्लेषणात्मक प्रवृत्ति से कुछ भिन्न कार्य है क्योंकि एकात्म की ओर होना तथा चेतना में संगठन की प्रवृत्ति एक उच्चत्तर क्रिया है जिसकी विवेचना एक प्रक्रिया के रूप में स्वीकार करते हुए श्री अरविन्द ने अपने विकासवाद में किया है।

श्री अरविन्द यह भी स्वीकार करते हैं कि विचार के माध्यम से जो सत्य प्राप्त होता है वह वस्तुतः सत्य नहीं अपितु सत्य की प्रतिनिधि प्रतिमा मात्र है जो प्रकाश रूप दृष्टि से मात्र सत्य है। श्री अरविन्द विकासवाद की विवेचना में अपनी पुस्तक 'दिव्य जीवन' में यह कहते हैं कि उच्चतर मनस की चेतना मानसिक चेतना से अधिक स्पष्ट है, क्योंकि इस प्रकार की चेतना में आध्यात्मिक एक रूपता को समझने का प्रयत्न होता है। प्रतीत्य मनस की चेतना और भी अधिक स्पष्टस्तर की होती है क्योंकि प्रदीप्त मनस अलौकिक प्रकाश से प्रकाशित हो जाता है।

आध्यात्मिक विकास की प्रक्रिया में श्री अरविन्द यह स्वीकार करते हैं कि उक्त दोनों ही स्तरों में व्यक्त मानसिक क्षमता की परिणति जिस स्तर में होती है वही ''स्वानुभूति'' है जिसे कि 'अन्तरदृष्टि' भी कहते हैं। चेतना के इस स्तर पर चेतना में एक ऐसी शक्ति आती है जो कि एकात्म के ज्ञान से अधिक निकट होती है, चूँकि यह ज्ञान का ऐसा प्रकाश है, जिसे मानव को यह चेतना अपने अन्दर विकसित करती है तथा जिससे वह चेतना की सम्पूर्णता की ओर बढ़ता है सम्पूर्णता की ओर अग्रसर होना ही यथार्थ विकास है। श्री अरविन्द इस क्रम में इस स्तर के आगे की चेतना के जिस स्तर को स्वीकार करते हैं उसे अधिमानस कहते हैं, यह अधिमानस ही अतिमानसिक चेतना का प्रतिनिधि है, क्योंकि इसी चैतन्य के पश्चात् ही अति चेतना की प्राप्ति सम्भव है। इसलिए

श्री अरविन्द अधिमानस को अधिचेतना के अत्यन्त नजदीक मानते हैं तथा मानवीय ज्ञान की यह अन्तिम अवस्था है जिसके आगे के स्तर को ही श्री अरविन्द ने अतिमानस का स्तर कहा है।

इस सन्दर्भ में यह भी प्रश्न स्वाभाविक है कि इस प्रकार की अवस्था में चूँकि ज्ञान दृष्टि प्रदीप्त नहीं हुई होती अतः बौद्धिक दबावों से मनस पूर्णतया मुक्त कैसे होगा? श्री अरविन्द यहाँ इस तथ्य को स्वीकार करते हैं कि उच्चतर विचार मनस की आवश्यकता नहीं है बल्कि उच्चतर विचार हेतु आध्यात्मिक प्रकाश की आवश्यकता है। वैचारिक प्रक्रिया में मनस अपने विषयों को अंशों के माध्यम से व्यक्त करता है फिर उसे आवश्यकता पड़ती है विषयों को प्रकाशित करने की। इसीलिए श्री अरविन्द विकास की विवेचना में उच्चतर मनस के बाद के स्तर को प्रदीप्त मनस कहते हैं। श्री अरविन्द कहते हैं कि प्रदीप्त मनस की क्रियाएँ विचार मूलक नहीं होती अपितु दृष्टि मूलक होती है।

श्री अरविन्द ने अतिमानस को मन के परिवर्तन के रूप में स्वीकार किया है जब मन लौकिकता से परे है, शुद्ध ज्ञान तथा एकता के स्तर में पहुँचता है तो वही अतिमनस है। मनस और अतिमानस के मध्य सभी स्तरों में अज्ञान का कुछ न कुछ अंश अवश्य रहता है यह अज्ञान सर्वाधिक मनस की ही अवस्था में होता है, क्योंकि मनस अतिमानस का अधो–पतन है। यह अज्ञान उत्तरोत्तर न्यून होता चला जाता है, तथा अतिमानसिक चेतना ही अज्ञान रहित चेतना है क्योंकि वह ज्ञान पूर्ण प्रकाश है इस लिए वहाँ अज्ञान का प्रश्न ही नहीं उपस्थित होता है। अतिमनस का आत्मा में अवतरण ही अतिमानसिक रूपान्तरण कहलाता है तथा रूपान्तरण की इस अवस्था में ज्ञान का पूर्ण प्रकाश स्वाभाविक है इसलिए इस अवस्था में लौकिक अज्ञान पूर्णरूपेण विलुप्त होकर पूर्ण प्रकाश के रूप में परिवर्तित हो जाता है।

अतिमानसिक ज्ञान श्री अरविन्द की दृष्टि से पूर्ण प्रकाश का ज्ञान है। इसलिए इस प्रकार की अवस्था का ज्ञान हमारे सामान्य ज्ञान की सीमा से बाहर है इसे ही कान्ट ने 'अज्ञेय' कहा है, अर्थात् इस अवस्था का ज्ञान प्रज्ञा के ज्ञान से परे है। यही कारण है कि मनोवैज्ञानिक तथा परामनोवैज्ञानिक इस प्रकार के ज्ञान की व्याख्या कर सकने में सक्षम नहीं है, क्योंकि इस प्रकार के

ज्ञान में प्रकाश का जो स्वरूप श्री अरविन्द के दर्शन में स्वीकृत है वह स्वरूप सामान्य मनस द्वारा ग्राह्य नहीं है। उस प्रकाश की व्याख्या परामनोविज्ञान द्वारा भी सम्भव नहीं है। इसीलिए अतिमानस की विवेचना पूर्णरूपेण दुर्लभ है।

आचार्य शंकर की दृष्टि में इसे ही 'अनिर्वचनीय' कहा गया है अर्थात् परम् ज्ञान विवेचन के परे है। गीता में स्थित प्रज्ञ के विवेचन में श्री कृष्ण ने कहा कि एषाब्राह्मी स्थितिःपार्थ'' अर्थात यह ब्राह्मी स्थिति ब्राह्म ज्ञान की अवस्था है। इसे प्राप्त करने के पश्चात मोह का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। श्री अरविन्द ने इसी कारण इसको अतिमानस कहा है। अतिमानस भी सम्पूर्ण मानसिक सीमाओं से परे है। इसलिए परामनोविज्ञानजन्य ज्ञान के द्वारा इसकी व्याख्या सम्भव नहीं हो पाती।

श्री अरविन्द ने सम्पूर्ण सृष्टि को उच्चतर एवं निम्नतर नामक दो गोलार्द्धों में विभक्त किया है निम्नतर गोलार्द्ध में भौतिक, जैविक एवं मानसिक स्तर को स्वीकार किया गया है जबकि उच्चतर गोलार्द्ध में सत्, चित्, आनन्द को स्वीकार किया गया है। अतिमानस सत्ता की दृष्टि से सच्चिदानन्द का चूँकि गौण अवस्थान है इसलिए अवस्था की दृष्टि से यह सच्चिदानन्द के नीचे तथा मानस के ऊपर है। इस व्याख्या से यह प्रमाणित होता है कि अतिमानस एक मध्यवर्ती तत्व है। मध्यवर्ती होते हुए भी इस अवस्था में सच्चिदानन्द की अविभाज्य एकता प्रतिबिम्बित होती रहती है। इस प्रतिबिम्ब के ही कारण श्री अरविन्द ने अतिमानस को सच्चिदानन्द का आत्म विस्तार कहा है। यह विशाल आत्म विस्तार इतना विस्तृत है कि इसे सीमाओं में आबद्ध नहीं किया जा सकता और न तो सीमित बौद्धिकता के द्वारा इसकी विवेचना ही सम्भव है। यही कारण है कि अतिमानसिक ज्ञान परामनोवैज्ञानिक विवेचना से परे है।

श्री अरविन्द के अनुसार सच्चिदानन्द सृजनात्मक पक्ष है, सच्चिदानन्द यद्यपि स्वयं विश्वितीत है किन्तु अतिमानस के माध्यम से वह विश्व के सम्पर्क में आकर विश्वव्यापी बन जाता है अपने विश्वव्यापी स्वरूप में अतिमानस परामनोवैज्ञानिक का विषय बन सकता है किन्तु जब श्री अरविन्द अतिमानस को सच्चिदानन्द का गौण अवस्था कहते है तो इस अवस्था में यह गौण अवस्था स्वरूप परामनोविज्ञान की सीमाओं में आबद्ध नहीं होता। अतिमानस के ही स्तर

पर एकत्व का अनेकत्व में विस्तार हो जाता है, किन्तु इस विशाल आत्मविस्तार की अवस्था में सच्चिदानन्द का एकत्व अथवा अद्वैत रूप समाप्त नहीं होता है। विशाल आत्म विस्तार में भी वह एक ही बना रहता है, अनेक नहीं हो पाता। यही सच्चिदानन्द का विश्वातीत रूप है। सच्चिदानन्द के इस विश्वातीत रूप का हमें मानसिक रूप से ज्ञान नहीं हो पाता इसलिए आचार्य शंकर ने इसे अनिर्वचनीयता के रूप में प्रमाणित किया, क्योंकि यह रूप हमारी बौद्धिक सीमा के परे है। यही कारण है कि इस रूप का मनोवैज्ञानिक अथवा परामनोवैज्ञानिक विवेचन नहीं हो पाता है।

जिसे गीता में स्थितप्रज्ञ कहा गया है उसे ही श्री अरविन्द मानवीय आदर्श के रूप में प्रज्ञान पुरूष कहते हैं। प्रज्ञान पुरूष का सम्बन्ध सामान्य जीवन से नहीं अपितु दिव्य जीवन से है। भारतीय दर्शन में जीवनमुक्त बोधिसत्व की धारणा भी स्थित प्रज्ञ अथवा प्रज्ञान पुरूष की धारणा से साम्य रखती है। यह धारणा ही यह प्रमाणित करती है कि वर्तमान मानव की उच्चतर अवस्था भी सम्भव है जिसे श्री अरविन्द ने 'अवश्यम्भावी' कहा है। असीमित एवं असाधारण ज्ञान से युक्त पुरूष को ही श्री अरविन्द ने प्रज्ञान पुरूष कहा है। यह प्रज्ञान पुरूष जीवनमुक्त से समानता रखते हुए भी उससे कई अर्थों में भिन्न है जीवनमुक्त जहाँ एक मुक्ति की धारणा पर आधारित है वही प्रज्ञान पुरूष की धारणा सर्वमुक्ति के सिद्धान्त पर आधारित है। चूँकि श्री अरविन्द मानसिक ज्ञान के अतिमानसिक रूपान्तरण के परिणाम को ही प्रज्ञान पुरूष की उत्पत्ति मानते हैं तथा सैद्धांतिक दृष्टि से यह स्वीकार करते हैं कि अतिमानसिक चेतना के अवतरण से ही प्रज्ञान पुरूष का निर्माण होता है। यदि प्रज्ञान पुरूष अतिमानस के अवतरण का परिणाम है तो प्रज्ञान पुरूष की यह अवस्था परामनोवैज्ञानिक ज्ञान से परे है।

स्थित प्रज्ञ के आचरण की भी विवेचना गीता में की गई है। "वशे हि यस्येन्द्रियाणि तस्य प्रज्ञ प्रतिष्ठिता अर्थात जिसकी इन्द्रियाँ उसके पूर्ण वश में हो वही स्थितप्रज्ञ होता है।, जिस प्रकार कछुआ अपने समस्त अंगों को अन्तर्मुखी कर लेते हुए पूर्णतया बाह्य प्रभाव रहित हो जाता है उसी प्रकार स्थित प्रज्ञ की बाह्य प्रभाव रहित होता है। यहाँ विचारणीय प्रश्न यह है कि यह स्थितप्रज्ञ बाह्य आसक्ति रहित

हैं तो उसके आचरण की विवेचना परामनोविज्ञान द्वारा सम्भव नहीं है? श्री अरविन्द प्रज्ञान पुरूषों के आचरण और व्यक्तित्व की भी चर्चा करते हैं इनके अनुसार ''प्रज्ञानपुरुष' व्यक्तित्व पूर्ण होगें परन्तु उनका व्यक्तित्व निजी सीमा का अतिक्रमण कर व्यापक होगा। व्यक्तित्व तो अन्य लोगों के समान होगा परन्तु उसकी सीमाएं व्यापक होगी, प्रज्ञान पुरूष पूर्णतया अहंकार रहित होगें तथा उनके आचरण में 'मैं' और 'मेरा' का भाव नहीं होगा। वस्तुतः व्यक्ति का अहंकार ही व्यक्ति को व्यक्तिगत बना देता है। इसलिए जब व्यक्ति अहंकार पर विजय प्राप्त कर लेता है तो उसका आचरण सर्वहित या लोकहित में होगा। इस प्रकार के लोग शरीर के लिए नहीं वरन आत्मोसर्ग के लिए कार्य करेंगे। इसलिए श्री अरविन्द ने यह स्वीकार किया है कि प्रज्ञान पुरूष का शरीर भौतिक नहीं आध्यात्मिक नियमों से परिचालित होता है।

स्थितप्रज्ञ का दृष्टिकोण समष्टिगत होता है जिसकी दृष्टि में शरीर नहीं आत्मा है यह आत्मोन्नति के लिए ही आचरण करता है। आत्मोन्नति के लिए किया गया आचरण समष्टिगत आचरण होता है यही कारण है कि स्थितप्रज्ञ के आचरण में पूर्ण आत्मज्ञान की अभिव्यक्ति होगी। आत्मज्ञान की इस अवस्था में वह सम्पूर्ण में अपनी पूर्ण अभिव्यक्ति का दर्शन करता है। इसे श्री अरविन्द ने प्रज्ञान पुरूषों का सार्वभौम आचरण कहा है।

श्री अरविन्द ने जिस अतिमानसिक मानव को प्रज्ञान पुरूष की संज्ञा दी है, उस प्रज्ञान पुरूष के स्वभाव का जब हम परामनोवैज्ञानिक विश्लेषण का प्रयास करते हैं अथवा परामनोवैज्ञानिक अनुभूतियों के अनुरूप प्रज्ञान पुरुष के स्वभाव की व्याख्या का प्रयास करते हैं तो प्रज्ञान पुरूषों के रहस्य ग्रन्थि को हम खोल पाते।

श्री अरविन्द की व्याख्या के अनुसार प्रज्ञान पुरूष की दिव्यचेतना ही अनन्त है, ऐसी चेतना का प्रकाश वस्तुतः पूर्णता का प्रकाश है। यह प्रकाश इतना पूर्ण है कि मानसिक प्रकाश उसी में विलीन हो जाता है, उसका ज्ञान नहीं प्राप्त कर पाता है। श्री रामकृष्ण परमहंस ने एक उदाहरण के द्वारा इसकी व्याख्या करते हुए कहा कि नमक का पुतला सागर की गहराई नापने का जब प्रयास करता है तो बीच में ही गलकर समुद्र के नमकीन पानी में मिल जाता

है गहराई न जान पाता है और न बता पाता है।'' इससे अतिमानसिक चेतना के पूर्णत्व स्वरूप का बोध हो जाता है। उसकी विशालता एवं असीमता भी प्रमाणित हो जाती है। चेतना के इस अनन्त स्वरूप की बौद्धिक विवेचना किसी भी रूप में सम्भव नहीं हो पाती, इस अवस्था में मानव में न तो अज्ञान होगा और न तो अपूर्णता। इसी अपूर्णता के अभाव में ही वहां जीवन होते हुए भी दिव्य होगा चूँकि प्रज्ञान पुरूष सर्वभूतों से एकात्मकता का बोध करता है। इसी एकात्मकता बोध के कारण प्रज्ञान पुरूष की चेतना सामान्य चेतना से भिन्न एवं व्यापक है। इतना व्यापक है कि सामान्य बुद्धि की सीमा से बाहर है। श्री अरविन्द इसीलिए प्रज्ञान पुरूष को 'सदेह देव' कहते हैं। स्थित प्रज्ञ का ज्ञान वस्तुतः प्रज्ञा जन्य ज्ञान है, क्योंकि काण्ट ने प्रज्ञाजन्य ज्ञान को अनुभवात्मक एवं बौद्धिक विकल्प का समन्वय ही कहा है उसके प्रज्ञा के बाद के ज्ञान को अज्ञेय कहा है। यद्यपि गीता में स्थित प्रज्ञ के स्वरूप की पूर्ण विवेचना गीता के अध्याय दो में की है किन्तु यह विवेचना युगावतार श्री कृष्ण द्वारा ही सम्भव है, सामान्य वैज्ञानिक द्वारा नहीं। यदि अतिमानसिक ज्ञान का अर्थ वह ज्ञान है जो मानसिक ज्ञान से भिन्न हो तथा उससे उच्चकोटि का हो तो ऐसी दशा में मानस से ऊर्ध्व समस्त ज्ञान व्यापक रूप से अतिमानसिक कहे जा सकते हैं, तथा उच्चतरमनस, प्रदीप्त मनस, स्वानुभूति तथा अधिमानस ये सभी उसी अर्थ में अतिमानसिक ज्ञान के न्यूनाधिक विकसित रूप है। उच्चतर ज्ञान के इन समस्त सोपानों में मानस का प्रभाव अवश्य रहता है। मानस का नाश केवल अतिमानस के ही स्तर पर होता है क्योंकि अतिमानसिक स्तर ही चेतना का पूर्ण प्रकाश है।

स्थितप्रज्ञ के जिस स्वरूप को श्री कृष्ण ने प्रमाणित किया है वह स्वरूप पूर्णतया अतिचेतना का स्वरूप है, जिसे कि पूर्णतया रहस्यात्मक कहा जा सकता है। श्री अरविन्द का अतिमानसिक ज्ञान का सिद्धान्त भी पूर्णतया रहस्यात्मक है। अतिमानसिक ज्ञान वस्तुतः अतिचेतना है इसलिए इस अतिचेतना की व्याख्या को रहस्यवादी व्याख्या ही कहा जा सकता है, इतना ही नहीं अपितु यह रहस्य भी अपने आप में एक ऐसा रहस्य है जिसकी व्याख्या श्री कृष्ण या श्री अरविन्द ही कर सकते हैं। इस अर्थ में यह प्रमाणित होता है कि

अतिमानसिक ज्ञान वैज्ञानिक विधिक ज्ञान से भिन्न है तथा मनोविज्ञान या परामनोविज्ञान के अनुसंधान से परे है। स्थितप्रज्ञ की चेतना दिव्य चेतना है। यह दिव्य चेतना निर्विकल्प अनुभूति का परिणाम है। जिस अनुभूति में समस्त अनेकत्व एकत्व के रूप में प्रतीत होता है, यह एकत्व परामनोविज्ञान की सीमा से परे है।

श्री अरविन्द भी जिस अतिचेतना को प्रज्ञान पुरूष के लिए आवश्यक मानते हैं वह अतिचेतना अपने आप में एक अविभाज्य एकता है तथा मानस के द्वारा उस अविभाज्य एकता की व्याख्या सम्भव नहीं है, चूँकि परामनोविज्ञान का सम्बन्ध बौद्धिकता से है अतः परामनोविज्ञान के द्वारा उस अविभाज्य एकता की व्याख्या सम्भव नहीं है।

सन्दर्भ

1. *बसन्त कुमार लाल, समकालीन भारतीय दर्शन, मोतीलाल बनारसी दास, वाराणसी, पृ0 246, 240*
2. *Sri Aurobindo, The Life Divine, Sri Aurobindo Ashram Press, Puduchery*
3. *अनिलवरण राय, दि अरविन्द एण्ड न्यूजएज*
4. *गीता अध्याय 2– श्लोक – 50, 56*
5. *हृदयनारायण मिश्र, भारतीय दर्शन की समस्यायें, पृ0 212*
6. *श्री अरविन्द, दी लाइफ डिवाइन पृ0 864*
7. *डा0 भट्टाचार्य, श्री अरविन्द दर्शन, पृ0 192*
8. *श्रीमद् भगवद्गीता, अध्याय 2, श्लोक 70 (शांकरभाष्य)*
9. *वी0के0 लाल, सम0 भारतीय दर्शन, पृ0 260*

मङ्गलम् - वर्ष 15(01) भाग-XXVIII फरवरी 2024
ISSN-0976-8149 पृ. 111-116

दीनदयाल उपाध्याय के आर्थिक चिंतन की प्रासंगिकता

*डॉ० बृजेश स्वरूप सोनकर**

शोध सारांश

पं० दीनदयाल उपाध्याय ने आर्थिक विषयो के सन्दर्भ में बहुत ही गहन, क्रमबद्ध एवं गवेषणात्मक साहित्य का सृजन किया, परन्तु उनके 'एकात्मक मानववाद' व 'अन्त्योदय' पर जितनी चर्चा होती है उतनी उनके आर्थिक चिंतन पर चर्चा नहीं हुई। उन्होंने 'पूंजीवाद', 'समाजवाद', 'आर्थिक लोकतंत्र', 'कृषि' तथा 'औद्योगीकरण' पर विस्तार से चर्चा की है।

पं० दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन की धारा विशुद्ध भारतीय थी। राष्ट्र भक्ति उनकी रग–रग में व्याप्त थी, इसलिए भारत राष्ट्र के उत्थान के लिए उनके द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती पर बल दिया गया। दीनदयाल का आर्थिक चिंतन विश्व में प्रचलित पूंजीवादी एवं समाजवादी विचारधाराओं से भिन्न दिखाई पड़ता है। उनका मत था कि पूंजीवादी एवं समाजवादी पद्धतियां भारतीय परिप्रेक्ष्य में सफल नहीं हो सकतीं। भारत की आर्थिक समस्याओं का समाधान भारतीय पद्धति से ही संभव है। इसके लिए पश्चिमी अर्थव्यवस्था की नकल उचित नहीं है। भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अर्थव्यवस्था को ऐसा नहीं बनाया जाना चाहिए कि उसमें मूल्यों को कोई स्थान न मिले। वास्तव में, वे भारत के आर्थिक विकास के साथ ही साथ उसके संपूर्ण व्यक्तित्व को विकसित देखना चाहते थे।

अर्थव्यवस्था के लोकतंत्रीकरण का प्रतिपादन करने के कारण ही उन्होंने पूंजीवादी एवं समाजवादी अर्थव्यवस्था का समर्थन नहीं किया क्योंकि उनके अनुसार यह दोनों अर्थव्यवस्था केंद्रीकृत हैं, इसलिए ये लोकतंत्र विरोधी हैं। आर्थिक प्रजातंत्र का समर्थन करते हुए उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उसकी योग्यतानुसार कार्य करने के अवसर दिये जाने का समर्थन किया है। उन्होंने लिखा है कि "प्रत्येक को वोट जैसे राजनीतिक प्रजातंत्र का निष्कर्ष है

* *असिस्टेन्ट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, कर्मक्षेत्र महाविद्यालय, इटावा (उ०प्र०)*

वैसे ही प्रत्येक को काम यह आर्थिक प्रजातंत्र का मापदण्ड है।''[1]

दीनदयाल जी चाहते थे कि आर्थिक कार्यक्रम सदैव प्रजातंत्र का संरक्षक एवं पोषक हो। दीनदयाल उस अर्थव्यवस्था को लोकतंत्र का विरोधी मानते थे जो व्यक्ति के उत्पादन की स्वतंत्रता एवं सृजनशीलता पर आघात करती है। इसलिये यह आवश्यक है कि उत्पादन करने वाला मजदूर या कर्मचारी स्वयं भी उत्पादन व्यवस्था का समर्थक एवं स्वामी बने। यदि वह ऐसा नहीं कर पाता तो वह अपनी ही स्वतंत्रता को बेचता है जो आर्थिक लोकतंत्र की धारणा के विपरीत होगा। दीनदयाल ने आर्थिक स्वतंत्रता एवं राजनीतिक स्वतंत्रता को परस्पर अन्योन्याश्रित माना है। ''प्रतिनिधियों का निर्वाचन जितना निष्पक्ष एवं स्वतंत्रता से हो सकेगा उतना ही अधिक वे प्रजातंत्र को सार्थक कर सकेंगें। चूंकि मनुष्य का कोई भी निर्णय एकांगी नहीं होता, इसलिए इस स्वतंत्रता के लिए आवश्यक है कि वह आर्थिक दृष्टि से भी स्वतंत्र हो। जो अर्थ की दृष्टि से स्वतंत्र है वही राजनीतिक दृष्टि से अपना मत स्वतंत्रतापूर्वक अभिव्यक्त कर सकेगा। (अर्थस्य पुरुषो दासः)। अतः अर्थ की स्वतंत्रता आवश्यक है।''[2]

दीनदयाल ने उत्पादन एवं उपभोग की स्वतंत्रता में उत्पादन की स्वतंत्रता को ही सबसे प्रमुख माना है क्योंकि उत्पादन करके ही मनुष्य उपभोग की पात्रता प्राप्त करता है। सामूहिक उत्पादन में सहभागी बनकर ही व्यक्ति अपने उपभोग की क्षमता सिद्ध करता है और राष्ट्र को अपना योगदान देता है किंतु यह स्वतंत्रता अमर्यादित नहीं है। उनका कहना था कि यदि एक व्यक्ति अपने उत्पादन की स्वतंत्रता का प्रयोग करता है और उससे दूसरे की स्वतंत्रता में बाधा पहुंचती है तो वह स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती है।

मनुष्य की उत्पादन की स्वतंत्रता पर सबसे बड़ा प्रहार पूंजीवादी औद्योगीकरण ने किया है। इस पूंजीवादी औद्योगीकरण के प्रहार से मानव की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए दीनदयाल ने औद्योगीकरण के नियमन की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे लघु एवं कुटीर उद्योगों को किसी प्रकार की बाधा न पहुंचे। दीनदयाल ने लिखा है – ''आज जब हम सर्वांगीण विकास का विचार करते हैं तो संरक्षण की आवश्यकता को स्वीकार करके चलते हैं।

यह संरक्षण देश के उद्योगों को विदेशी उद्योगों की प्रतिस्पर्धा से तथा देश के छोटे उद्योगों को बड़े उद्योगों से देना होगा।''[3] दीनदयाल ने भारत के परिप्रेक्ष्य में बड़े उद्योगों के स्थान पर छोटे एवं लघु उद्योगों की स्थापना तथा उनमें लगे कारीगरों के विकास की आवश्यकता का प्रतिपादन किया है। उनका यह दृढ़ विश्वास था कि देश के सामान्य शिल्पी एवं कारीगर की उपेक्षा करने वाला औद्योगीकरण अलोकतांत्रिक है। उनका विचार था कि पश्चिमी ढंग की उत्पादन प्रणाली कुछ लोगों को काम अवश्य दे सकती है किंतु वह देश को गतिशीलता प्रदान नहीं कर सकती जिससे संपूर्ण समाज एवं अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन हो सके।

दीनदयाल ने अर्थव्यवस्था के नाम पर मानवीय मूल्यों की उपेक्षा एवं सामाजिक जीवन में विषमता को कभी भी स्वीकार नहीं किया। भारत के उद्योगपतियों द्वारा पश्चिम की नकल पर उद्योगों की स्थापना को अनुचित बताते हुए ग्रामोन्मुख लघु एवं कुटीर उद्योगों वाली विकेंद्रित अर्थव्यवस्था को अपनाने का उन्होंने समर्थन किया।

दीनदयाल ने केवल उद्योगों में ही विकेंद्रीकरण का समर्थन नहीं किया बल्कि कृषि क्षेत्र में भी विकेंद्रीकरण लाने का सुझाव दिया। उनका विचार था कि भारत में कृषि कार्य वर्ष भर नहीं होता। अतः गांव–गांव में उद्योग धंधे खोलकर कृषकों को पूरे समय काम दिलाया जाना चाहिए। वे पाश्चात्य अर्थशास्त्रियों तथा उनके समर्थक भारतीय विद्वानों के इस मत से सहमत नहीं थे कि देश की आर्थिक प्रगति एवं औद्योगिक विकास के लिए किसानों से उनकी उपज अधिक दामों पर नहीं खरीदना चाहिए। वास्तव में, दीनदयाल किसानों के जीवन स्तर की कीमत पर औद्योगिक विकास के पक्षधर नहीं थे। उनके अनुसार कृषि मूल्य कृषकों के हित में लागत मूल्य तथा कृषकों द्वारा किए गये श्रम के आधार पर निर्धारित होना चाहिए जिससे उनकी क्रय शक्ति बढ़ सके। कृषि सुधार हेतु वे आधुनिक मशीनों के बजाय परंपरागत विधियों को ही उन्नत करने के पक्ष में थे। दीनदयाल जी पुरातन प्रविधि और नई तकनीक के बीच एक सहज सेतु के समर्थक थे। उनका मत था कि भारत को अन्य देशों का अंधानुकरण नहीं करना चाहिए। दीनदयाल जी का विचार था

"इन बातों पर विचार करते समय हमारे देश की स्थिति तथा पश्चिमी देशों को इन उन्नत तकनीकों के बारे में प्राप्त मूल अनुभव का भी हमें ठीक ढंग से विचार करना चाहिए। विज्ञान के लाभ भारतीय किसान तक अवश्य पहुंचने चाहिए, किंतु साथ ही उन प्रयोगों के क्या दूरगामी परिणाम होंगे इसका भी अध्ययन करना चाहिए।"[4] उनका मत था कि कृषि पदार्थों की बिक्री तथा भण्डारण के लिए गांव–गांव व्यवस्था होनी चाहिए ताकि किसान को अतिरिक्त व्यय न करना पड़े। कृषि क्षेत्र में उनका सबसे महत्वपूर्ण सुझाव यह था कि सरकार को कृषि पैदावार की खरीद एक निश्चित समय पर ही नहीं, अपितु प्रत्येक समय करने को तैयार रहना चाहिए। इस प्रकार यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि दीनदयाल केवल उद्योगों का ही नहीं बल्कि कृषि को लाभकारी एवं विकेंद्रित करने का समर्थन करते थे।

दीनदयाल उपाध्याय सहकारी खेती के विरोधी थे। सहकारी खेती की कल्पना खेतिहर किसानों को भूमि से वंचित करने वाली है। कृषि स्वामित्व के आधार पर बनी व्यवस्था प्रजातांत्रिक सिद्धान्तों के अनुकूल है तथा आर्थिक दृ ष्टि से फलदायी रही है। सहकारी खेती से किसान केवल खेतिहर मजदूर बनकर रह जायेगा, उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और प्रेरणा नष्ट हो जायेगी और अधिनायक वादी प्रवृत्तियों को बल मिलेगा।[5] इस प्रकार दीनदयाल उपाध्याय निजी स्वामित्व पर आधारित भूमि व्यवस्था के पक्षधर हैं, परन्तु अधिकतम जोत की सीमा के निर्धारण की आवश्यकता को स्वीकार करते हैं। वे यह मानते हैं कि किसान के स्वामित्व के आधार पर खेती का पुनर्नियोजन विचार ही व्यवहारिक और हमारे मानसिक रचना के अनुकूल है। जापान और अन्य देशों में इससे सर्वाधिक अच्छा परिणाम निकला है।

1953 में अपनी अर्थनीति की घोषणा करते हुए दीनदयाल उपाध्याय ने अधिकतम व न्यूनतम का अनुपात 20:1 होना चाहिये तथा यह सुझाव दिया था कि अर्थनीति इस प्रकार संचालित की जाय कि धीरे–धीरे यह अनुपात 10:1 हो जाय। वे विकेन्द्रित अर्थव्यवस्था के पक्षधर थे क्योंकि इससे प्रत्येक व्यक्ति को काम मिलेगा। उनके शब्दों में "योजना बनाने के पहले हमें प्रत्येक व्यक्ति को काम के सिद्धान्त को मान्यता देनी पड़ेगी। यदि इसे मान लिया जाये तो

योजनाओं की दिशा एवं स्वरूप बदल जायेंगे, भले ही बेकारी धीरे–धीरे दूर हो। इस विचार से हम उत्पादन व साधनों का निश्चय करें। यदि ज्यादा आदमियों का उपयोग करने वाले छोटे बड़े कुटीर उद्योग अपनाए गये तो कम पूंजी तथा मशीनों की आवश्यकता पड़ेगी। नौकरशाही का बोझ कम होगा तथा विदेशी ऋण नहीं लेना पड़ेगा। देश की सच्ची प्रगति होगी तथा प्रजातंत्र की नींव पक्की हो जायेगी।''[6]

दीनदयाल उपाध्याय का मत था कि लोकतंत्र केवल राजनीतिक आयाम नहीं है। प्रत्येक को वोट जैसे राजनीतिक प्रजातंत्र का निष्कर्ष है वैसे ही प्रत्येक को काम आर्थिक प्रजातंत्र का मापदंड है। आर्थिक स्वतंत्रता तथा राजनीतिक स्वतंत्रता एक दूसरे पर निर्भर है। राजनीतिक प्रजातंत्र आर्थिक प्रजातंत्र के बिना नहीं चल सकता। जो अर्थ की दृष्टि से स्वतंत्र है वही राजनीतिक दृष्टि से अपना मत स्वतंत्रता पूर्वक अभिव्यक्त कर सकेगा।

इस प्रकार दीनदयाल उपाध्याय के आर्थिक चिंतन से यह प्रतीत होता है कि उनका संपूर्ण आर्थिक विचार समग्र मानवता के हित साधन के सिद्धांत पर आधारित है। जिस प्रकार उन्होंने भारतीय संस्कृति के अनुरूप विकेंद्रित अर्थव्यवस्था का प्रतिपादन किया उससे स्पष्ट परिलक्षित होता है कि उनका आर्थिक विचार पूंजीवाद से दूर मानव–प्रधान एवं समाजपरक है। वर्तमान समय में पूंजीवादी नीतियों का ही परिणाम है कि बड़े एवं भारी उद्योगों की स्थापना देश में तीव्र गति से हो रही है, जिससे रोजगार कुछ निश्चित स्थानों पर ही केंद्रित होते जा रहे हैं। सरकार द्वारा पश्चिम की उदारवादी अर्थव्यवस्था की नकल के कारण ही भारत में बेकारी, भुखमरी तथा आर्थिक मंदी की समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं। यदि हम दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित आर्थिक नीतियों का अनुसरण करें तो इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि वर्तमान उदारीकरण के युग में भी हम भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप आर्थिक ढांचा खड़ा करके संपूर्ण राष्ट्र को प्रगति की ओर अग्रसर कर सकते हैं। परंतु विडम्बना यह है कि देश में जिस तेजी से आर्थिक शक्ति के केन्द्रीकरण की प्रवृत्ति बढ़ी है तथा देश तेजी से उसी दिशा में जा रहा है, उससे लगता है कि दीनदयाल उपाध्याय के आर्थिक चिंतन को उदारीकरण के दौर मे

व्यवहारिक रूप से लागू करना संभव नहीं हो पा रहा है। यहां तक कि दीनदयाल उपाध्याय को अपना प्रेरणा स्रोत मानने वाली सरकारें भी उनके आर्थिक विचारो पर अमल करने के लिये तैयार नही है। परंतु हमे यह याद रखना चाहिए कि इस देश की आर्थिक समस्यायों, गरीबी तथा बेरोजगारी का समाधान दीनदयाल उपाध्याय के बताए रास्ते पर ही चलकर किया सकता है।

सन्दर्भ

1. *दीनदयाल उपाध्याय, भारतीय अर्थनीति, विकास की दिशा, लोकहित प्रकाशन, लखनऊ, 1998, पृष्ठ–29*
2. *दीनदयाल उपाध्याय, उक्त पुस्तक, पृष्ठ–28*
3. *दीनदयाल उपाध्याय, उक्त पुस्तक, पृष्ठ–71*
4. *शरद अनंत कुलकर्णी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय विचार दर्शन, खंड–4, खेती और स्वावलंबन, सुरुचि प्रकाशन, नई दिल्ली, 1991, पृष्ठ–55*
5. *दीनदयाल उपाध्याय, सहकारी खेती और जनसंघ, पांचजन्य (साप्ताहिक) 26 जनवरी 1959, पृष्ठ–27*
6. *दीनदयाल उपाध्याय, विकेन्द्रित अर्थव्यवस्था, पांचजन्य (साप्ताहिक) 30 मार्च 1960, पृष्ठ–08–14*

मङ्गलम् - वर्ष 15(01) भाग-XXVIII फरवरी 2024
ISSN-0976-8149 पृ.117-121

महिला सशक्तिकरण में डिजिटल सशक्तिकरण की भूमिका

*डॉ० मोनिका सहाय**

शोध सारांश

महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं के दृष्टिकोण को स्वीकार करना उनकी क्षमताओं के अनुसार उनका विकास होना शिक्षा जागरूकता साक्षरता और प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं की स्थिति को ऊपर उठाना सम्मिलित है। खाद और कृषि संगठन के अनुसार महिला सशक्तिकरण को बढ़ाना महिलाओं की भलाई के लिए आवश्यक है और इसका कृषि उत्पादन खाद्य सुरक्षा आहार और बाल पोषण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है महिला सशक्तिकरण आज के युग में बहुत आवश्यक है यदि हम चाहते हैं कि हमारी आधी आबादी भी विकसित हो महिला सशक्तिकरण के द्वारा महिलाएं अपने कानूनी अधिकारों के बारे में सचेत हो पाती है जिससे वह किसी भी समस्या का डटकर मुकाबला कर पाती है।

आज का युग डिजिटल युग है जो समय के साथ अपने को परिवर्तित कर लेता है वही आगे बढ़ता है डिजिटलीकरण के द्वारा महिलाएं अपनी स्थिति को बेहतर बना सकती हैं आजकल स्मार्टफोन की उपलब्धता अति सरल हो गई है एवं हर वर्ग का व्यक्ति इससे लाभान्वित है महिलाएं भी इसका प्रयोग कर रही है पर जो नही जागरूक है उन्हें भी जागरूक करना आवश्यक है।

सोशल मीडिया पर के निर्माण प्रसार और उपयोग के माध्यम से इंटरनेट अक्सर महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का एक स्रोत है महिलाओं ने ऑनलाइन सक्रियता के लिए फेसबुक ट्विटर जैसी सोशल नेटवर्किंग साइटों का प्रयोग करना शुरू कर दिया है वह ऑनलाइन सक्रियता के माध्यम से वे किसी भी प्रकार की राय लोगों से ले सकती हैं किसी भी परेशानी में उससे संबंधित सुझाव प्रशिक्षण से ले सकती हैं कानून से संबंधित जानकारी ले सकती हैं साथ ही उन्हें नौकरी चाहिए या उससे जुड़े सुझाव चाहिए तो भी वे बिना अपनी पहचान दिए पूरी जानकारी हासिल कर सकती है।

---

* *सहायक प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग, एस.एन. सेन बी.वी.पी.जी. कॉलेज, कानपुर*

ई–लर्निंग के द्वारा महिलाएं घर बैठे पढ़ाई कर सकती हैं वे या फिर ऐसे कौशल सीख सकती हैं जो उन्हें अपने करियर में आगे बढ़ाने में मदद कर सकती है ब्लॉगिंग एक अच्छा माध्यम है महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का विवाह के बाद अक्सर महिलाओं की जिंदगी में मक में कई बड़े बदलाव आते हैं कुछ को अपनी नौकरी तक छोड़नी पड़ती है क्योंकि उन्हें बच्चे और घर की जिम्मेदारी लेनी होती है लेकिन आज के डिजिटल युग के दौर में वे अपने कौशल से संबंधित ऑनलाइन अपने ब्लॉग के जरिए लोगों तक पहुंच सकती हैं एवं 1 लाख सब्सक्राइबर होने पर घर बैठे पैसे भी कमा सकती हैं आजकल सिर्फ शहर की ही नहीं गांव की महिलाएं भी ब्लॉग बनाकर या यूट्यूब में वीडियो डालकर आत्मनिर्भर हो रही है इससे उनकी बोरियत भी दूर होती है साथ ही आत्म संतुष्टि भी मिलती है कई महिलाओं का खोया हुआ आत्मविश्वास भी वापस आ जाता है।

भारत में कई प्रयास महिलाओं के डिजिटल ज्ञान को बढ़ाने के लिए किया जा रहे हैं भारत में विश्व बैंक के वित्त पोषण से स्वनियोजित महिला स्वनियोजित महिला संघ सेवा से ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल तकनीक में प्रशिक्षित किया यह महिलाएं गुजरात के आ आ आनंद जिले में रहतीद जिले में रहती थी।

कोविड–19 महामारी के दौरान इसी परियोजना ने महिला कारीगरों के जीवन में वयेधान नहीं उत्पन्न होने दिया प्रशिक्षण से महिला कार्यक्रम को जहां फेसबुक और इंस्टाग्राम के माध्यम से अपने ग्राहक बढ़ाने में मदद मिली वहीं अधिकतर महिलाओं ने माहमारी के दौरान ऑनलाइन लेनदेन भी सीख लिया वे अब पेटीएम भीम अप और गूगल पे के माध्यम से डिजिटल भुगतान भी कर लेती है गुजरात के कच्छ जिले की जयश्री ने अपने मोबाइल फोन के जरिए घर के सभी बिलों का भुगतान ऑनलाइन करना सीख लिया इससे न ही उनका समय की बचत होती है साथी वह घरेलू सजावट के समान बनाने के लिए मैं विचारों को सिखाती हैं जिससे उनकी आमदनी भी बड़ी है महिला सुरक्षा एवं डिजिटाइजेशन सरकार के द्वारा कुछ अप बनाए गए हैं जिनको डाउनलोड करने से महिलाएं सुरक्षित रह सकती है सेफ्टी पिन अप के द्वारा

यदि किसी तरह की सुरक्षा महसूस होती है तो उनमें एक पैनिक अटैक का बटन है जिसे दबाना होता है व्यक्ति को एक इमरजेंसी कांटेक्ट नंबर की लिस्ट पहले से बनानी होती है जिसे मुश्किल समय में कॉल किया जा सके पैनिक अटैक का बटन दबाते ही महिला की लोकेशन साछा की जाती है उसके इमरजेंसी कांटेक्ट लिस्ट से एक साथ ही उनके पास मैसेज भी चला जाता है कि वह खतरे में है रक्षा वूमेन सेफ्टी अप है वॉल्यूम बटन दबाने से लोकेशन शेयर हो जाती है। इसी प्रकार वूमेन सेफ्टी ऐप, स्मार्ट 247, सेक टू सेफ्टी ऐप ऐसे आप हैं जो महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं इनकी खासियत है कि यह बिना नेटवर्क के भी चलते हैं बी सेफ ऐप, आई वॉच`वे फॉर वूमेन के द्वारा परिस्थिति का वीडियो बन जाता है और शेर हो जाता है साथ ही एक चिल्ला ऐप है जिसमें यदि महिला चिल्लाती है तो उसका लोकेशन तुरंत शेयर हो जाता है इसी तरह से बहुत सारे नंबर है वेबसाइट है जिनकी जानकारी होने से हम मोबाइल के द्वारा भी पुलिस की मदद ले सकते हैं जैसे 100 नंबर एवं 112 नंबर।

साइबर सुरक्षा एवं महिलाएं कई फोन कॉल या वेबसाइट के द्वारा हम फ्रॉड में भी फंस सकते हैं जिससे आर्थिक रूप से महिलाओं का काफी नुकसान हो जाता है इसीलिए महिलाओं को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि वह कभी कोई मैसेज यदि आए जिसमें लिखा होता है कि उन्हें किसी प्रकार का पुरस्कार मिला है किसी प्रकार के पैसे का फायदा हुआ है है तो जो लिंक दी जाती है उसे बिल्कुल भी न छुए क्योंकि इससे इनका मोबाइल हैक हो सकता है कई बार जो वेबसाइट झूठे होते हैं उन्हें जाने पर हमारे मोबाइल में वायरस आ जाता है और हमारा डाटा भी हैक हो जाता है यहां तक की हमारी फोटोग्राफ भी हैक हो जाती है।

महिला सशक्तिकरण के प्रमुख कारक दो मुख्य कारक हैं जो महिला सशक्तिकरण को बड़े पैमाने पर प्रभावित करते हैं। वे हैं महिलाओं की शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता। एक महिला को वास्तव में सशक्त बनाने के लिए ये दोनों कारक आवश्यक हैं। जहां शिक्षा महिलाओं को प्रतिस्पर्धा करने, हासिल

करने और आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास और आवश्यक कौशल प्रदान करती है, वहीं कमाई उन्हें अपने निर्णय लेने की शक्ति और स्वतंत्रता देती है।

शिक्षा का मतलब केवल पढ़ना–लिखना जानना नहीं है। इसमें बदलते समय के संबंध में ज्ञान अर्जन और जागरूकता निर्माण के व्यापक पहलू को शामिल किया गया है। वर्तमान युग तकनीकी प्रगति और व्यापक डिजिटलीकरण का है। इसलिए वर्तमान समय में प्राप्त किया जाने वाला सबसे प्रासंगिक ज्ञान डिजिटल ज्ञान है। भारत में महिला सशक्तिकरण की स्थिति सामाजिक जीवन के लगभग हर क्षेत्र में भारत में महिलाओं की स्थिति शेष विश्व से अधिक दयनीय है। ग्रामीण परिदृश्य में, पुरुष समकक्षों के अनौपचारिक नौकरी के लिए शहरों की ओर प्रवास के कारण श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। महिलाएँ अपने क्षेत्र में एक प्रकार से अवैतनिक कृषि मजदूर हैं। सामाजिक समर्थकों में, बच्चों के निर्णयों और उनकी गतिशीलता पर उनका कोई नियंत्रण नहीं होता है। उन्हें प्रारंभिक गर्भावस्था, प्रसव का बोझ उठाना पड़ता है जिससे उनके भविष्य के विकास में बाधा उत्पन्न होती है। शहरी आर्थिक क्षेत्र में महिलाएँ अभी भी कम अनुकूल स्थिति में हैं। उच्च शिक्षा में कम लिंग प्रतिशत शहरी निगमों में उच्च नौकरियों में प्रकट होता है। विभिन्न श्रम कानून पुरानी समय सीमा और दुकान के फर्श की शर्तों को लागू करके विनिर्माण उद्यमों में उनकी भागीदारी को सीमित करते हैं। बढ़ती शहरी हिंसा शहरों में महिलाओं की गतिशीलता को और सीमित कर देती है जिससे महिलाओं की भागीदारी में कमी आती है। शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्तीय क्षेत्रों जैसे सभी प्रमुख बंदोबस्तों में लिंग अंतर अभी भी बहुत बड़ा है। इस अंतर को पाटने के लिए आईसीटी उपकरणों का लाभ उठाने में विभिन्न हितधारकों की भूमिका है।

अतः डिजिटल युग में महिलाओं को यह भी देखना आवश्यक है कि कैसे इसके दुष्प्रभाव से अपने को बचाएं तभी वह सुरक्षित रह सकती हैं। अंत में हम कह सकते हैं कि यदि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं तक पहुंच कर उन्हें जागरूक किया जाता है तो हम निश्चित रूप से लैंगिक असमानता को दूर कर महिलाओं को डिजिटाइजेशन के द्वारा सशक्त कर सकते हैं। आशा है

सरकार को हर राज्य की महिलाओं को प्रशिक्षित करना चाहिए या फिर जो एनजीओ नॉन गवर्नमेंट ऑर्गनाइजेशन है उन्हें भी इस कार्य में अपना योगदान देना चाहिए किसी देश का विकास आधी आबादी के विकास को देखकर ही पता चलता है ऐसे में यदि महिलाओं का विकास होता है तो ना ही सिर्फ महिलाओं का बल्कि पूरे परिवार पूरे देश का विकास होगा।

सन्दर्भ

1. *Women and empowerment: Approaches and strategies by Sushma Sahai.*
2. *डॉ० दयानन्द उपाध्याय : महिला सशक्तीकरण में जनमाध्यमों की भूमिका, हिन्दी बुक सेंटर, नई दिल्ली, 2020*
3. *डॉ० अमित मलिक, महिला सशक्तीकरण : भारत की नई तस्वीर*
4. *Women's empowerment issues challenges and strategies - Hazira Kumar Jaimon Varghese.*
5. *Women and empowerment strategies for increasing autonomy -Taylor and Francis.*
6. *Indian approach to women's empowerment- Bharat Jhunjhunwala and Madhu Jhunjhunwala.*
7. *Gender divide and women empowerment in the digital age- Kapou Malakar, Atlantic publishers and distributors.*
8. *Digital empowerment for cornerstone for e-governance ;K S Vijay Shekhar, G P Sahu.*
9. *www.ijfmr.com*
10. *Digital empowerment: digital transformation- empowering people for success;- Ajay Dutta and ER Omika.*

मङ्गलम् - वर्ष 15(01) भाग-XXVIII फरवरी 2024
ISSN-0976-8149 पृ. 122-139

उत्तराखण्ड के गढ़वाल मण्डल के सरकारी तथा गैर सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोर–किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके गृह वातावरण के मध्य अन्तःसम्बन्धों का अध्ययन

*डॉ० शुभ्रा पी० काण्डपाल**
*अर्जुन सिंह जगेड़ा***

शोध सारांश

प्रस्तुत अध्ययन में उत्तराखण्ड राज्य के गढ़वाल मण्डल के सरकारी एवं गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोर–किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके गृह वातावरण के मध्य अन्तर्सम्बन्धों पर अध्ययन किया गया है। वर्तमान शोध कार्य को उत्तराखण्ड प्रदेश के गढ़वाल मण्डल के सातों जनपद जिनमें उत्तरकाशी, चमोली, पौढ़ी गढ़वाल, रूद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, देहरादून एवं हरिद्वार जिले सम्मिलित हैं जिसमें गढ़वाल मण्डल के सभी सरकारी एवं गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा–12 के किशोर–किशोरियों को शामिल किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन की प्रकृति को देखते हुये अनुसंधानकर्त्ता द्वारा शोधविधि के रूप में वर्णनात्मक अनुसंधान की सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन से निष्कर्ष यह निकला कि उत्तराण्ड के गढ़वाल मण्डल के सरकारी एवं गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोर–किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके गृह वातावरण के मध्य कोई सार्थक अन्तर्सम्बन्ध नहीं होता है।

शब्दकुंजी : *किशोर, किशोरियाँ, सरकारी, गैर–सरकारी, उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, शैक्षिक निष्पति, अभिभावकों की शिक्षा, अन्तःसम्बन्ध।*

प्रस्तावना

किसी भी राष्ट्र के विकास का सबसे उचित मापदण्ड यह है कि उस राष्ट्र की शिक्षा व्यवस्था कैसी है और उस राष्ट्र के भावी कर्णधारों अर्थात जिन

* *एसोसिएट प्रोफेसर, बी0एड0 विभाग, राजकीय एम0बी0रा0स्ना0 महाविद्यालय, हलद्वानी*
** *असिस्टेंट प्रोफेसर, बी0एड0 विभाग, राजकीय एम0बी0रा0स्ना0 महाविद्यालय, हलद्वानी*

पर राष्ट्र के भविष्य की दशा और दिशा निर्भर है को कैसे संस्कार एवं शिक्षा प्रदान की जा रही है। देश के आधुनिकीकरण में शिक्षा की भूमिका प्रमुख है। विद्यालय शिक्षण के द्वारा ही नहीं अपितु किशोर–किशोरियों के अभिभावकों की शिक्षा का भी उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है वह चाहे कम ही क्यों न पड़े अपितु प्रभाव पड़ता जरूर है। अतः संस्कार एवं सकारात्मकता प्रदान करने में अभिभावकों की शिक्षा एक प्रमुख भूमिका निभाती है। वास्तविक अर्थ में शिक्षा लिखने और पढ़ने का ज्ञान देने के साथ ही साथ व्यक्ति के आचरण, दृष्टिकोण एवं विचार में ऐसा परिवर्तन करती है जो समाज, समुदाय, राष्ट्र तथा विश्व के लिए फलदायक होती है। विभिन्न शिक्षाशास्त्रियों ने शिक्षा को अलग–अलग विकास के क्रमों के रूप में जोड़ा है। प्लेटो ने शिक्षा को प्रशिक्षण के रूप में देखा है, जिससे स्वस्थ आदतों और सद्वृत्तियों का निर्माण होता है। थॉमसन महोदय ने उन प्रभावों को शिक्षा माना है जिससे किसी व्यक्ति की आदतों, व्यवहारों एवं विचारों तथा आचरणों में परिवर्तन आता है।

अतः हम कह सकते हैं कि शिक्षा एक ऐसी सोद्देश्य प्रक्रिया है जो व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक कुछ न कुछ सिखाती ही रहती है। जो व्यक्ति के सम्पूर्ण जीवन को प्रभावित करती है। सम्पूर्ण जीवन की अभिव्यक्ति जीवन जीने में है और यह जीवन कई पक्षों में बंटा है तथा अनेक कर्तव्यों एवं दायित्वों में गुंथा हुआ है। इन सभी को योग्यतापूर्वक एवं सामन्जस्यपूर्वक निभाने की दक्षता, प्रवीणता तथा क्षमता देना शिक्षा का कार्य है और यही शिक्षा का वास्तविक अर्थ है।

किशोर–किशोरियों के अभिभावकों की शिक्षा से आशय उनके माता–पिता द्वारा अर्जित उच्चतम शिक्षा से है। किसी भी बच्चे की प्राथमिक पाठशाला उसका परिवार ही होता है। अतः परिवार के हर एक सदस्य का शिक्षित होना बच्चे की शिक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। बच्चे की माता ही बच्चे की पहली अध्यापिका एवं उसका घर पहली पाठशाला होती है। जिस घर के सदस्यों ने जितने उच्च शिक्षित अथवा जितनी उच्च एवं उपयोगी शिक्षा प्राप्त की होगी, उस परिवार में जन्में बच्चे की शिक्षा–दीक्षा, लालन–पालन एवं सामाजिक भावना के विकास में उतना ही महत्वपूर्ण योगदान दे पायेंगे। शिक्षा

के अनोपचारिक साधनों में परिवार का उतना ही महत्वपूर्ण स्थान है जितना कि औपचारिक साधनों में विद्यालय का। परिवार माता–पिता, भाई–बहिन, चाचा–ताऊ एवं दादा–दादी से मिलकर बनता है जो बच्चे के अभिभावकों के रूप में कार्य करते हैं। परिवार मानव समाज की सबसे प्राचीनतम एवं महानतम सामाजिक संस्था है। परिवार वह सामाजिक संस्था है जहाँ नवजात शिशु मनुष्य के रूप में जन्म लेता है एवं परिवार का हर एक सदस्य उसके सर्वांगीण विकास में एक अद्वितीय एवं अग्रणी भूमिका निभाते हैं। परिवार में ही नवजात एवं पशु समान शिशु विभिन्न प्रकार के आश्रय, प्रश्रय, संरक्षण एवं सहयोग द्वारा अपनी असहाय अवस्था को गुजारता है।

जब बच्चा जन्म लेता है उस समय वह एक कोरे कागज की तरह होता है। धीरे–धीरे जैसे–जैसे बालक बड़ा होता जाता है वह कुछ समझने लगता है उस समय उस बालक को जैसा सामाजिक वातावरण एवं उच्च शिक्षित परिवार एवं पर्यावरण मिलता है बच्चा उसी के अनुरूप अपने को ढ़ालने का प्रयत्न करता है या यूँ कहें कि जन्म के समय से बाल्यावस्था तक आने के समय तक बालक को जैसा परिवेश प्राप्त होता है वैसा ही वह बनने की चेष्ठा करता है। इस पक्ति से ही स्पष्ट हो जाता है कि परिवार अथवा अभिभावकों का शिक्षित होना कितना अत्यावश्यक है। प्रस्तुत अध्ययन में अभिभावकों की शिक्षा से आशय उनके द्वारा अर्जित सामान्य अथवा व्यावसायिक अथवा तकनीकी शिक्षा में अर्जित उच्चतम शिक्षा से है।

समस्या कथन

"उत्तराखण्ड के गढ़वाल मण्डल के सरकारी तथा गैर सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोर–किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके गृह वातावरण के मध्य अन्तःसम्बन्धों का अध्ययन।

अध्ययन के उद्येश्य

प्रस्तुत अध्ययन का प्रमुख उद्येश्य उत्तराखण्ड के गढ़वाल मण्डल के सरकारी तथा गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोर–किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके गृह वातावरण के मध्य अन्तर्सम्बन्ध का अध्ययन करना है। विशिष्ट रुप से इस अध्ययन के निम्नलिखित

उद्येश्य हैं–

1. सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य अन्तःसम्बन्ध का अध्ययन करना।
2. सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य अन्तःसम्बन्ध का अध्ययन करना।
3. गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य अन्तःसम्बन्ध का अध्ययन करना।
4. गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य अन्तःसम्बन्ध का अध्ययन करना।

परिकल्पना

प्रस्तुत अध्ययन के उद्येश्यों को ध्यान में रखते हुए शोधकर्ता द्वारा उद्येश्यों से सम्बन्धि निम्नलिखित शून्य परिकल्पनाओं का निर्माण किया गया है–

1. सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं है।
2. सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं है।
3. गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं है।
4. गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं है।

शोध अभिकल्प

अध्ययन में अध्ययन बिन्दु एवं उद्येश्यों को ध्यान में रखते हुए शोधकर्त्ता ने "यादृच्छिकृत प्रतिचयन अभिकल्प" का चुनाव किया है। शोध उद्देश्य की प्राप्ति के लिए उद्देश्य की प्राप्ति से पहले लिए गये निर्णय को शोध प्रारूप कहा जाता है। शोध प्रारूप अथवा शोध अभिकल्प शोध कार्यों की तैयारी के लिए योजना बनाती है। शोध पद्धत्ति शोध प्रक्रिया की सीमाओं को निर्धारित करती है और संभावित समस्याओं के समाधान की भविष्यवाणी करके शोध को और आसान बना देता है।

अध्ययन का क्षेत्र

प्रस्तुत शोध अध्ययन में उत्तराखण्ड के गढ़वाल मण्डल के सरकारी एवं गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोर–किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके अभिभावकों की गृह वातावरण को लिया गया है।

जनसंख्या एवं न्यादर्श

प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु शोधकर्त्ता द्वारा जनसंख्या के रूप में उत्तराखण्ड राज्य के गढ़वाल मण्डल के सात जिलों यथा उत्तरकाशी, टिहरी गढ़वाल, चमोली, रूद्रप्रयाग, पौड़ी गढ़वाल, देहरादून एवं हरिद्वार जिलों के उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा परीषद रामनगर नैनीताल द्वारा मान्यता प्राप्त सभी सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों तथा गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में सत्र– 2022–23 में कक्षा–12वीं में अध्ययनरत किशोर–किशोरियों को लिया गया है।

सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में सत्र– 2022–23 हेतु कक्षा–12वीं में लगभग 36559 छात्र–छात्राएं पंजीकृत एवं अध्ययनरत हैं जबकि गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में सत्र– 2022–23 हेतु कक्षा–12वीं में लगभग 18774 छात्र–छात्राएं पंजीकृत एवं अध्ययनरत हैं। इस प्रकार के उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में सत्र– 2022–23 हेतु कुल जनसंख्या (उत्तराखण्ड राज्य के गढ़वाल मण्डल के सात जिलों के उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा परीषद रामनगर नैनीताल द्वारा मान्यता प्राप्त सरकारी एवं गैर–सरकारी

उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों सत्र– 2022–23 हेतु पंजीकृत एवं अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की कुल संख्या) लगभग– 55,373 है।



प्रस्तुत शोधकार्य हेतु न्यादर्श के रूप में शोधकर्ता द्वारा गढ़वाल मण्डल के सातों जिलों को स्तरीकृत यादृच्छिक प्रतिदर्श चयन विधि द्वारा चयनित किया गया। तत्पश्चात सातों जिलों के सभी विकास खण्डों में से सरल यादृच्छिक प्रतिदर्श चयन की लॉटरी विधि द्वारा एक–एक विकास खण्ड का चयन किया गया। प्रतिदर्श हेतु चयनित विकास खण्डों में अवस्थित उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा एवं परीक्षा परीषद रामनगर, नैनीताल से मान्यता प्राप्त समस्त सरकारी एवं गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में से पुनः सरल यादृच्छिक प्रतिदर्श चयन की लॉटरी विधि द्वारा एक–एक सरकारी तथा गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया गया।

न्यादर्श के रूप में कुल जनसंख्या– 55,373 में से लगभग 400 छात्र–छात्राओं (किशोर–किशोरियों) को सरल यादृच्छिक प्रतिदर्श चयन की लॉटरी विधि द्वारा चयनित किया गया (जिन चयनित विद्यालयों में सभी संकायों में विद्यार्थियों की संख्या बहुत अधिक थी उनमें क्रमबद्ध यादृच्छिक प्रतिदर्श चयन विधि द्वारा किशोर–किशोरियों का चयन किया गया है।) जिनमें सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों के 200 छात्र–छात्राओं को सरल यादृच्छिक प्रतिदर्श चयन विधि द्वारा शोधकार्य हेतु चयनित किया गया जबकि गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों के 200 छात्र –छात्राओं को सरल यादृच्छिक प्रतिदर्श चयन विधि द्वारा शोधकार्य हेतु चयनित किया गया।



$$Sample = \frac{n}{1+n(e)^2} = \frac{55373}{1+55373(0.05)^2} = \frac{55373}{1+138.4325} = \frac{55373}{139.4325}$$
$$= 397.1312 = 400\ approximately$$

अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण

शोधकर्ता द्वारा प्रस्तुत अध्ययन में प्रदत्त संकलन हेतु शैक्षिक निष्पति से सम्बन्धित आंकड़ों के संकलन के लिए किशोर–किशोरी के कक्षा–11 के प्रगत्ति पत्र का प्रयोग किया गया है एवं अभिभावकों की शिक्षा से आशय जनसंख्या के रूप में शामिल सभी किशोर–किशोरियों के परिवार में उनसे बड़े सभी पारिवारिक जीवित सदस्य जैसे दादा जी, दादी जी, माता जी, पिताजी, बड़ी बहिन एवं बड़े भाई आदि की शैक्षिक उपलब्धि को लिया गया है जिससे सम्बन्धित आंकड़ों के संकलन हेतु डॉ0 अभय आर. जोगलकर तथा डॉ0 सल्होत्रा रूपा सामाजिक–आर्थिक स्तर स्केल प्रमापीकृत उपकरण के शैक्षिक सूचनाएँ विमा का प्रयोग किया गया एवं उसी प्रमापीकृत उपकरण में दिये गये फलांकन स्कोर का ही प्रयोग किया गया है।

प्रदत्त संकलन की विधि

विभिन्न अनुसंधान विधियों का सावधानीपूर्वक अध्ययन व विश्लेषण करने के पश्चात शोधकर्त्ता के द्वारा यह निष्कर्ष निकाला गया कि यह शोध, वर्णनात्मक अनुसंधान से सम्बन्धित है। वर्णनात्मक शोध का उद्देश्य किसी घटना, अवसर, स्थिति, समूह या समुदाय का वर्णन करना है। वर्णनात्मक अनुसंधान

का मुख्य उद्देश्य विषय अथवा समस्या से सम्बन्धित वास्तविक तथ्यों के आधार पर वर्णनात्मक विवरण प्रस्तुत करना है। मात्रात्मक अथवा संख्यात्मक अनुसंधान की सबसे अधिक प्रचलित एवं प्रभावी विधि वर्णनात्मक अनुसंधान विधि है।

अतः प्रस्तुत अध्ययन की प्रकृति को देखते हुये अनुसंधानकर्त्ता द्वारा शोध विधि के रूप में वर्णनात्मक अनुसंधान की सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया।

तथ्यों का विश्लेषण एवं व्याख्या

1. उद्देश्य

सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य अन्तःसम्बन्ध का अध्ययन करना।

परिकल्पना

सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं है।

तालिका : 1.1

Descriptive Statistics[a]

	Mean	Std. Deviation	N
ACHIEVEMENT	63.5559	8.02228	102
HES	225.34	36.973	102

a. gender = MALE

तालिका : 1.2

Correlations[a]

		ACHIEVEMENT	PE
ACHIEVEMENT	Pearson Correlation	1	.040
	Sig. (2-tailed)		.689
	N	102	102
PE	Pearson Correlation	.061	1
	Sig. (2-tailed)	.544	
	N	102	102

a. gender = MALE

शैक्षिक निष्पत्ति तथा गृह वातावरण के मध्य सम्बन्ध



उपरोक्त तालिका संख्या– 1.2 एवं एसपीएसएस की गणना तथा उपरोक्त ग्राफ के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि उत्तराखण्ड के गढ़वाल मण्डल में स्थित उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा एवं परीक्षा परीषद रामनगर से स्थायी सम्बद्वता प्राप्त सरकारी (राजकीय) उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में सत्र– 2022–23 में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके अभिभावकों की शिक्षा के मध्य कार्ल पीयरसन विधि द्वारा गणना करने पर सहसम्बन्ध का मान –0.061 प्राप्त हुआ जिसे सहसम्बन्ध तालिका में देखने पर किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके अभिभावकों की शिक्षा के मध्य धनात्मक एवं नगण्य सहसम्बन्ध प्राप्त हो रहा है जो इस बात की ओर संकेत कर रहा है कि उक्त क्षेत्र में अवस्थित उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके गृह वातावरण के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं होता है। ग्राफ का अवलोकन करने से भी यही प्रतीत हो रहा है कि किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति के बढ़ने एवं उनके अभिभावकों की शिक्षा के स्तर के बढ़ने पर एक समान लगभग सीधी रेखा प्राप्त हो रही है जो इस बात की द्योतक है कि उत्तराखण्ड के गढ़वाल मण्डल में अवस्थित सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में सत्र 2022–2023 में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके अभिभावकों की शिक्षा के मध्य कोई सार्थक

अन्तःसम्बन्ध नहीं है। उपरोक्त सार्थकता स्तर की गणना सार्थकता स्तर **0.05** पर आंकलित की गई है। अतः सार्थकता स्तर **0.05** पर उपरोक्त परिकल्पना स्वीकार की जाती है।

2. उद्देश्य

सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य अन्तःसम्बन्ध का अध्ययन करना।

परिकल्पना

सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं है।

तालिका : 2.1

Descriptive Statistics[a]

	Mean	Std. Deviation	N
ACHIEVEMENT	64.2456	7.52183	103
PE	11.70	4.434	103

a. gender = FEMALE

तलिका : 2.2

Correlations[a]

		ACHIEVEMENT	PE
ACHIEVEMENT	Pearson Correlation	1	.110
	Sig. (2-tailed)		.270
	N	103	103
PE	Pearson Correlation	.119	1
	Sig. (2-tailed)	.161	
	N	103	103

a. gender = FEMALE



उपरोक्त तालिका संख्या– 2.2 एवं एसपीएसएस की गणना तथा उपरोक्त ग्राफ के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि उत्तराखण्ड के गढ़वाल मण्डल में स्थित उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा एवं परीक्षा परीषद रामनगर से स्थायी सम्बद्वता प्राप्त सरकारी (राजकीय) उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में सत्र– 2022–23 में अध्ययनरत किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके गृह वातावरण के मध्य कार्ल पीयरसन विधि द्वारा गणना करने पर सहसम्बन्ध का मान 0.110 प्राप्त हुआ जिसे सहसम्बन्ध तालिका में देखने पर किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके अभिभावकों की शिक्षा के मध्य धनात्मक एवं नगण्य सहसम्बन्ध प्राप्त हो रहा है जो इस बात की ओर संकेत कर रहा है कि उक्त क्षेत्र में अवस्थित उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके अभिभावकों की शिक्षा के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं होता है। ग्राफ का अवलोकन करने से भी यही प्रतीत हो रहा है कि किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति के बढ़ने एवं उनके गृह वातावरण के स्तर के बढ़ने पर एक समान लगभग सीधी रेखा प्राप्त हो रही है जो इस बात की द्योतक है कि उत्तराखण्ड के गढ़वाल मण्डल में अवस्थित सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में सत्र 2022–2023 में अध्ययनरत किशोरियों की

शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके गृह वातावरण के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं है। उपरोक्त सार्थकता स्तर की गणना सार्थकता स्तर 0.05 पर आंकलित की गई है। अतः सार्थकता स्तर 0.05 पर उपरोक्त परिकल्पना स्वीकार की जाती है।

3. उद्देश्य

गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य अन्तःसम्बन्ध का अध्ययन करना।

परिकल्पना

गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं है।

तालिका : 3.1

Descriptive Statistics[a]			
	Mean	Std. Deviation	N
PE	13.65	4.992	100
ACHIEVEMENT	71.9080	12.25932	100

a. gender = MALE

तलिका : 3.2

Correlations[a]			
		PE	ACHIEVEMENT
PE	Pearson Correlation	1	**-.029**
	Sig. (2-tailed)		.771
	N	100	100
ACHIEVEMENT	Pearson Correlation	**-.029**	1
	Sig. (2-tailed)	.771	
	N	100	100

a. gender = MALE



उपरोक्त तालिका संख्या– 3.2 एवं एसपीएसएस की गणना तथा उपरोक्त ग्राफ के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि उत्तराखण्ड के गढ़वाल मण्डल में स्थित उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा एवं परीक्षा परीषद रामनगर से स्थायी सम्बद्वता प्राप्त गैर–सरकारी (अशासकीय) उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में सत्र– 2022–23 में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके गृह वातावरण के मध्य कार्ल पीयरसन विधि द्वारा गणना करने पर सहसम्बन्ध का मान –0.118 प्राप्त हुआ जिसे सहसम्बन्ध तालिका में देखने पर किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके अभिभावकों की शिक्षा के मध्य ऋणात्मक एवं नगण्य सहसम्बन्ध प्राप्त हो रहा है जो इस बात की ओर संकेत कर रहा है कि उक्त क्षेत्र में अवस्थित उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके गृह वातावरण के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं होता है। ग्राफ का अवलोकन करने से भी यही प्रतीत हो रहा है कि किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति के बढ़ने एवं उनके अभिभावकों की शिक्षा के स्तर के बढ़ने पर एक समान लगभग सीधी रेखा प्राप्त हो रही है जो इस बात की द्योतक है कि उत्तराखण्ड के गढ़वाल मण्डल में अवस्थित सरकारी उच्चत्तर

माध्यमिक विद्यालयों में सत्र 2022–2023 में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके अभिभावकों की शिक्षा के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं है। उपरोक्त सार्थकता स्तर की गणना सार्थकता स्तर 0.05 पर आंकलित की गई है। अतः सार्थकता स्तर 0.05 पर उपरोक्त परिकल्पना स्वीकार की जाती है।

4. उद्देश्य

गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके अभिभावकों की शिक्षा के मध्य अन्तःसम्बन्ध का अध्ययन करना।

परिकल्पना

गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके अभिभावकों की शिक्षा के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं है।

तालिका : 4.1

Descriptive Statistics[a]

	Mean	Std. Deviation	N
HES	216.73	33.293	104
ACHIEVEMENT	74.8952	10.90472	104

a. gender = FEMALE

तालिका : 4.2

Correlations[a]

		PE	ACHIEVEMENT
PE	Pearson Correlation	1	**-.120**
	Sig. (2-tailed)		.225
	N	104	104
ACHIEVEMENT	Pearson Correlation	**.008**	1
	Sig. (2-tailed)	.934	
	N	104	104

a. gender = FEMALE



उपरोक्त तालिका संख्या– 4.2 एवं एसपीएसएस की गणना तथा उपरोक्त ग्राफ के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि उत्तराखण्ड के गढ़वाल मण्डल में स्थित उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा एवं परीक्षा परीषद रामनगर से स्थायी सम्बद्वता प्राप्त गैर–सरकारी (अशासकीय) उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में सत्र– 2022–23 में अध्ययनरत किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके अभिभावकों की शिक्षा के मध्य कार्ल पीयरसन विधि द्वारा गणना करने पर सहसम्बन्ध का मान –0.008 प्राप्त हुआ जिसे सहसम्बन्ध तालिका में देखने पर किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके अभिभावकों की शिक्षा के मध्य ऋणात्मक एवं नगण्य सहसम्बन्ध प्राप्त हो रहा है जो इस बात की ओर संकेत कर रहा है कि उक्त क्षेत्र में अवस्थित उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके अभिभावकों की शिक्षा के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं होता है। ग्राफ का अवलोकन करने से भी यही प्रतीत हो रहा है कि किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति के बढ़ने एवं उनके अभिभावकों की शिक्षा के स्तर के बढ़ने पर एक समान लगभग सीधी रेखा प्राप्त हो रही है जो इस बात की द्योतक है कि उत्तराखण्ड के गढ़वाल मण्डल में अवस्थित सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में सत्र 2022–2023 में अध्ययनरत किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके अभिभावकों की शिक्षा के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं है। उपरोक्त सार्थकता स्तर की गणना

सार्थकता स्तर 0.05 पर आंकलित की गई है। अतः सार्थकता स्तर 0.05 पर उपरोक्त परिकल्पना स्वीकार की जाती है।

प्रदत्तों के विश्लेषण के सन्दर्भ में अध्ययन के निम्नलिखित परिणाम प्राप्त हुये –

1. सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं पाया गया है।
2. सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं पाया गया है।
3. गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं पाया गया है।
4. गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति तथा उनके गृह वातावरण के मध्य कोई सार्थक अन्तःसम्बन्ध नहीं पाया गया है।

अतः उपरोक्त परिणामों के आधार पर हम कह सकते हैं कि किसी भी किशोर–किशोरियों के अभिभावक कितने भी उच्च शिक्षित हों इस भागमभाग भरी जीवन शैली अथवा यूँ कहें कि वर्तमान के व्यस्ततम समय में वे अपने पाल्यों को बहुत कम समय दे पाते हैं चाहे उनका पाल्य सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत हों अथवा गैर–सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत हों। आज के अभिभावक रोजी रोटी कमाने में इतने व्यस्त हैं कि वे अपने पाल्यों को उचित समय नहीं दे पा रहें है अर्थात उनकी शिक्षा व्यवस्था में कम ही समय दे पा रहे हैं जिससे उनके पाल्यों की शैक्षिक निष्पत्ति पर उनके अभिभावकों के शैक्षिक स्तर का प्रभाव नहीं दिखाई पड़ता है।

शैक्षिक फलितार्थ

अनुसंधान कार्य के परिणाम भावी नीति निर्धारण की आधारशीला रहते हैं। व्यक्ति विगत अनुभवों से ही सीखता है, उसके अनुरूप कार्य करता है

अर्थात विगत तथा वर्तमान अनुभव ही भावी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

प्रस्तुत अध्ययन उत्तराखण्ड के गढ़वाल मण्डल में अवस्थित उत्तराखण्ड शिक्षा एवं परीक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल से स्थायी सम्बद्वता प्राप्त सरकारी एवं गैर–सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोर–किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके गृह वातावरण के अन्तःसम्बन्ध के अध्ययन पर आधारित है। अतः इस अध्ययन से प्राप्त परिणाम उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोर–किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं उनके गृह वातावरण के मध्य अन्तःसम्बन्धों के बारे में दिशा–निर्देश देंगें एवं उनका अनुकरण कर भावी जीवन में किशोर–किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति में मार्गदर्शन का कार्य करेंगे। किशोर–किशोरियों की शैक्षिक निष्पत्ति में उनके अभिभावकों की शिक्षा का बहुत अधिक सकारात्मक प्रभाव तो नहीं पड़ता दिखाई दे रहा है परन्तु अभिभावकों के शैक्षिक स्तर को नक्कारा भी नहीं जा सकता है। उच्च शिक्षित अभिभावक प्रत्यक्ष रूप से नही ंतो परोक्ष रूप से ही सही परन्तु अपने पाल्यों के लिए मार्गदर्शन का कार्य अवश्य करते हैं।

सन्दर्भ

1. *जॉन डब्ल्यू वैस्टः रिसर्च इन एजूकेशन,(1963), नई दिल्ली प्रेन्टिस हाल ऑफ इण्डिया, पृ.स. 26–28.*
2. *थॉम्पसन, एम. ई., (1976) : "ब्रिटिश अध्ययन आदत सूचि के द्वारा शैक्षिक निष्पति के प्रति पूर्वकथन अथवा भविष्यवाणी।", रिसर्च इन हायर एजुकेशन, 5(4), पेज 365–372, लिंक– स्प्रिंजर.कॉम/ आर्टिकल/ 10.1007/बीएफ00993435.*
3. *हसन (1978) : इफेक्ट ऑफ फेमिली इनवायरमेंट ऑन एकेडमिक अचीवमेंट ऑफ स्टूडेण्टस्, डॉ प्रीति शर्मा लेक्चरर, होम साइंस एम.वी.पी.जी. कॉलेज हरिद्वार।*
4. *चोपड़ा, एस0 एल0 (1982) : ए स्टडी ऑफ समनान इन्टेलेक्चुअल कोरिलेट्स ऑफ एकेडेमिक एचीवमेंट.*
5. *सक्सेना, वन्दना (1988) : "हाई स्कूल के विद्यार्थियों के समायोजन उत्सुकता, शैक्षिक अभिप्रेरणा, स्वसम्प्रत्यय एवं शैक्षिक उपलब्धि पर उनके पारिवारिक सम्बन्धों के प्रभाव का अध्ययन।" पीएच0डी0, एजुकेशन, आगरा विश्वविद्यालय, एम. बी. बुच, पांचवां सर्वे.*

6. कीथ, पी. बी., एण्ड लीचमैन, एम., (1994): "क्या अमेरिका के मैक्सिको के कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के शैक्षिक निष्पत्ति को उनके अभिभावकों का हस्तक्षेप प्रभावित अथवा बढा देता है।" स्कूल साइकोलॉजी क्वार्टरली, 9, पेज 256–273.
7. रेजिजवेष्का,बी., रिचर्डसन, जे. एल., डेन्ट, सी. डब्ल्यू एवं फलाई, बी. आर., (1996): "अफ्रीका, अमेरिका एवं एशिया के 15 वर्षीय किशोर–किशोरियों के पारिवारिक शैली और किशोरों की तनाव के संकेतों, धूम्रपान तथा शैक्षिक उपलब्धि– नैतिक मूल्य, लिंग एवं सामाजिक–आर्थिक स्तर का अन्तर का अध्ययन।" जर्नल ऑफ बिहैवियर मेडिसीन, 19(3), पेज 289–305.
8. *Bagum & Phukan (2000) : "A study of some socio economic factors on Academic Achievement of class IX student". Asian journal of psychology and education; Vol. 33, No. 34, P age 23- 26.*
9. बसन्त, एलिजाबेथ (2000) : "शिक्षा एवं बच्चे के विकास और इनका विद्यालयी प्रगति से सम्बन्ध के प्रति अभिभावकों के विश्वास के अध्ययन : एक विविध संस्कृतिक अध्ययन।" पीएच0डी0 थेसिस, युनिवर्सीटी ऑफ कलकत्ता.
10. सुनीथा, बी. और मयूरी, के., (2001) : "उच्च शैक्षिक निष्पत्ति को प्रभावित करने वाले कारकों में आयु एवं लिंग असमानता पर एक अध्ययन।" जर्नल ऑफ कम्यूनीटि गाइडेन्स एण्ड रिसर्च, 18(2), पेज 197–208.
11. मिग्लानी, डी0 (2001) : "किशोरों की शैक्षिक निष्पत्ति के सन्दर्भ में संवेगात्मक बुद्धिमता का अध्ययन", लघुशोध प्रबन्ध, डी0 ए0 वी0 कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अबोहर.
12. नायक, चित्तरंजन (2002). : "माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक निष्पत्ति का उनकी बुद्धि तथा विद्यालय के प्रति उनकी अभिवृत्ति के सन्दर्भ में अध्ययन।" पीएच0डी0 थेसिस, उत्कल युनिवर्सिटी, भूवनेश्वर, उड़ीसा.
13. गोयल,स्वामी.प्यारी., (2002) : "किशोर बालिकाओं के सुरक्षात्मक अनुभव, पारिवारिक लगाव एवं मूल्यों के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन।" इण्डियन जर्नल ऑफ साइकोमेट्री एण्ड एजुकेशन, 33(1), पेज 25–28.
14. शर्मा, एस. निधि., (2002) : "कक्षा–बारहवीं के विद्यार्थियों की शैक्षिक निष्पत्ति एवं कुछ अन्य कारक (जैसे– आर्थिक स्तर, शैक्षिक योग्यता एवं आत्म–रक्षा आदि) का उनके अभिभावक सहभागिता के साथ सम्बन्ध, अभिभावकीय महत्वकाँक्षा (शैक्षिक एवं व्यावसायित) पर उनके अभिभावक सहभागिता एवं महत्वकाँक्षा के प्रभाव का अध्ययन।" डिपार्टमेण्ट ऑफ एजुकेशन, पंजाब यूनिवर्सिटी, पंजाब.
15. अग्रवाल. ए., (2002) : शैक्षिक निष्पत्ति के कुछ सहसम्बन्ध। इण्डियन जर्नल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च, 21(2), पेज 75–76.

मङ्गलम् - वर्ष 15(01) भाग-XXVIII फरवरी 2024
ISSN-0976-8149 पृ. 140-145

धर्म सूत्रों में तप एवं व्रत की सामाजिक अवधारण

*आराधना द्विवेदी**
*डॉ० सन्तेश्वर कुमार मिश्र***

शोध सारांश

सर्वविदित है कि प्राच्य भारतीय समाज में धर्म की प्रधानता रही है। सामाजिक, धार्मिक, वैयक्तिक और पारिवारिक जीवन को शान्तिमय तथा सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय बनाने हेतु प्राच्य समाज चिंतक आचार्यों ने धर्म सूत्रों में अनेक प्रकार की व्यवस्थायें प्रदान किया है। धर्म सूत्रों में धार्मिक नियम विधानों को नैतिकता के आधार पर निर्दिष्ट किया गया है। समाज की कल्याणकारी तथा अहितकर व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर ही व्यक्ति के लिए अनुपालनीय विधि, निषेध परक नियमों के निर्देशन विहित हैं। व्यक्ति के शुभाशुभ कर्मों की बहुविध समीक्षा कर धर्मसूत्रकारों ने बड़ी पैनी दृष्टि से पाप, पुण्य, प्रायश्चित्त, व्रत तथा तप आदि से सम्बन्धित अवश्य करणीय कर्मानुष्ठानों की व्यवस्थायें विहित किया है। सामाजिक जीवन की उत्तमता हेतु पाप कर्म न करने के नियम निर्देशनों के साथ ही हमारे समाज चिंतकों ने प्रायश्चित्त विधानों को अनेक उपबन्धों और अनुष्ठानों से समृद्ध कर दिया है। सम्पूर्ण धर्मसूत्रों में पाप कर्मों का विस्तार से विवेचन किया गया है। पाप कर्मों के परिणामों से मनुष्य का सांसारिक जीवन तिरस्कारमय एवं पतन देने वाला होता है। इतना ही नहीं अपितु लोक में भी पाप कर्मी व्यक्ति को घोर नरक और निकृष्ट योनि में जन्म लेने जैसे भयावह फल प्राप्त करने का व्यापक वर्णन हुआ है। इन विधानों का लक्ष्य सामाजिक जीवन में नैतिकता पूर्ण सदाचार तथा शान्तिमय वातावरण की स्थापना कराना प्रतीत होता है। पापाचार में संलिप्त व्यक्ति में सुधार हेतु अवसर तथा उपायों की भी व्यवस्था धर्मसूत्रीय समाज चिंतक आचार्यों ने निर्दिष्ट किया है।

ज्ञातव्य है कि पाप सम्बन्धी धारणा का मुख्य आधार कर्मफल का सिद्धान्त रहा है। कृतकर्मों का फल अवश्यम्भावी रहा है। इसीलिये कतिपय आचार्यों ने इस

* *शोध छात्रा, समाज शास्त्र विभाग, नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ०प्र०*
** *असिस्टेन्ट प्रोफेसर, समाज शास्त्र विभाग, नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ०प्र०*

तथ्य का निरूपण करते हुए श्रेष्ठ कर्मों को शुभंकर तथा निन्दनीय कर्मों को दुःखदायी और अमंगलकारी घोषित किया है।[1] विष्णु धर्म सूत्रकार के विचार में हम पाते हैं कि – ''कर्मफल का भोग व्यक्ति को अनिवार्य रूप में प्राप्त होता है। चाहे कितना भी व्यक्ति छिप कर पाप कर्म करे। उनके अनुसार–

यथा धेनु सहस्रेषु वत्सो विन्दति मातरम्।
तथा पूर्वकृतं कर्म कर्तारं विन्दते ध्रुवम्।।[2]

अर्थात् जैसे सहस्रों गायों के मध्य पड़ा हुआ बछड़ा अपनी माता गाय को ढूँढ ही लेता है, उसी प्रकार पूर्वकृत कर्म अपने कर्ता को भारी भीड़ में भी ढूँढ लेता है। पाप कर्मों का बहुत व्यापक वर्णन धर्म सूत्रकारों ने करते हुए उनका वर्गीकर और उनके फलों का भी निरूपण किया है। जिससे समाज में अनाचार अशान्ति और हिंसा आदि न हो सके। मानव जीवन पतित न हो सके।[3] पाप कर्म करने वाले व्यक्ति की सामाजिक एवं पारिवारिक स्थिति निम्नतर तथा तिरस्कार पूर्ण हो जाने के भय से पातक कृत्यों में व्यक्ति प्रवृत्त होने का साहस नहीं कर सकता था। अन्यथा मृतवत जीवन व्यतीत करना पड़ता था। यहाँ प्रसंगतः उल्लेखनीय है कि धर्मसूत्रों में मानव जीवन को सुधारने के भी अवसर और उपाय सुझाए गए हैं। पाप कार्यों से मुक्त प्रदान करने के लिए ही प्रायश्चित विधानों की व्यवस्था दी गई है। प्रायश्चित्तों की अनेक विधियाँ विहित की गई हैं। जिसमें तप और व्रत नामक उपानुष्ठानों का सम्पादन किया जाना निर्दिष्ट है। जिनका संक्षिप्त गवेषणात्मक विवेचन अग्रलिखित है–

तपश्चर्या को प्रायश्चित्त के अन्तर्गत धर्मसूत्रकारों ने सामान्य रूप में निर्धारित किया है। इसमें कठोर जीवन यापन; संयम आचरण, शारीरिक शुद्धि के साथ ही निर्देश है कि भोग विलास तथा इन्द्रिय सुख से निरन्तर विमुख रहना होता है। देवाराधन, दान, दया और त्याग का जीवन व्यतीत करना आवश्यक किया गया है। पुण्यकर तिथियों एवं परमपूत स्थलों पर तप का आचरण करना श्रेष्ठ फलदायी निश्चित किया गया है। ऐसे पवित्र स्थलों में पर्वतों, नदियों, सरोवरों, तीर्थस्थलों, आश्रमों, देवालयों और गोस्थानों को निश्चित किया गया है।[4] आचार्य गौतम ने ब्रह्मचर्य, सत्यवचन पालन और तीनों सन्ध्याकाल में स्नान, आर्द्रवस्त्र धारण, बिछौना रहित भूमि पर शयन तथा भोजन

को त्याग करने के लिए तपस्वी को निर्देश दिया है।[5] जबकि आचार्य बौधायन ने उक्त के अतिरिक्त हिंसा और चोरी न करना, गुरू सेवा करना तथा एक वस्त्रधारी रहने का भी विधान किया है।[6] तप के साथ मंत्रजप करना भी अनेक कालावधि के निमित्त निर्देशित है, जिसमें एक वर्ष, छः माह, चार माह, तीन माह, दो माह तथा एक माह के अतिरिक्त विकल्पों के साथ 24, 12, 6, 3 और एक दिन तथा रात की अवधि आवश्यक की गई है।[7] इसी उपानुष्ठान के अन्तर्गत प्रायश्चित्त स्वरूप विविध व्रतों का विधान किया गया है। उदार दृष्टि अपनाते हुए आचार्य बौधायन ने अत्यन्त सरल विधान विहित करते हुए कहा है कि– विवेकवान व्यक्ति उक्त के स्थान पर उतना ही कठोर व्रत और तप करे, जितना उसकी काया को शुद्धि बोधन और सहन करने की क्षमता हो।[8] ज्ञातव्य है कि आचार्य गौतम ने तो अन्य आचार्यों के निर्देशों से बढ़कर अति उदारभाव से कहा है कि तप एवं व्रत को करने वाले व्यक्ति पर यह निश्चितव्य होगा कि वह कौन व्रत एवं तप का आचारण करेगा।[9] साथ ही गौतम एवं बौधायन दोनों चिंतकों ने यह तथ्य स्पष्ट कर तप एवं व्रत के लघु एवं दीर्घ होने का निश्चयन किया है कि तप और व्रत का निर्धारण व्यक्ति के पाप कर्म के कम और अधिक बड़े होने की स्थिति पर आधारित होगा।[10] लघु एवं गुरुतर अपराधों के शमन हेतु करणीय प्रायश्चित्त के अन्तर्गत यथापराध व्रत करने के लिए धर्मसूत्रकारों ने तीन प्रकार के प्रधान व्रतों का भेद सहित विधान किया है।[11] विस्तार से बचने के लिए उनके भेदों और प्रभेदों का नामोल्लेख करते हुए प्रधान व्रताचरण एवं तपस्या का समाज शास्त्रीय विवेचन अग्रलिखित है–

1. कृच्छ्र व्रत

सभी व्रतों में यह न्यूनतम कठोर तपवाला एवं सबसे सरल व्रत है। इस व्रत की संज्ञा करते हुए इसे आचार्य बौधायन ने ''प्राजापत्य व्रत'' नाम प्रदान किया है।[12] जो प्रजापति (ब्रह्मा) के द्वारा उपदिष्ट होने से अभिधानित है। इसके अनुपालन में तपपूर्ण जीवन व्यतीत करते हुए कुल 12 दिनों का समय निर्धारित किया गया है। भोजन पर नियंत्रण प्रत्येक व्रत में किए जाने की प्रकृति होने से इसके प्रारम्भिक तीन दिवसों में मात्र प्रातः काल ही एक बार हविष्यान्त को भोजन के रूप में ग्रहण करने का नियम है। आगे के तीन दिवसों में एक मात्र

सायं बेला में ही हविष्यान्न भक्षण करना तथा अगले तीन दिनों में अयाचित भोज्य का केवल एक बार भक्षण करना और अन्तिम तीन दिवसों (9 से 12) के अन्तर्गत कुछ भी न ग्रहण करना निश्चित किया गया है।[13] कृच्छ्रव्रत के अनेक प्रकार बतलाये गए हैं। जिनका कारण अनेक प्रकार के अपराध अथवा पाप कर्म का शमन शोधन अथवा समापन करने का उद्देश्य होता है। इन सभी व्रतों का आनुष्ठानिक विवेचन व्यापकता में वर्णित है। अतएव संक्षिप्त रूप में इसके प्रकारों के नामों का उल्लेख अग्रलिखित है–

1. बाल कृच्छ्र व्रत
2. तप्त कृच्छ्र व्रत
3. शीत कृच्छ्र व्रत
4. सान्तपन कृच्छ्र व्रत
5. महासान्तपन कृच्छ्र व्रत
6. पराक कृच्छ्र व्रत
7. उदक कृच्छ्र व्रत
8. मूल कृच्छ्र व्रत
9. श्रीफल कृच्छ्र व्रत
10. पर्ण कृच्छ्र व्रत
11. तुलापुरूष कृच्छ्र व्रत[14]

ध्यातव्य तथ्य है कि उक्त सभी व्रतों की अपनी–अपनी निज अनुष्ठान विधियाँ और उनके विविध मतान्तरों के निर्देशन धर्म सूत्रों में वर्णित हैं। जिनका विस्तार से विवेचन यहाँ किया जाना सम्भव नहीं है।

2. अतिकृच्छ्र व्रत

पूर्व लिखित कृच्छ्रव्रत के अनुपालनीय विधानों को और अधिक कठोर स्वरूप प्रदान करके अतिकृच्छ्र व्रत को पूर्ण किया जाता है। किन्तु विशिष्टता यह है कि भोज्य हविष्य अन्न का भक्षण मात्र एक कवल अथवा हाथ में एक बार ग्राह्य मात्रा में निश्चित किया गया है।[15]

3. कृच्छ्रतिकृच्छ्र व्रत

इस व्रत के सम्बन्ध में आचार्यों ने मतभिन्नता से विचार स्थापित किया है। आचार्य गौतम एवं बौधायन के मत में एक मात्र जल को ही कुल 12 दिनों तक पीकर यह व्रत किया जाता है और कुछ भी नहीं।[16] इतना ही नहीं अपितु बौधायन के निर्देशन में तीन–तीन दिनों के क्रम में प्रातः मध्याह्न और सायं जल मात्र ग्रहण कर अन्तिम तीनों दिनों में केवल वायुपान ही करके व्रत करने

का नियम विहित है।[17] इसी सन्दर्भ में हम पाते हैं कि विष्णुधर्म सूत्रकार ने उदारता के साथ नियम निर्देश करते हुए लिखा है कि– कुल 21 दिनों तक केवल दूध पी करके भी इस व्रत का आचरण किया जाने के कारण यह कृच्छ्रतिकृच्छ्र नामक व्रत कहलाता है।[18]

उपर्युक्त इन तीनों व्रतों के अनुपालन की विधियाँ प्रायः सभी आचार्यों ने धर्मसूत्रों में उपन्यस्त किया है। जिनका विस्तार भय के कारण सांगोपांग विवेचन किया जाना यहाँ सम्भव नहीं है। उल्लेखनीय है कि तीनों व्रतों से क्रमशः सामाजिक रूप में पवित्रता प्राप्त कर व्यक्ति स्वधर्म पालन के योग्य बन जाता रहा। महापातक एवं अन्य पापकर्मों से व्यक्ति मुक्ति प्राप्त कर लेता रहा तथा सर्वपापों से पूर्ण मुक्त हो जाता रहा। उसे पारिवारिक तथा सामाजिक प्रतिष्ठा पुनः प्राप्त हो जाती थी। अतएव धर्मसूत्र कालीन समाज में व्रतों का पालन प्रतिष्ठा एवं सम्मान से जीवन यापन कराने में साधन के रूप में व्यवहृत किया जाता रहा।[19] स्मरणीय है कि इन्हीं व्रतों के साथ ही आचार्यों ने एक अन्य महत्त्वपूर्ण ''चान्द्रायण व्रत'' का भी विधान किया है। जो अनेकशः पापों से मुक्ति हेतु प्रायश्चित्त के रूप में निर्धारित किया गया है। जिसका आधार चन्द्रगति के अनुसार भोजन के ग्रास ग्रहण करने तथा अनश्नन रहने की स्थिति से युक्त है। इस व्रत के भी पिपीलिकामध्यचान्द्रायण; शिशुचान्द्रायण; यतिचान्द्रायण और सामान्य चान्द्रायण नामक 4 उपभेद भी निर्धारित किए गए हैं। इस व्रताचरण से प्राचीन ऋषियों को अपनी सभी कांक्षाएँ, पुत्र, पौत्र, धन, सम्पत्ति, सम्मान, यश तथा दीर्घायुष्य की प्राप्ति सम्भव हुई थी।[20] सामाजिक नियंत्रण तथा संचालन में इन सभी व्रतों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। तप एवं व्रत के अनुपालन के भय से समाज में अहिंसा, पापाचार, अन्याय, असत्य और दुराचार कर्मों पर प्रतिबन्ध लगता रहा।

पूर्वतन विवेचनों के आधार पर निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि धर्मसूत्रीय सामाजिक व्यवस्था में तप और व्रत की अवधारणा ने व्यक्ति, परिवार और समाज को दिशा और दशा प्रदान कर उनका नियंत्रण तथा संचालन किया है। जिसका स्वरूप आज भी न्यूनाधिक्य रूप में भारतीय जन जीवन में

विद्यमान रहा है। इनकी उपयोगिता भावी समाज में भी स्वीकार्य रहेगी; ऐसा विश्वास है।

सन्दर्भ

1 *विशेष हेतु द्रष्टव्य है गौतम धर्मसूत्र– 3.1.2, बौधायन धर्मसूत्र– 3.10.2.3, वसिष्ठ धर्मसूत्र–22.1*

2 *विष्णु धर्मसूत्र– 20.4.7,*

3 *तदेव–34.1–2,43.24, 44.1–9, 45.2–31, वसिष्ठ धर्मसूत्र–19.44, 20.43–44 आपस्तम्ब धर्मसूत्र–1.29.2–3, 2–24, 9–10, 1.24.1–7, 3.9.11 बोधायन धर्मसूत्र– 2–1.2, 17.2.2.2, गौतम धर्मसूत्र*

4 *गौतम धर्मसूत्र– 3.1.4, बौधायन धर्मसूत्र– 3.10.13*

5 *तदेव– 3.1.15, ब्रह्मचर्यं सत्यवचनंसवनेषूदकोपस्पर्शनमार्द्रवस्त्राऽधः शायिताऽनाशक इति तपांसि।*

6 *बौधायन धर्मसूत्र– 3.10.14*

7 *तदेव 3.10.16.22.13, आपस्तम्बधर्मसूत्र–1.29.17, गौतमधर्मसूत्र– 3.1.17, संवत्सरः षाण्मासा चत्वारस्त्रयो वा द्वादशाहः षडहस्त्र्यहोऽहोरात्र इति कालाः।*

8 *तदेव 4.7.3, एवमेतानि यंत्राणि तावत्कार्याणि धीमता। कालेन यावतोपैति विग्रहं शुद्धिमात्मनः।।*

9 *गौतमधर्मसूत्र 3.1.18, एतान्येवानादेशे विकल्पेत् क्रियेरन्*

10 *तदेव 3.1.20, बौधायनधर्मसूत्र– 2.2.25, 3.10.18*

11 *तदेव 3.1.20, बौधायनधर्मसूत्र– 2.2.25, 3.10.18*

12 *बौधायनधर्मसूत्र– 4.5.6*

13 *तदेव 2.2.25, 4.5.6 वसिष्ठधर्मसूत्र 21.20, आपस्तम्बधर्मसूत्र 1.27.7*

14 *तदेव 4.5.7, 2.2.26, 3.7.6, विष्णुधर्मसूत्र 54.33, 46.12, 54.25.27, गौतमधर्मसूत्र 3.5.22, 3.8.21.24, आपस्तम्बधर्मसूत्र 1.28.20 वसिष्ठधर्मसूत्र 2.3.49, 20.7–16, 19–20, 21–22*

15 *गौतमधर्मसूत्र 3.8.19, यावत्सकृदाददीत तावदश्नीयात्। बौधायनधर्मसूत्र 2.2.27 गोविन्दभाष्य।*

16 *तदेव 3.8.20 अब्भक्षस्तृतीय स कृच्छ्रातिकृच्छ्रः बौधायन धर्मसूत्र 2.2.28*

17 *बोधायन र्मसूत्र– 4.5.9*

18 *विष्णुधर्मसूत्र– 46.13, कृच्छ्रातिकृच्छ्रः पयसा दिनैक विंशतिक्षपणम्।*

19 *गौतमधर्मसूत्र 3.8.21–24*

20 *तदेव– 3.9.1–15 बौधायनधर्मसूत्र 3.8.9, 22–35, 3.8.37–40, 4.5.18–19, 5.5.19–20, विष्णुधर्मसूत्र– 47.7.8, 9, 51.2–6, 52.6, 54.21*

मङ्गलम् - वर्ष 15(01) भाग-XXVIII फरवरी 2024
ISSN-0976-8149 पृ. 146-154

भारतीय विदेश नीति में पंचशील नीति : एक अध्ययन

*डॉ० प्रमोद सिंह**
*प्रमोद कुमार***

शोध सारांश

पंचशील का साधारण अर्थ शील अथवा सदत्चार होता है। पंचशील शिष्टाचार से सम्बन्धित होता है। यह सदाचार मानव को संयमी में और आचारण पूर्ण जीवन जीने का संदेश होता है। पंचशील सिद्धान्त हमें जीवन जीने का उत्तम तरीका सिखाता है। जिस प्रकार सनातन धर्म में सत्यम् शिवम् सुन्दरम् सर्वोच्च मूल होते हैं उसी प्रकार यह पंचशील है। पंचशील शान्तिपूर्ण सह–अस्तित्व के पाँच सिद्धान्त हैं– हिंसा न करना, चोरी न करना, व्यभिचार न करना, झूठ न बोलना, नशा न करना।

पंचशील के पालन से मनुष्य प्रज्ञाशील मैत्री करूणा आदि की भावना से पूर्ण होता है। पंचशील के माध्यम से मनुष्य समाज एवं राष्ट्र का मंगल कर सकता है। हिंसा, नैतिक, पतन, व्यभिचार और अनाचार को समाप्त किया जा सकता है। महात्मा बुद्ध के पंचशील सिद्धान्त सभी धर्मों के लिए प्रसांगिक है। धर्म का मतलब सही दिशा, सही विचार का मार्ग दर्शन करना। महात्मा बुद्ध के द्वारा बताए नियम संसार सभी मनुष्यों पर समान रूप से प्रभावनी है। अपने इन्हीं नियमों की वजह से बुद्धिजन विश्वव्यापी धम्म और कुछ विश्व गुरू के रूप में जाने जाते हैं। पंचशील सिद्धान्त का पालन करके सभी व्यक्ति सांसारिक बाधाओं से मुक्ति पाकर अपने जीवन को सुखी तथा समृद्ध बना सकते हैं।

सन् 1947 में भारत की आजादी के साथ एशिया और अफ्रीका क विभिन्न देश गुलामी की जंजीरों से मुक्त हो रहे थे। औपनिवेशीकरण की प्रक्रिया समूचे एशिया व अफ्रीका में धीरे–धीरे फैलती जा रही थी यह शीतयुद्ध का दौर था और समूची दुनिया संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ नेतृत्व में दो गुटों में बटी हुयी थी।

---

* *एसो. प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, टी०एन०पी०जी० कॉलेज, अम्बेडकरनगर, (उ०प्र०)*
** *शोध छात्र, राजनीति विज्ञान विभाग, टी०एन०पी०जी० कॉलेज, अम्बेडकरनगर, (उ०प्र०)*

भारत को विश्व में शान्ति को कायम करना अत्यन्त आवश्यक था। इसके अभाव में भारत की आर्थिक विकास असम्भव था इस स्थिति में विश्व शान्ति बनाये रखना भारत की विदेशनीति को बनाये रखना भारतीय विदेशनीति का एक मूलाधार हो गया। 25 अगस्त 1954 में के0एम0 पणिक्कर ने कहा था कि ''यदि समय मिले तो भारतीय के लिए स्वयं अपने ढंग से विश्व शक्ति बनाने का पूरा मौका है।'' फिर 12 जून 1952 को सम्भावित तृतीय विश्वयुद्ध के सम्बन्ध में अपनी शान्तिवादी नीति की घोषणा करते हुए पं0 जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि हमारी पहली नीति यह होनी चाहिए कि यदि युद्ध छिड़ जाय तो हम इसे रोकने के समर्थन हो सके।

पं0 नेहरू की विदेशनीति के प्रमुख सिद्धान्त स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में ही सुनिश्चित हो गया। व्यवहारिक रूप से इनको औपचारिक ढंग से 28 जून 1954 को नई दिल्ली में दोनों देशों के प्रधानमंत्री की वार्ता के पश्चात् भारत और चीन द्वारा संयुक्त बयान जारी किया गया उसमें प्रथम बार पंचशील सिद्धान्तों का उल्लेख किया गया। इस विचार को भारत और चीन ने 29 अप्रैल 1954 में पंचशील नामक समझौते के रूप में अभिव्यक्त किया गया। पंचशील में वर्णित पाँच सिद्धान्त निम्नलिखित है–

1. सभी राष्ट्र एक दूसरे सीमान्तीय अखण्डता एवं सम्प्रभुत्त को पारस्परिक सम्मान करे।
2. कोई राज्य एक दूसरे पर आक्रमण न करें, और दूसरों की राष्ट्रीय सीमाओं का अतिक्रमण न करे।
3. आन्तरिक मामलों में पारस्परिक अहस्तक्षेप की नीति का अनुसरण करें।
4. प्रत्येक राज्य एक दूसरे के साथ समानता के व्यवहार को तथा पारस्परिक हित में सहयोग प्रदान करे।
5. सभी राष्ट्रों के शान्तिपूर्ण सह–अस्तित्व के सिद्धान्त के आधार पर एक दूसरे के साथ शान्तिपूर्वक रहे और अपनी पृथक सत्ता स्वतंत्रता को बनाये रखे।

पंचशील के सिद्धान्तों को अफगानिस्तान, म्यांमार, नेपाल, पोलैण्ड, इण्डोनेशिया, मिश्र, पूर्व सोवियत संघ, यूगोस्लाविया तथा सउदी अरब ने सन् 1956 में अनुमोदित किया। सन् 1959 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी पंचशील सिद्धान्तों को अनुमोदित करने का निर्णय किया था। अप्रैल 1955 में बांडुग में एशियाई अफ्रीकी देशों का सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में पंचशील सिद्धान्तों का विस्तृत रूप प्रदान किया गया और पांच सिद्धान्तों के स्थान पर दस सिद्धान्तों की स्थापना की। इसके बाद विश्व के कई देशों ने पंचशील सिद्धान्त की मान्यता को स्वीकार कर लिया। 11 दिसम्बर 1957 को संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने भी भारत द्वारा पंचशील सिद्धान्तों को स्वीकार लिया। इस तरह पंचशील सिद्धान्तों को विश्व स्तर पर पंचशील सिद्धान्तों मी मान्यता प्राप्त हो गयी। परन्तु इनमें अमेरिका और ब्रिटेन और नाटों के सदस्य देशों में इसे पूर्णतः स्वीकार नही किया फिर भी उन्होंने इनका पूर्णतः विरोध नही किया।

पंचशील के पांच सिद्धान्तों का प्रतिपादन भी भारत की शान्तिप्रियता का द्योतक है। 1954 के बाद से भारत की विदेश नीति का पंचशील के सिद्धान्तों ने एक नयी दिशा प्रदान की। इसे पंचशील सिद्धान्त को भारतीय वैदेशिक नीति की आधार शिला कहा जाता है। वैसे पंचशील बौद्ध धर्म का एक परिभाषिक शब्द है। जिसका सर्वप्रथम प्रयोग महात्मा गौतम बुद्ध ने किया। बौद्ध धर्म स्वीकार करके जो व्यक्ति भिक्षु बनता है। उसे पांच व्रतों को धारण करना पड़ता था। जिसे पंचशील कहा जाता है। इसका शाब्दिक अर्थ है– ''आचरण के पांच सिद्धान्त''। जिस प्रकार बौद्ध धर्म में ये व्रत एक व्यक्ति के लिए होते है। उसी प्रकार आधुनिक पंचशील के सिद्धान्त के द्वारा राष्ट्रों के लिए एक दूसरे के साफ आचरण के सम्बन्ध निश्चित किये गये।

पंचशील समझौता और भारत–चीन युद्ध – सन् 1954 में चीन के प्रधानमंत्री चाऊ–एन–लाई ने अपनी भारत यात्रा के दौरान कहा था कि पंचशील सिद्धान्त उपनिवेशवाद के अंत और एशिया व अफ्रीका के नये राष्ट्रों के उद्भव में सहायक सिद्ध होंगे। इस दौरे से ही भारत में हिन्दी चीनी भाई–भाई का नारा दिया और चीन पर अत्यधिक विश्वास किया। भारत ने वर्ष 1955 में चीन को इंडोनेशिया में अयोजित होने वाले एशियाई अफ्रीकी देशों के बाडूग सम्मेलन

में भी आमंत्रित किया था। इसी बीच अक्साई चीन और अरूणाचल प्रदेश को लेकर भारत और चीन के मध्य विवाद चल रहा था चीन इन दोनों ही भारतीय क्षेत्र का अपना हिस्सा बताते थे। इन विवादों के कारण भारत और चीन के सम्बन्ध धीरे–धीरे बिगड़ते जा रहे थे।

चीन सम्पूर्ण तिब्बत को अपना हिस्सा मानता था और इसी बीच भारत ने तिब्बत के धर्म गुरू दलाई लामा को शरण दे दी। इससे चीन अत्यधिक रूष्ट हो गया। भारत और चीन के बीच सन् 1954 में हस्ताक्षरित हुए इस पंचशील समझौते की समयावधि 8 वर्षो की थी। लेकिन 8 वर्षो के बाद इसे पुनः आगे बढ़ाने पर विचार नही किया। पंचशील समझौते की समयावधि समाप्त होते ही सन् 1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण कर दिया इस युद्ध में भारत न पराजित हुआ बल्कि उसके विभिन्न हिस्सों पर चीन ने कब्जा भी कर लिया। भारत के वे हिस्से आज भी चीन के कब्जे में है।

पंचशील एक ऐसा समझौता था। जिसके द्वारा भारत ने अंग्रेजों से मिले उन सभी विशेषाधिकारों को समाप्त कर दिया, जो भारत को तिब्बत से प्राप्त थे। पंचशील सिद्धान्त भारतीय विदेशनीति का एक मूल सिद्धान्त है जो शान्तिपूर्ण सह अस्तित्व और अहस्तक्षेप के विश्वास के आधार पर राष्ट्रों के बीच शान्तिपूर्ण सम्बन्ध बनाये रखने के लिए इन सिद्धान्तों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है इन पांच सिद्धान्तों द्वारा भारत और चीन के बीच तनाव को काफी हद तक कम कर दिया गया था और इसके बाद भारत और चीन के बीच व्यापार और विश्वास बहाली को काफी बल मिला था। इसी बीच हिन्दी चीनी भाई–भाई के नारे उद्भव हुआ। जिससे आपसी सम्मान की भावना पैदा हुई।

यह समझौता ज्यादा समय तक नही चल पाया इसमें विवाद तब पैदा हुआ जब चीन ने 1950–51 में ही अपने नक्शे में भारत एक बहुत बड़े भू–भाग को चीन का अंग दिखाया गया। फिर चीन ने जुलाई 1958 में एक विवादित नक्शे के दौरान लद्दाख से लेकर असम की सीमा को चीन के भू भाग के रूप में प्रदर्शित किया। इसमें बाद 1959 में तिब्बत ने चीन की नीतियों का विरोध किया। जिसके फलस्वरूप चीन ने तिब्बत पर आक्रमण कर दिया। इस तरह तिब्बती गुरू दलाई लामा और उनपके अनुयायी वहां से भागकर भारत

आ गये। भारत ने उन्हें शरण और यही से भारत आए चीन के सम्बन्ध खराब होते चले गए इस तरह चीन ने भारत को दोषी बताया। इसी के आधार पर चीन ने भारत के विरूद्ध सन् 1962 में एक तरफा युद्ध की घोषणा कर दी और इस युद्ध से भारत को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ।

पंचशील सिद्धान्त ने भारत–चीन के बीच तनाव को काफी हद तक दूर किया था तथा इसके बाद भारत और चीन के बीच व्यापार और विश्वास बहाली को काफी बल मिला था इसी बीच हिन्दी चीनी भाई–भाई के भी नारे लगाये गये थे। यद्यपि पंचशील समझौता भारत चीन आपसी समझौता भारत चीन ने आपसी सम्बन्धों को ठीक करने के लिए किया लेकिन चीन ने गलत फायदा उठाया था। कुछ आलोचको द्वारा पंचशील योजना को केवल आदर्शात्मक सूत्र कहा है। क्योंकि यह अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति वार्ता वक्ताओ नही स्वीकार करता जबकि कुछ इसे मात्र अन्तर्राष्ट्रीयता, नैरिक्तवाद की संज्ञा दी।

शान्तिपूर्ण सह–जीवन – पंचशील के सिद्धान्त अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध के क्षेत्र में अत्यन्त महत्वपूर्ण माने गये। द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति से ही महाशक्तियों के शक्ति सम्बन्धों में एक परिवर्तन आया। शान्तिपूर्ण सह अस्तित्व के सिद्धान्त में ही और जीने का सिद्धान्त निहित है। यह सिद्धान्त आज की दुनिया में हो और भी लाभदायक है। जबकि विश्व कुछ शक्ति गुटों में बंटा है। इसका पहला सिद्धान्त कहता है कि विश्व के सभी राष्ट्रों को एक दूसरे के प्रादेशिक अखण्डता और सम्प्रभुत्वा का सम्मान करना चाहिए। इस तरह साम्राज्यवाद तथा उपनिवेशवाद की जड़ पर कुठाराघात करता है। इससे यह स्पष्ट होता था कि किसी भी राज्य को अपने से हम शक्तिशाली राज्यों पर राजनीतिक या सैनिक शक्ति नही लादनी चाहिए तथा प्रादेशिक, आर्थिक, साम्राज्य के सिद्धान्तों को त्याग कर देना चाहिए।

भारत की विदेश नीति मैत्री और सह–अस्तित्व पर जोर देती है। भारत की यही धारणा ही रही है कि विश्व में परस्पर विरोधी विचार धाराओं में सह–अस्तित्व की भावना पैदा हो। यदि सह–अस्तित्व को स्वीकार नही किया जाता तो आणविक शस्त्रों से समूची दुनिया का ही विनाश हो जायेगा। इसी कारण भारत ने अधिक से अधिक देशों के साथ मैत्री सन्धियां, भारत–जापान शान्ति सन्धि, भारत, मिस्र, शान्ति सन्धि, भारत सोवियत मैत्री सन्धि, भारत,

बांग्लादेश मैत्री सन्धि उल्लेखनीय है। पं0 जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि ''विश्व में आज अलगाव के लिए कोई स्थान नही है। हम दूसरों से अलग जिन्दा नही रह सकते है हमें या तो सहयोग करना चाहिए अथवा युद्ध। हम शान्ति चाहते हैं अपना वश चलते हम दूसरे राष्ट्र के साथ लड़ाई नहीं चाहते।''

चीन ने भारत पर सन् 1962 में आक्रमण कर दिया जिसने भारत को हार का सामना करना पड़ा और इस आक्रमण ने पंचशील के सिद्धान्तों पर भी अघात किया। 1962 में युद्ध में भारत को मिली पराजय का जिम्मेदार पं0 नेहरू को माना जाता है। जब द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी के द्वारा ब्रिटेन को निरंतर पराजय प्राप्त हो रही थी तब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विस्टन चर्चिल ने सैनिको को उत्साह वर्धन हेतु संदेश दिया था कि हम हर परिस्थितियों में अपने देश की रक्षा के लिए हम पहाड़ों, समुद्र तटों, सड़कों एवं जमीन पर लड़ेंगे पर हथियार नहीं डालेंगे। 1962 में प्रधानमंत्री चर्चिल की तुलना में पं0 नेहरू का सैनिकों का दिया गया संदेश निरूत्साही था जिसमें भारत के साथ–साथ आसाम के निवासियों की हिम्मत भी टूट सी गयी। उन्होंने अपने संदेश में आसाम के लोगों का उल्लेख सहानुभूति के इस अन्दाज में किया मानों वो अन्तिम विदाई दे रहे हैं। उन्होंने 20 अक्टूबर 1962 को लोगों को सम्बोधित किया और लगभग एक माह की संवादहीनता के उपरांत 20 नवम्बर 1962 पुनः निराशा जनक आवाज में सम्बोधित किया कि चीन भारत के साथ दोहरी नीति का अनुसरण कर कहा है। इसलिए उससे मिलने वाले धोखे के लिए हमे तैयार रहना चाहिए। बालौग सीला, वोमडील में भारतीय सेना की हुई पराजय के लिए आसाम के लोगों ने उन्हें क्षमा नही किया। 25 अक्टूबर 1962 के उसी समाचार पत्र 'प्रवादा' में समाचार प्रकाशित हुआ कि ''चीन हमारा भाई और भारतीय हमारे मित्र है।'' इस समाचार पत्र से निराशा का वातारण निर्मित हुआ।

पंचशील सिद्धान्तों का महत्व

1. जब शीत युद्ध के कारण सारा विश्व तनाव के स्थिति में था और विश्व भय के माध्यम से संतुलित स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा था, तो ऐसे समय में भारत द्वारा की गयी यह एक अनोखी पहल थी। इसके माध्यम से भारत ने सार्वभौमिकता का सिद्धान्त प्रस्तुत किया था, जो 'शक्ति संतुलन' पर आधारित अवधारणा के विपरीत था।

2. इन्हीं सिद्धान्तों के कारण बांडुग सम्मेलन के पश्चात् गुटनिरपेक्ष आन्दोलन की नींव पड़ी। जिसके परिणाम स्वरूप नव स्वतंत्र देश शीत पुर कालीन तनावपूर्ण महौल से अलग होकर अपने विकास पर ध्यान के लिए कर सके थे।

3. पंचशील सिद्धान्त वर्तमान में म्यांमार, इंडोनेशिया, युगोस्लाविया, विभिन्न अफ्रीका देशों और विश्व के अनेक देशों द्वारा अपनाए गये हैं। क्योंकि ये सिद्धान्त एक न्याय संगत और शान्तिपूर्ण विश्व व्यवस्था स्थापित करने के लिए संकल्पित है।

4. ये सिद्धान्त अपनी प्रवृत्ति में शाश्वत किस्म के हैं और विश्व का नैतिक मार्गदर्शन करते हैं। ये सिद्धान्त विश्व के कमजोर और ताकतवर, दोनों तरह के देशों को एक समान मंच प्रदान करने तथा सभी के साथ समानता के व्यवहार से मेल खाते हैं और विभिन्न देशों के मैत्रीपूर्ण सम्बन्धों और सहयोगात्मक रवैये को बढावा देने का प्रास करते हैं।

5. इन सम्बन्धों के महत्व को रेखांकित करते हुए पं0 जवाहरलाल नेहरू जी ने कहा था कि यदि इन सिद्धान्तों को सभी देश अपने आपसी सम्बन्धों में शामिल कर लेते है तो शायद ही कोई विवाद बचेगा जो कि विश्व के देशों के बीच शेष रह जाए।

पंचशील सिद्धान्तों की सीमाएं

1. भारत पंचशील सिद्धान्तों का प्रतिपादक रहा है इसलिए भारत इनका मजबूती से पालन करता रहा है। जबकि चीन इन सिद्धान्तों को भारत की कमजोरी मानता रहा है। इसलिए चीन ने इस परिस्थिति का लाभ उठाकर भारत पर आक्रमण कर दिया था और अभी भी सीमा पर तनाव उत्पन्न करता रहता है।

2. इन सिद्धान्तों के अन्तर्गत आदर्शवाद की पराकाष्ठा को अपनाया गया है। जबकि व्यवहारिकता पर कम ध्यान दिया गया है। यह स्थिति अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में विशेष रूप से भारत चीन सम्बन्धों में अधिक कारगर साबित नही हो सकी।

3. वर्तमान में भी विश्व के अनेक देश अल्प विकसित या विकसित अवस्था में मौजूद है। ऐसे में पंचशील सिद्धान्त उन देशो की व्यावहारिक आवश्यकताएं पूरी नहीं कर सकते हैं और उन्हें पंचशील सिद्धान्तों के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक रास्ते तलाश करने होते हैं।

प्रारम्भ में पंचशील को भारतीय विदेशनीति की एक मध्य उपलब्धि माना जाता है। परन्तु बाद की घटनाओं ने यह सिद्ध कर दिया कि पंचशील एक भ्रान्ति और भारतीय कूटनीति की एक महान पराजय थी। आलोचकों का कहना था कि भारत चीन सम्बन्धों की पृष्ठभूमि में पंचशील एक अत्यन्त असफल सिद्धान्त साबित हुआ। इसके द्वारा भारत ने तिब्बत में चीन की सर्वोच्च सत्ता को स्वीकार करके तिब्बत की स्वायत्ता के अपहरण में चीन का समर्थन किया था। अक्टूबर 1962 में चीन ने भारत पर एक भयंकर आक्रमण प्रारम्भ कर दिया। पंचशील की मोह निद्रा में सोया भारत इस प्रकार चौक कर उठ बैठा। उसने पाया कि पंचशील वास्तविकता नही भ्रान्ति थी। भारत की सफलता नही कूट नीतिक भूल थी।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि राष्ट्रों के बीच शान्ति, सुरक्षा तथा संबंधों के संचालन के पंचशील सिद्धान्त की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण रही है। क्योंकि यह राष्ट्रों के बीच अहस्तक्षेप आक्रमण न करना तथा आपस में शान्ति तथा सहयोग बल देता है। क्योकि यह स्वाभाविक रूप से आदर्शात्मक और नैतिकता का सिद्धान्त अधिक है और इसे राष्ट्रों के व्यवहार में पूर्ण रूप से व्यवहारिकता में लागू नही किया जा सकता। अतः हम कह सकते है कि राष्ट्रों के मध्य शान्ति सुरक्षा तथा सम्बन्धों के संचालन में पंचशील की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। पंचशील आदर्शात्मक एवं नैतिक सिद्धान्त है इसलिए इन्हें अन्तर्राष्ट्रीय वास्तविकता या यथार्थ में लागू नही किया जा सकता है। फिर भी राष्ट्रों के व्यवहार उनके सम्बन्धों में शान्तिपूर्ण सम्बन्धों में संचालन में इनकी भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है और इसी कारण हम कह सकते है कि पंचशील सिद्धान्त निरर्थक नही है। इसकी सार्थकता है और राष्ट्रों के बीच सहयोग, और पारस्परिक सहआस्ति तथा शान्तिपूर्ण सहअस्ति का संचालन उनके नियमन के लिए पंचशील सिद्धान्त महत्वपूर्ण है।

सन्दर्भ

1. *सी0वी0पी0 श्रीवास्तव, भारत और विश्व : बदलते परिदृश्य पब्लिकेशन्स, किताब महल इलाहाबाद, पृ0 153*
2. *डॉ0 पुष्पेश पंत, श्री पाल जैन अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, मिनाक्षी प्रकाशन, मेरठ 2016–2017, पृ0 378–379*
3. *सी0वी0पी0 श्रीवास्तव, भारत और विश्व : बदलते परिदृश्य पब्लिकेशन्स किताब महल इलाहाबाद, 2002–2004, पृ0 153*
4. *डॉ0 दीनानाथ वर्मा, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, ज्ञानदा प्रकाशन 2002, नव प्रभात प्रिन्टिग प्रेस शहदरा, नई दिल्ली पृ0 255*
5. *डॉ0 दीनानाथ वर्मा, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, ज्ञानदा प्रकाशन 2002, नव प्रभात प्रिन्टिग प्रेस शहदरा, नई दिल्ली पृ0 327*
6. *यू0आर0घई, के0के0 घई, अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति, न्यू एडेडेमिक पब्लिशिंग कम्पनी, जालन्धर, पृ0 422*
7. *डॉ0 वी0एल0 फाडिया, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा, 2021 पृ0 302–303*
8. *वी0एल0 फाडिया, अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा पृ0 304*

मङ्गलम् - वर्ष 15(01) भाग-XXVIII फरवरी 2024
ISSN-0976-8149 पृ. 155-166

कोविड–19 महामारी से उत्पन्न ग्रामीण भारत में सामाजिक, आर्थिक समस्याएं

(अम्बेडकर नगर जनपद के विकास खण्ड–भीटी के अध्ययन पर आधारित)

राजेश कुमार त्रिपाठी *

डॉ. अर्चना पाठक **

शोध सारांश

चीन के वुहान से निकली इस महामारी के चलते जो दिसम्बर 2019 में पहली बार भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर मानव सभ्यता के संज्ञान में आयी जिसने मानव समाज के समक्ष कई प्रकार की सामाजिक, आर्थिक समस्याएं खड़ी की। कोविड के दौरान कोविड प्रोटोकाल, लाकडाउन और कोविड की बढ़ती संक्रामकता ने पूरी दुनिया की समस्त सामाजिक, आर्थिक प्रणालियों को ठप कर दिया। जिसके चलते जहाँ बड़े–बड़े उद्योगों में तालाबंदी हो गयी, शैक्षणिक संस्थानों को भी इससे बचाया नहीं जा सका, इसने उनके वर्तमान और भविष्य दोनों को प्रभावित किया।[1] जिसके कारण जहाँ एक तरफ अप्रवासी जनसंख्या का पलायन वैश्विक स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक देखने को मिला। प्रस्तुत शोध में शोधार्थी यह पता लगाने का प्रयास करेगा कि कोविड महामारी ने किस प्रकार से सामाजिक, आर्थिक समस्याएं पैदा की। यह शोध भविष्य के शोधकर्ताओं के लिए कोविड–19 महामारी के सामाजिक, आर्थिक प्रभावों के अध्ययन के लिए महत्पूर्ण साबित होगा। शोधार्थी का अध्ययन अम्बेडकर नगर जनपद के विकास खंड भीटी के अध्ययन पर आधारित है। अम्बेडकर नगर जनपद उत्तर प्रदेश का वर्ष 1995 में निर्मित एक ऐसा जनपद है जो बहुलवादी संस्कृति वाला है, विकास खण्ड भीटी भी एक बहुलवादी संस्कृति वाला विकास खण्ड है जिसकी 100% जनसंख्या गाँवों में निवास करती है।

मुख्य शब्द : *कोविड-19, महामारी, समग्र, निदर्श, महामंदी, लाकडाउन*

भूमिका

कोविड–19 एक ऐसा वाइरस है, जो अत्यन्त संक्रामक है। 11 मार्च 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे महामारी घोषित कर दिया था जिसके चलते मानव समाज, के समक्ष कई प्रकार की सामाजिक, आर्थिक समस्याएं

* *शोध छात्र, राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या (उ.प्र.)*

** *पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर, बी.एन.के.बी. पी.जी. कॉलेज, अकबरपुर, अम्बेडकर नगर*

उठ खड़ी हुई। सामाजिक समस्या को प्रख्यात समाजशास्त्री हर्टन और लम्ले ने अपनी पुस्तक "सोशियोलॉजी ऑफ सोशल प्राब्लम्स" में परिभाषित करते हुए कहते है कि ''सामाजिक समस्याएं ऐसी स्थितियाँ हैं जो बहुत से लोगों हानिकारक रूप में प्रभावित करती हैं।[2]

प्रस्तुत अनुसंधान में शोधार्थी यह पता लगाने का प्रयास करेगा कि कोविड 19 महामारी के चलते मानव सभ्यता के समक्ष किस प्रकार की सामाजिक, आर्थिक चुनौतियाँ उपस्थित हुई और उसका मानव समाज पर क्या प्रभाव पड़ा। इन पहलुओं की समाजशास्त्रीय पड़ताल भविष्य के शोधकर्ताओं को एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान कर सकती हैं। पूर्व में इस प्रकार का कोविड–19 महामारी के सामाजिक, आर्थिक प्रभाव पर जो भी अध्ययन हुए है वे विशेषरूप से विश्व के प्रमुख शहरों पर ही आधारित रहे हैं, जबकि शोधार्थी का अध्ययन विशुद्ध ग्रामीण पृष्ठभूमि के लोगों से जुड़ा है जो ग्रामीण भारत में कोविड के दौरान की सामाजिक, आर्थिक चुनौतियों को समझने के लिए महत्वपूर्ण होगा। भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोरोना का प्रभाव व्यापक स्तर है लेकिन शायद ही यह लम्बे समय तक रहे। लाकडाउन के दौरान या कुछ समय पश्चात की समस्या षायद ही दीर्घ कालिक हो। संयुक्त राष्ट्र ने भी अपनरी एक रिपोर्ट में बहुत पहले ही कहा था कि भारत में मंदी की सम्भावना कम है।[3]

समस्या कथन

प्रस्तुत अनुसंधान की समस्या के अध्ययन हेतु इसे इस प्रकार शीर्षकबद्ध किया गया है– कोविड–19 महामारी से उत्पन्न ग्रामीण भारत में सामाजिक, आर्थिक समस्याओं का समाजशास्त्रीय विश्लेषण।

शोध समस्या

अनुसंधान समस्या वस्तुतः यह बताता है कि दो चरों के मध्य सम्बन्ध कैसा है।[4]

कोविड–19 महामारी सम्पूर्ण मानवता के लिए जिस प्रकार से एक चुनौती बनकर उभरा है इसीलिए शोधार्थी ने इससे उत्पन्न सामाजिक, आर्थिक समस्याओं को अपने शोध अध्ययन की विषयवस्तु के रूप में इसे चुना।

शोधार्थी ने कोविड–19 महामारी के संदर्भ में निम्न समस्याओं का अनुभव किया–

1. कोविड–19 महामारी के लाकडाउन ने सामाजिक अंतःक्रिया को प्रभावित किया।
2. कोविड–19 महामारी में लाकडाउन ने रोजगार की स्थिति को प्रभावित किया।
3. कोविड महामारी ने शिक्षण संस्थानों को समस्याग्रस्त कर दिया।
4. देश में उद्योग, पर्यटन आदि को मंदी की तरफ ढकेल दिया।
5. कोविड–19 महामारी ने आत्मनिर्भर भारत की संभावना को प्रभावित किया।

साहित्य सर्वेक्षण

महामारी पर तो कई शोध अध्ययन किए गए हैं, परन्तु कोविड–19 महामारी एक समकालीन सामाजिक आर्थिक समस्या है जिस पर बहुत कम अध्ययन हुए हैं, इसी कमी की पूर्ति हेतु शोधार्थी प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से ग्प्रमीण भारत की तत्कालीन सामाजिक, आर्थिक समस्याओं के अध्ययन हेतु एक विनम्र प्रयास करेगा। शोधार्थी ने अपने अध्ययन कार्य को व्यापकता प्रदान करने के लिए निम्नलिखित पुस्तकों का सहारा लेने का प्रयास किया है–

भारतीय सामाजिक समस्याएं : इस पुस्तक के लेखक प्रो0 ए0आर0एन0 श्रीवास्तव है जो वर्ष 2015 में शेखर पब्लिकेशन प्रयागराज के द्वारा प्रकाशित की गयी। यह पुस्तक भारतीय सामाजिक समस्याओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हुए उनकी उत्पत्ति से जुड़े प्रमुख सिद्धांतों और सामाजिक समस्याओं के भिन्न स्वरूपों और भारत सरकार के द्वारा उन समस्याओं के समाधान के लिए किये गये प्रयासों पर विस्त्रृत प्रकाश डालती है। इस प्रकार यह पुस्तक कोविड–19 महामारी को विशेष रूप से एक सामाजिक समस्या के रूप में समझने में मदद करती है, यद्यपि इस पुस्तक की सीमा यह है कि कोविड जैसी महामारी को अपने अध्ययन में शामिल नहीं करती है।

कोरोना डायरी इंडिया फाइट्स अगेंस कोविड–19 : इस पुस्तक के लेखक डॉ0 अभिषेक हैं इस पुस्तक को इनफ्लूएंसर बुक ऑफ वर्ड रिकार्ड में शामिल किया गया है।

इस पुस्तक में कोविड के दौरान जनजागरूकता सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक प्रभावों का विस्त्रृत विश्लेषण किया गया है।

लॉकडाउन : इस पुस्तक के लेखक धन्य कुमार विराजदार हैं, जिसका प्रकाशन भारतीय ज्ञानपीठ ने किया है। इस पुस्तक में कई कहानियों के माध्यम से मध्यमवर्ग में कोरोना से जुड़े मिथकों, विस्थापन एवं रोजगार की समस्याओं की विस्तृत चर्चा की गयी हैं।

":द करोना वायरस' : इस पुस्तक के लेखक डॉ0 स्वपनिल पारिख, माहिरा देषाई एवम् अन्य ने कोविड–19 महामारी के इतिहास पर विस्तृत प्रकाश डाला है, इस पुस्तक में यह भी समझाने का प्रयास किया गया है कि इस महामारी के दौरान हमें क्या सीखने की जरूरत है।

इंडियन इकोनामी ग्रेटेस्ट क्राइसेस : इस पुस्तक के लेखक प्रख्यात अर्थशास्त्री अरूण कुमार हैं। इस पुस्तक में लेखक ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोविड संकट और उसके बाद के प्रभावों की विस्तृत चर्चा की है। यह पुस्तक कोविड–19 के दौरान भारतीय त्रासदी के मानवीय चेहरे को उकेरने का प्रयास करती है, जो शोधार्थी को कोविड–19 के आर्थिक प्रभावों को समझने में मदद करती है।

अध्ययन का उद्देश्य

1. कोविड–19 महामारी के दौरान लाकडाउन के प्रभाव का पता लगाना।
2. कोविड–19 महामारी ने शिक्षण संस्थानों को किस प्रकार प्रभावित किया इसका पता लगाना।
3. कोविड–19 महामारी ने सामाजिक संस्थाओं को प्रकार प्रभावित किया उसका पता लगाना।
4. कोविड–19 महामारी ने आत्मनिर्भर भारत की सम्भावना को कितना प्रभावित किया?

प्राक्कल्पना

बोगार्डस नामक प्रख्यात समाजशास्त्री ने प्राक्कल्पना को स्पष्ट करते हुए कहा कि 'प्राक्कल्पना एक ऐसी प्रस्तावना है, जो किसी समस्या का एक ऐसा समाधान है जिसका परीक्षण किया जाना बाकी है।[5]

प्रस्तुत शोध में निम्नलिखित प्राक्ल्पना प्रस्तावित की गयी है–

1. कोविड–19 महामारी के दौरान लॉकडाउन ने सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित किया है।
2. कोविड–19 महामारी के कारण आर्थिक विकास के अवसर प्रभावित हुए हैं।

शोध प्रविधि

शोध प्रविधि वह साधन है जिसके द्वारा शोध की दशा एवं दिशा प्रभावित होती है। वस्तुतः सामाजिक शोध को सामान्यतः तीन श्रेणियों में बांटा जा सकता है–

1. मौलिक शोध
2. सैद्धान्तिक शोध
3. व्यावहारिक शोध

प्रस्तुत शोध एक व्यवहारिक शोध है, जिसमें शोधार्थी ग्रामीण भारत में कोविड–19 महामारी से उत्पन्न सामाजिक, आर्थिक समस्याओं का पता लगाने का प्रयास करेगा। प्रस्तुत शोध की प्ररचना (डिजाइन) अन्वेषणात्मक एवं निदानात्मक प्रकृति की होगी।

अध्ययन क्षेत्र

शोधार्थी द्वारा अध्ययन की सुविधा एवं शोधार्थी की सामाजिक, आर्थिक सीमाओं में उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखकर अपने अध्ययन क्षेत्र के रूप में अम्बेडकर नगर जनपद (उ0प्र0) के विकास खण्ड भीटी को शोध स्थल के रूप में चुना गया है। यद्यपि कोविड–19 महामारी के दौरान यह विकास खण्ड ग्रीन जोन वाला क्षेत्र था।

अम्बेडकर नगर जनपद परिचय : इस जनपद का अक्षांशीय विस्तार $26^{0}9'$ उ0 से $26^{0}40'$ उ0 है जबकि देशांतरीय विस्तार $82^{0}12'$ पू0 से $83^{0}5'$ पू0 है। उक्त जनपद को शोध स्थल के रूप में चुने जाने के निम्न कारण हैं–

1. उक्त जनपद शोधार्थी का गृह जनपद है जहाँ से अनुसंधान के लिए सूचना के प्राथमिक एवं द्वितीयक स्रोत आसानी से उपलब्ध हो सकते हैं।
2. यह एक ग्रामीण जनसंख्या की बहुलवादी संस्कृति वाला जिला है।
3. उक्त जनपद में समाज के पिछड़े एवं दलित वर्ग की जनसंख्या में ज्यादा भागीदारिता है।

भीटी विकास खण्ड का परिचय

यह विकास खण्ड अम्बेडकर नगर जनपद के अन्य विकास खण्डों के सापेक्ष अधिक विकसित है इस विकासखण्ड का निर्माण 31 अक्टूबर 2007 में हुआ। यह अम्बेडकर नगर जिला मुख्यालय से 20 किमी. की दूरी पर स्थित है जिसमें कुल 257 गाँव है, जिसकी कुल जनसंख्या लगभग 2,05,019 (दो लाख पांच हजार उन्नीस) है।

समग्र निदर्श एवं निदर्शन

समग्र के अन्तर्गत अम्बेडकर नगर जनपद के विकास खण्ड भीटी की कुल जनसंख्या जनगणना 2011 के जनगणना के आधार पर 205019 है। प्रस्तुत शोध में निदर्श के रूप में 100 उत्तर दाताओं का चयन दैवनिदर्शन विधि से किया गया है जो कि समग्र का लगभग 0.048% है।

प्रदत्तों का विश्लेषण

साक्षात्कार अनुसूची से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण :

साक्षात्कार अनुसूची प्रश्न : 1

कोविड–19 महामारी के दौरान लॉकडाउन ने निम्न वर्गो के बीच सामाजिक सम्पर्क को क्या कमजोर किया–हाँ/नहीं

क्रमांक	उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया	उत्तरदाताओं की संख्या	उत्तरदाताओं की %
1.	हाँ	65	65%
2.	नहीं	35	35%



उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि, 65 उत्तरदाताओं ने माना है कि, लाकडाउन से भिन्न वर्गो में सामाजिक सम्पर्क कमजोर हुआ जो कि कुल उत्तरदाताओं की संख्या का 65% है जबकि वहीं 35 उत्तरदाताओं की संख्या का 65% है जबकि वहीं 35 उत्तरदाताओं ने यह स्वीकार किया कि लाकडाउन से सामाजिक सम्पर्क पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

साक्षात्कार अनुसूची प्रश्न–02

कोविड–19 महामारी के लाकडाउन के दौरान बच्चों की शिक्षा क्या प्रभावित हुई– हाँ/नहीं

साक्षात्कार अनुसूची के उपरोक्त प्रश्न पर अम्बेडकर नगर जनपद (उ0प्र0) के भीटी विकासखण्ड के 100 उत्तरदाताओं ने निम्न रूप में प्रतिक्रिया व्यक्त की–

क्रमांक	उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया	उत्तरदाताओं की संख्या	उत्तरदाताओं की %
1.	हाँ	90	90%
2.	नहीं	10	10%



उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि 90% उत्तरदाताओं ने यह स्वीकार किया कि कोविड–19 महामारी के लाकडाउन के दौरान बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई यद्यपि 10% उत्तरदाताओं ने माना कि लाकडाउन के बावजूद उनके बच्चों की शिक्षा प्रभावित नहीं हुई।

साक्षात्कार अनुसूची प्रश्न–03

कोविड–19 महामारी के दौरान क्या पारिवारिक संघर्ष बढ़े– हाँ/नहीं

साक्षात्कार अनुसूची के उपरोक्त प्रश्न पर अम्बेडकर नगर जनपद (उ0प्र0) के भीटी विकासखण्ड के 100 उत्तरदाताओं ने निम्न रूप में प्रतिक्रिया व्यक्त की–

क्रमांक	उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया	उत्तरदाताओं की संख्या	उत्तरदाताओं की %
1.	हाँ	63	63%
2.	नहीं	37	37%



उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि 100 उत्तरदाताओं में से 63 उत्तरदाता जो कि कुल उत्तरदाताओं की संख्या 63% है ने माना कि कोविड–19 महामारी के दौरान पारिवारिक संघर्ष बढ़े हैं, जबकि वहीं 37% उत्तरदाताओं ने माना कि कोविड–19 महामारी के दौरान पारिवारिक संघर्ष नहीं बढ़ा अर्थात् परिवार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

साक्षात्कार अनुसूची प्रश्न–04

लाकडाउन से क्या आपके रोजगार के अवसर प्रभावित हुए– हाँ/नहीं

उपरोक्त साक्षात्कार अनुसूची के प्रश्न पर अम्बेडकर नगर जनपद के भीटी विकासखण्ड के 100 उत्तरदाताओं ने निम्न रूप में प्रतिक्रिया दी–

क्रमांक	उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया	उत्तरदाताओं की संख्या	उत्तरदाताओं की %
1.	हाँ	55	55%
2.	नहीं	45	45%



उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि 100 उत्तरदाताओं में से 55 उत्तरदाता ने माना कि लाकडाउन से उनके रोजगार प्रभावित हुए जो कि कुल उत्तरदाताओं की संख्या 55% है जबकि वहीं दूसरी तरफ 45 उत्तरदाता जो कि कुल उत्तरदाताओं की संख्या का 45% उहै ने यह स्वीकार किया कि लॉकडाउन के बावजूद उनके रोजगार पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है।

साक्षात्कार अनुसूची प्रश्न–05

कोविड–19 महामारी से भारत के गाँवों की अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा

1. कोई प्रभाव नहीं
2. व्यापक प्रभाव
3. आंशिक प्रभाव
4. मालूम नहीं

उपरोक्त साक्षात्कार अनुसूची पर अम्बेडकर नगर जनपद (उ0प्र0) के भीटी विकासखण्ड के 100 उत्तरदाताओं ने निम्न रूप से प्रतिक्रिया व्यक्त किया–

क्रमांक	उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया	उत्तरदाताओं की संख्या	उत्तरदाताओं की %
1.	कोई प्रभाव नहीं	10	10%
2.	व्यापक प्रभाव	30	30%
3.	आंशिक प्रभाव	50	50%
4.	मालूम नहीं	10	10%



उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि कुल उत्तरदाताओं की संख्या का 10% लोगों ने यह माना कि कोविड–19 महामारी का भारत के गाँवों की आर्थिक व्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा जबकि वहीं 30% लोगों ने व्यापक प्रभव को स्वीकार किया। जबकि 50% लोगों ने माना कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था आंशिक रूप से ही प्रभावित हुई, 10% लोग ऐसे भी थे जिन्होंने कहा कि उन्हें कुछ पता नहीं।

निष्कर्ष

उपरोक्त प्रदत्तों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि–

1. अधिकांश लोगों ने यह माना कि कोविड–19 महामारी के दौरान लॉकडाउन ने भिन्न वर्गो के बीच सामाजिक सम्पर्क को बाधित किया यद्यपि समाज का एक तबका ऐसा भी था जो यह नहीं मानता कि लॉकडाउन के कारण सामाजिक बंधन कमजोर हुए वस्तुतः यह वह तबका है, जो ग्रामीण भारत की अपनी एक परम्परागत दुनिया में ही रहता है।
2. समाज के अधिकांश लोग यह मानते है कि कोविड–19 के लाकडाउन ने बच्चों की शिक्षा को प्रभावित किया जिसका निहितार्थ यह है कि लाकडाउन ने शिक्षा के अवसर को समाप्त कर दिया यद्यपि 10% उत्तरदाता जो यह मानते है कि इसने कोई प्रभाव नहीं डाला। जिसका निहितार्थ यह है कि इसमें समाज का वह तपका शामिल है जो या

तो अशिक्षित है या यह वह तबका है जो डिजिटल इंडिया से अवगत है जो समाज के सम्पन्न तबके से सम्बन्धित है।

3. कोविड–19 महामारी ने हमारी पारम्परिक सामाजिक संरचनाओं को एक ऐसे चौराहे पर ला खड़ा किया जहाँ सामाजिक विघटन की स्थिति पैदा हो गयी यद्यपि समाज की एक चौथाई से अधिक आबादी अभी भी अपने पुराने सामाजिक ढांचे को एकता के सूत्र में बांधने को तत्पर दिखाई पड़ती है।

4. समाज के अधिकांश लोग यह मानते है कि लाकडाउन के कारण रोजगार के अवसर प्रभवित हुए है लेकिन आबादी का एक ऐसा समूह भी है जो 1/4 से अधिक, जो लाकडाउन को रोजगार के अवसर में बाधक नहीं मानता, यह वस्तुतः ग्रामीण भारत की वह जनसंख्या है जो अपने पारम्परिक कृषि के पेशे से जुड़ी है जिसका समाजशास्त्रीय निहितार्थ यह है कि महामारी के दौरान भी ग्रामीण समाज अपनी कृषि आधारित अर्थव्यवस्था से निरन्तर जुड़ा रहा। जिसने भारत की आर्थिक मंदी के बड़े संकट से उबारने में मदद की।

5. अधिकांश उत्तरदाताओं ने माना कि कोविड–19 महामारी ने अर्थव्यवस्था को आंशिक रूप से प्रभावित किया जिसका अर्थ यह है कि अधिकांश उत्तरदाता जो ग्रामीण पृष्ठभूमि के थे जिनकी जीविका का आधार मुख्यतया कृषि थी उन पर उक्त महामारी का आंशिक प्रभाव ही पड़ा। सारणी संख्या 1, 2, 3 एवं 4 तथा निष्कर्ष संख्या 1, 2 एवं 3 से स्पष्ट है कि शोधार्थी द्वारा

प्राक्कल्पना परीक्षण

सारणी संख्या 1,2,3 एवम उससे प्राप्त निष्कर्ष संख्या 1,2,3 के आधर पर प्रथम प्राक्कल्पना कोविड–19 महामारी के दौरान लाकडाउन ने सामाजिक, आर्थिक, गतिविधियों को प्रभावित किया सत्य साबित हुई।

सारणी संख्या 5 एवं उससे प्राप्त निष्कर्ष संख्या 5 से स्पष्ट है कि शोधार्थी द्वारा प्रस्तावित द्वितीय प्राक्कल्पना–''कोविड–19 महामारी के कारण आर्थिक विकास के अवसर प्रभावित हुए'' सत्य साबित हुई।

प्रस्तुत शोध की सीमाओं का विस्तार करके पूरे भारत एवं वैश्विक स्तर पर कोविड–19 महामारी के दौरान एवं पश्चात उसके विविध आयामों का अध्ययन भविष्य के शोधकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

सुझाव

1. इस प्रकार की महामारी की स्थितियों से निपटने के लिए हमें अपने देश के अन्दर कुछ स्थाई संसाधनों का विकास करना चाहिए।
2. इसके साथ ही हमें ब्रेनड्रेन जैसी चीजों को रोकने के लिए कुछ स्थाई उपाय करने होंगे विशेष रूप से आई.टी. के क्षेत्र में
3. हमें देश के अन्दर प्राकृतिक स्रोतों का विकास करने के साथ–साथ कृषि जैसे क्षेत्र को विशेष महत्व देने की जरूरत है जो कि आपदा/मंदी की स्थितियों में अर्थव्यवस्था को सम्बल प्रदान कर सकती है।

संदर्भ

1. *Masroor Sheerin Dr. Rathore Sanjeev, Oni Vedi R.K Dr. impact of Covid-19 on present and future scenario of Education : Survey of INdia and World Wizard Rubil*
2. *श्रीवास्तव ए.आर.एन. भारतीय सामाजिक समस्याएं, शेखर प्रकाशन प्रयागराज, संस्करण 2015।*
3. *Rawat Kumar Dr. Ramesh Research paper - Covid-19 and its impact on Indian Economy in the Book communication crises & Role of ... During Covid-19 Page No. 10, DPS Publication Honse New Delhi.*
4. *हाट एवं गुडे 01 Cit 56*
5. *डॉ. शर्मा, डॉ. डी., प्रो. गुप्ता एम एल : समाजशास्र पेज नं0 999 साहित्य भवन प्रकाशन कोड–2611*

मङ्गलम् - वर्ष 15(01) भाग-XXVIII फरवरी 2024
ISSN-0976-8149 पृ. 167-172

"असीरगढ़ किला" एक ऐतिहासिक विरासत

पंकज शर्मा *

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

असीरगढ़ किला पन्द्रहवीं ईस्वी आशा अहीर द्वारा मध्य प्रदेश के बुहानपुर शहर में बनवाया गया था। जो कि सतपुड़ा रेंज से 20–21 किमी की दूरी पर है। यह किला समुद्र तल से 250 फीट की ऊँचाई पर स्थित है। किले की अवस्थिति से मध्य प्रदेश की दो प्रमुख नदियों नर्मदा एवं ताप्ती पर नियन्त्रण का अवसर मिला है इसीलिए उत्तर भारत का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग हो जाता है। इसी कारण से इसे 'कलोद–ए–दक्कन' (दक्खन की चाभी) तथा 'बाब–ए–दक्कन' (दक्षिणी द्वार) के नाम से भी जाना जाता है तथा भारत का प्रवेश द्वार खुला जाता है और विजेता को सम्पूर्ण खानदेश पर अधिकार हो जाता था। मुगलों के समय में असीरगढ से ही दक्कन का प्रारम्भ माना जाता था जो कि दिल्ली तक था, को हिन्दुस्तान कहा जाता था।

यह किला अपने वैभवशाली इतिहास के लिए अत्यधिक प्रसिद्ध है इसकी गणना तत्कालीन अपराजयता स्वयं सिद्ध होती है क्योंकि इसकी गणना उन चुने हुए कुछ विशेष किलों में से होती है जो कि अभेद, अपराजय, अजय माने गये हैं। इस किले की स्थापना को लेकर इतिहासकारों में विभिन्न मत हैं। कुछ इतिहासकारों के मतानुसार इसका निर्माण द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वथामा की अमृत्य की गाथा से सम्बन्धित करते हुए उसकी पूजा स्थली बताते हैं। बुरहानपुर के गुप्तेश्वर महादेव मन्दिर के समीप एक सुरंग है जो कि असीरगढ़ तक लम्बी है।[1] ऐसा कहा जाता है कि आज भी अश्वथाना ताप्ती में स्नान कर गुप्तेश्वर महादेव की पूजा कर अपने स्थान लौट जाते हैं।[2]

किले का इतिहास

इतिहासकार मोहम्मद कासिम के अनुसार इसका निर्माण यादव वंश के क्षत्रिय राजा आशा अहीर द्वारा 15वीं ईस्वी में कराया गया। आशा अहीर के

* *शोधार्थी, इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या*

पास हजारों की संख्या में गायें थीं जिनकी सुरक्षा हेतु ऐसे ही स्थान की आवश्यकता थी। कहा जाता है कि आशा अहीर 15वीं शताब्दी में यहाँ आया तथा ईंट, मिट्टी, चूना तथा पत्थरों की ऊँची दीवार का निर्माण करवाया तथा किले में प्रवेश के लिए भारी–भरकम दरवाजे का निर्माण करवाया। इस प्रकार क्षत्रिय राजा आशा अहीर के नाम पर इस किले का नाम असीरगढ़ पडा। असीरगढ़ किला मराठा राजवंशों के अधिकार में भी रहा जिसका उल्लेख यादव जाति के कुछ इतिहासकारों द्वारा भी किया गया। मध्यकाल में इस किले की प्रसिद्धि के कारण तुगलक वंश के शासक फिरोज शाह तुगलक के सिपाही मलिक खाँ के पुत्र नसीर खाँ फारूकी को असीरगढ़ किले की प्रसिद्धि ने प्रभावित किया तथा फारूकी द्वारा किले को छल से जीतने का षडयन्त्र किया गया जिसके उपरान्त वह बहुरानपुर में आशा अहीर से भेंट की तथा स्वयं व परिवार की जान की रक्षा उसके भाई व बलकाना के जमींदारों से करने की गुहार की। उदार हृदय शासक राजा आशा अहीर द्वारा यह गुहार स्वीकार की गयी तथा किले में रहने की इजाजत दी जिसमें प्रथम व द्वितीय डोलियों में महिलाएं व बच्चे तथा तीसरी डोली में सशस्त्र सैनिकों को भेजा। जिन्होंने किले में प्रवेश करते ही फारूकी के इशारे पर आशा अहीर व उसके पुत्रों पर आकमण कर मौत के घाट उतार दिया गया तथा देखते ही देखते नासिर खाँ फारूकी का इस किले पर अधिकार हो गया। आदिलशाह फारूकी के देहान्त के उपरान्त यह बहादुर शाह फारूकी के अधिकार में आ गया जो कि स्वयं व किले की रक्षा करने में अक्षम था इस इसकी प्रसिद्धि सम्राट अकबर ने भी सुनी तथा इसकी विजय हेतु व्याकुल हो गया तथा दक्षिण की ओर पलायन किया, बहादुर शाह फारूकी इसकी सूचना पाकर किले के दरवाजों को बन्द कर दिया तथा अकबर द्वारा 10 वर्षों तक इस किले पर गोले–बारूदी की वर्षा की गयी परन्तु किले का दरवाजा न खोल सका तथा बहादुर शाह को बातचीत व सन्धि के लिए आमंत्रित किया, परन्तु पीछे से बहादुर शाह फारूकी पर हमला कर दिया गया। बहादुर शाह ने कहा यह विश्वास घात है जिस पर अकबर ने उत्तर दिया और कहा ‘‘राजनीति में सब कुछ जायज है‘‘ तदोपरान्त अकबर द्वारा उसके सैनिकों, मत्रियों व अन्य को सोने चाँदी बांटे गये जिसके लिए कहा गया अकबर द्वारा असीरगढ़ के किले का दरवाजा सोने की चामी से 17 जनवरी 1601 ईस्वी को खोला गया। अकबर द्वारा फारूकी के पुत्रों को अन्य

किलों में भेजवा दिया गया। जिस प्रकार फारूकी ने आशा अहीर से घोखे से किला प्राप्त किया उसी तरह अकबर द्वारा फारूकी से किला प्राप्त किया गया।[3] फरिश्ता लिखता है ''अकबर जैसे सम्राट द्वारा असीरगढ़ किले को प्राप्त करने के लिए 'सोने की चाभी' का उपयोग करना पड़ा।[4]

अकबर के पश्चात् यह किला 1760 ईस्वी से 1819 ईस्वी तक मराठों के अधिकार में रहा। मराठों के पतन के बाद यह किला ब्रिटिश सत्ता के अधीन आया। सन् 1904 ईस्वी से यहाँ अंग्रेजी सेना निवास करती थी। असीरगढ़ किला तीन भागों में विभाजित है[5] –

- ऊपरी भाग असीरगढ़
- मध्य भाग कमरगढ़
- निचला भाग मलयगढ़

वास्तुकला

इस किले का निर्माण भूमि से 255–265 फीट की ऊँचाई पर अवस्थित है। इसके किले का निर्माण बुरहानपुर जिले (जो कि मध्य प्रदेश के सर्वाधिक सूखे क्षेत्रों में से एक है), में बना है यह किला पूरे एक पहाड़/पर्वत को अन्दर से खोखला करके बनाया गया है। किलो को 5 से 6 किमी की दूरी से देखने पर यह यथा एक पर्वत ही नजर आता है जिस पर मस्जिद की गुम्मदें भी नजर आती हैं। इस किले में प्रवेश हेतु 2 रास्ते बनाये गये हैं एक रास्ता पूर्व में जो कि सरल सीढ़ीदार है (200–220 सीढ़ियाँ लगभग है) दूसरा रास्ता उत्तर में है जो कि अत्यधिक कठिन व कष्टप्रद है। यह वाहन हेतु है, यह मार्ग एक बड़ी खाई के पास जाकर समाप्त हो जाता है जहाँ एक बडा फाटक नजर जाता है जो मदार दरवाजे के नाम से जाना जाता है। इस दरवाजे के सामने एक काली चट्टान है जिस पर अकबर, दलियाल, औरंगजेब और शाहजहाँ के फारसी में चार शिलालेख स्थापित है इन किलों पर किलेदारों पर विजय प्राप्त करने वालों और सूबेदारों के नाम के साथ वर्णन अंकित है। शाहजहाँ के शिलालेख से ज्ञात होता है कि उसके समय में यहाँ कुछ इमारतों का निर्माण कराया गया। इस चट्टान के पास दरवाजा, किले के सूबेदार राजगोपाल दास ने कराया था। किले की दीवारों पर थोड़ी–थोड़ी दूरी पर तोपें स्थापित की गयी हैं। किले के ऊपर भाग में प्रवेश करते ही सामने मैदान है जिस पर घास

उगी हुई दिखाई देती है जहाँ कभी खेती हुआ करती होगी। नीचे से किले की ऊँचाई देखते बनती है तथा इस किले को देखने की जिज्ञासा एक स्फूर्ति लाती है। जिससे किले की ऊँचाई चढ़ना उत्साहवर्धक लगता है, इसका भूल भुलइया भरा रास्ता देखकर व्यक्ति देखकर आश्चर्य चकित हो जाता है तथा आगे बढ़ने पर इसका पहला द्वार नजर आता है तथा इस दरवाजे के पूर्व में लम्बी–लम्बी घासों में छुपे हुए गंगा–यमुना नाम के दो मीठे पानी के स्रोत दिखाई देते है जिनमें पानी के कहाँ से आने के स्रोत दिखाई नहीं देते हैं तथा पानी में बनी सीढ़ियाँ साफ नजर आती हैं, यह सीढ़ियों किले के अन्दर जाती हुयी दिखती है परन्तु कहाँ, यह ज्ञात नहीं है। जो कि भय का एहसास कराता है कि मार्ग किले किन्हीं गुप्त कमरों, दरवाजों व तहखानों तक अवश्य जाता है। सरकार द्वारा किले के मुख्य मार्ग को बन्द कर दिया गया है जो दरवाजा किला देखने हेतु खोला गया वह किले की छत पर खुलता है तथा छत से ही किलो को देखा जा सकता है। किले की एक ओर एक विशेष कमरा है जिसमें से एक खिड़की के द्वारा बाहर देखा जा सकता है जहाँ एक फांसी देने के लिए एक विशेष स्थान दिखाई देता है।

किले की वास्तुकला के आश्चर्य

यह किला भारतीय, पर्शियन, तुर्की तथा इस्लामिक कला पर बना है। जिसमें से एक मस्जिद आशा अहीर मस्जिद, मनुष्य निर्मित तीन तालाब तथा एक मन्दिर बना है।

मंदिर

इस मन्दिर का नाम गुप्तेश्वर महादेव मन्दिर है। मन्दिर के बाहर नंदी विराजमान हैं जो कि तीसरे तालाब के पास बना है, जिसकी सीढ़ियाँ मन्दिर से तालाब में जाती है तथा तालाब से विभिन्न दरवाजे निकलते हैं (जो कहाँ जाते हैं यह ज्ञात नहीं है, यह रहस्य बना हुआ है) जो अपने आप में एक रोमाचित व डरावना दृश्य पैदा करते हैं, जो कि गुप्त मार्ग का एहसास कराते हैं। कहा जाता है इस मन्दिर पर दोणाचार्य के पत्र अश्वथामा किले / मन्दिर के दरवाजे खेलने से पहले पूजा करके चले जाते हैं, यह अवश्य ही किसी गोपनीय मार्ग की चर्चा करता है (मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संदेश अंकित है)। किले की छत पर चलते समय दो तालाब गंगा–यमुना की तरफ

देखने पर कुछ खिड़कियों दिखाई पड़ती है जिससे तालाब के पास कई कमरे प्रत्यक्ष दिखाई पड़ते हैं। परन्तु अन्दर जाने के मार्ग का पता नहीं। छतों पर अवश्य ही रोशनी हेतु दो दो के रोशनदान बनाए गए हैं जिनमें ऊपर से प्रकाश डालने पर प्रकाश कहीं खो जाने सा प्रतीत होता है अथात् कमरों के तल का पता नहीं चलता, जो कि एक रोमांचित रहस्य का एहसास कराते हैं।

मस्जिद

आगे बढ़ने पर असीरगढ़ किले की मस्जिद की दो मीनारें साफ दिखाई देती हैं। यह असीरगढ़ किले की जामा मस्जिद है, यह मस्जिद पूर्णतया काले पत्थर से निर्मित हैं। यह मस्जिद फारूकी शासनकाल की निर्माण कला की उत्कृष्ट नमूना तथा यादगार हैं। यह मस्जिद बुरानपुर की जामा मस्जिद के निर्माण से पाँच वर्ष पूर्व बनाई गयी थी इसकी लम्बाई 935 फीट तथा चौड़ाई 40 फीट है इसकी छत 50 खम्भों पर टिकी है तथा इसकी तेरह मेहराबे तथा 4 दालानें है। इसके महराब दरवाजे भी पत्थर के हैं, इसमें 1200 व्यक्ति एक साथ नामज पढ़ सकते हैं, तथा मस्जिद के सामने विशाल सेहन भी है, जिसके तीन ओर छत विहीन पत्थर के बरामदे बनाए गए हैं।[6] मस्जिद के मध्य भाग की मेहराब के ऊपर अरबी भाषा में एक शिलालेख है जिसमें फारूकी वंश के सुल्तानों के वंश का एवं मस्जिद निर्माण वर्ष 992 हिजरी अंकित है।[7] सामने स्तम्भ पर अकबर ने फारसी में एक लेख अंकित कराया है जिस पर असीरगढ़ विजय वर्णन अंकित है। इस शिलालेख को मो० मासूम ने तराशा था। मस्जिद के मध्य भाग में एक पत्थर का चबूतरा है, इसके ऊपर लोहे एक पेंच लगा हुआ है बताया जाता है कि लोहे के दरवाजे के नीचे एक गुप्त मार्ग है जो कि बुरहानपुर में निकलता है, अंग्रेजों द्वारा इसको खोजा गया परन्तु असफल हुए। यह भी कहा जाता है कि यह इतना चीड़ा रास्ता है कि घुड़सवार आराम से निकल सकते थे। मस्जिद की दालान से लगी हुई 80 फीट ऊँची दो मीनारें है जिनमें ऊपर जाने के लिए घुमावदार सीढ़ियां हैं। मस्जिद के प्रवेश द्वार की बायीं तरफ एक कुंआ है जिसका पानी मीठा, ठण्डा व स्वच्छ है, उसमें एक लोहे की जंजीर लगी है जिससे नीचे उतरने का आभास होता है।

इसी प्रकार इसकी कई मान्यता बताते हैं, कि इस किले के कुछ गुप्त मार्ग भी हैं जो 90–100 किमी दूर ओंकारेश्वर धाम पर निकलते हैं।[8] जिससे

किले में रसद की आपूर्ति की जाती थी। मेरे द्वारा जितने किलों व इमारतों को देखा गया (ताजमहल, लालकिला, पुराना किला, कुतुबमीनार, जहाज महल व अन्य ऐतिहासिक निर्माण इत्यादि) से सर्वाधिक रोमांचित करने वाला है जो कि अपनी समाप्ति की ओर अग्रसर है। यदि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इसका जीर्णोद्धार कराया जाये तथा इस किले के मुख्य दरवाजा पर्यटको व शोधार्थियों के लिए खोला जाय, जिससे भारत मध्य प्रदेश की आय तथा पर्यटकों का मध्य प्रदेश के लिए रूझान बढ़ेगा तथा शोधार्थियों के लिए इतिहासिक इस किले की वास्तुकला को और अधिक जानने का अवसर प्राप्त होगा।

इस किले को इसके भाग्य पर छोड़ दिया गया है जो कि वास्तुकला व ऐतिहासिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

सन्दर्भ

1. *'इस किले की खुदाई से निकली जेल यहाँ ब्रह्माशास्त्रधारी' करता है, पहली पूजा, Bhaskar.com मूल से, 19 दिसम्बर 2016 को, पुरालेखित 12 नवम्बर 2023*
2. *www.wikipedia.org*
3. *District Burhanpur, Govt. of M.P. The Gate way to Southern India|India 2023-Retrievent, 20 dec 2023.*
4. *Mehata, Behram H.(1984): Gonds of the Central India Highlands: A Study of Dynamics of Goands Socirty. Vol.2 New Delhi: Concept Publishing Company. p. 259.*
5. *Shyam, Radhey (1981), The Kingdom of Khandesh, Idarah-i-Adabiyat-i-Delhi, Delhi.*
6. *Dhulia district gazetteer- history, medieval period*
7. *Umar ibn al-Khattab, also spelled Omar, c.582/583-644) the second Rashidun caliph*
8. *Dasa pratinidhi kahaniyam: Asoka Agravala. Kitaba Ghara. 1993. ISBN 978-81-7016-231-5*

मङ्गलम् - वर्ष 15(01) भाग-XXVIII फरवरी 2024
ISSN-0976-8149 पृ. 173-175

सनातन संस्कृति का मूल आधार : यज्ञ

*ऋचा मिश्रा**

यज्ञ शब्द 'यज्' धातु से बना है, जिसका अर्थ है– देवपूजा, संगतिकरण एवं दान। ईश्वरीय दिव्य शक्तियों की आराधना करना, उनकी समीपता प्राप्त करना तथा देवताओं को अभीष्ट पदार्थ का अर्पण करना यह यज्ञ की आध्यात्मिक प्रक्रिया परक अर्थ है। यज्ञ के माध्यम से ही परमात्मा ने सम्पूर्ण चराचर का सृजन किया है। यही यज्ञ देवों का प्रथम धर्म रूप स्वीकृत प्राप्त रहा है।[1] वर्तमान में भी समग्र सृष्टि का क्रियाकलाप 'यज्ञ' रूपी धुरी के चारों ओर चल रहा है। श्रेष्ठ ऋषियों ने यज्ञ को भुवन अर्थात् सम्पूर्ण सृष्टि का आधार बिन्दु कहा है। 'अयं यज्ञो विश्वस्य भुवनस्य नाभिः'[2] यही संसार की उत्पत्ति स्थल रहा है। यज्ञ श्रेष्ठतम कर्म के रूप में आर्ष परम्परा में समादृत रहा है।[3]

यज्ञ विद्या का परिज्ञान भारतीय ऋषियों द्वारा वसुधा को दी गई ऐसी महत्त्वपूर्ण देन है, जिसे सर्वाधिक फलदायी व समग्र पर्यावरण को ठीक बनाए रखने का आधार कहा जा सकता है। श्रीमद्भगवद्गीता में स्वयं योगिराज कृष्ण ने कहा है–

'सहयज्ञाः प्रजाः सृष्ट्वा पुरोवाच प्रजापतिः।
अनेन प्रसविष्यध्वमेष वोऽस्त्विष्ट कामधुक्।।[4]

समस्त प्राणियों के स्वामी प्रजापति ब्रह्मा ने कल्प आदि में यज्ञ सहित प्रजाओं तथा देवताओं को रचकर उनसे कहा कि ''तुम लोग इस यज्ञ कर्म के द्वारा वृद्धि को प्राप्त करो और यह यज्ञ तुम लोगों को इच्छित भोग प्रदान करने वाला हो। फलतः ऐहिक आमुष्मिक सकल फलों की प्राप्ति यज्ञानुष्ठानों की सफलता पर निर्भर है।

यज्ञ परमार्थ प्रयोजन के लिए किया गया एक उच्चस्तरीय प्ररूषार्थ है। अन्तर्जगत् में दित्यता का समोवश कर प्राण की अपान में और अपान की प्राण

---

* *शोध छात्रा, देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शान्तिकुंज, हरिद्वार (उत्तराखंड)*

में आहुति देकर जीवन रूपी समिधा को समाज रूपी यज्ञ में होम करना ही वास्तविक यज्ञ है। भावनाओं में सत्यवृत्ति के समावेशन की वैज्ञानिक एवं वास्तविक प्रक्रिया का नाम है यज्ञ।

यज्ञ की महत्ता अनिवर्चनीय है। यज्ञ के माध्यम से ही सृष्टि संचालन निर्वाधरूप से चल रहा है। अग्निविद्या और संवत्सर–विद्या उसी के दो रूप अग्निविद्या या शक्तितत्त्व और संवत्सर–विद्या के नाम से ज्ञेय हैं। वैदिक तत्त्व ज्ञान की दृष्टि से अग्नि–विद्या सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। प्रजापति, ब्रह्मा, महाकाल, शक्ति–तत्त्व ये सब अग्नि के ही रूप हैं। ज्ञान और कर्म की जितनी शक्ति हैं, उन सब का प्रतीक यज्ञ है। 'अग्निः वै सर्वा देवता':[5] अर्थात् अग्नि ही सभी देव हैं। इस कथन से स्वेष्ट है कि जितने देव हैं। सब अग्नि के रूप हैं। अब प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि अग्नि–तत्त्व है क्या? चूल्हे में जलने वाली और काष्ठ से उत्पन्न होने वाली अग्नि कोई देवता है? वेद में किस अग्नि का वर्णन है? इसके उत्तर में यही कहा जा सकता है कि मूल और तूल दोनों रूपों में जितनी शक्ति और उसके भेद हैं वे सभी अग्नि के ही रूप हैं। वैदिक यज्ञविधान में आहवनीयाग्नि, गार्हपत्याग्नि, आवसथ्याग्नि, सभ्याग्नि और दक्षिणानि ये पाँच अग्नियाँ हैं जिनमें कृत यज्ञ से मात्र समस्त कामनाओं की पूर्ति ही नहीं, अपितु जीवन जीने की विज्ञानसम्मत सर्वोत्कृष्ट पद्धति भी प्रातव्य है।यज्ञ का कर्मकाण्ड पक्ष ही लें; तो हम देखते हैं कि देवपूजन के क्रम में ऋग्वेद के मंत्रों से स्तुतियाँ करने, यजुर्वेद के मंत्रों से यजनकर्म प्रयोग तथा सामनगानों द्वारा यज्ञीय उल्लास को सम्बर्धित और प्रसारित करने तथा अथर्ववेद से वैयक्तिक तथा सामाजिक जीवन के स्थूल–सूक्ष्म परिष्कार की वैज्ञानिक प्रक्रिया यज्ञ के माध्यम से ही सम्पन्न की जाती है। यानुष्ठानों की सफलता से पुत्र, यश, धन, सम्पत्ति, राज्य, अक्षय्यसुकृत, पापविमोचन, स्वर्ग, मोक्ष तथा सकल इच्छित पदार्थ प्राप्तव्य रहे हैं।[6]

पुरूषसूक्त के अनुसार उस विराट पुरुष ने यज्ञ द्वारा ही सृष्टि का निर्माण किया तथा उसी से उसके पोषण का चक्र चल रहा है। उसी विराट यज्ञीय प्रक्रिया के अन्तर्गत सृष्टि के संचालन एवं पोषण के लिये उत्कृष्ट ज्ञान–वेद का प्रकटीकरण हुआ। उस विराट पुरुष (यज्ञ–देव) से यह ब्रह्माण्ड उत्पन्न हुआ। उसी से समस्त जीव प्रकट हुए। देह धारियों के रूप में वही

श्रेष्ठ पुरूष स्थित है। उसने पहले पृथ्वी तत्पश्चात् प्राणियों को उत्पन्न किया।

"तस्मात् यज्ञात् सर्वहुतःऋचः सामानि जज्ञिरे।

छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तमादजायत।।"[7]

उस विराट यज्ञ पुरुष से ऋग् एवं साम नामक छन्दों की और यजु तथा अथर्व की उत्पत्ति हुई। यज्ञीय अनुशासन में जीवन को गतिशील बनाने के उपक्रम हैं। वेदमंत्र परा–चेतन और प्रकृति के गूढ़ अनुशासनों और रहस्यों का बोध कराते हैं। वेद में प्रकृति के गूढ़ तत्त्वों को प्रकट करते हुए कहा गया है कि, ये प्रवाह एवं पदार्थ यज्ञार्थ हैं। इन्हें यज्ञीय अनुशासनों में प्रयुक्त करने से सत्पुरुष देवों के समान ही स्वर्गीय परिस्थितियाँ प्राप्त कर सकते हैं।[8]

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि या ही सम्पूर्ण वैदिक धर्म एवं संस्कृति का मूल आधार है। सकल कांक्षाओं का पूरयिता है। धर्मस्कन्ध के रूप में यज्ञानुष्ठानों की महिमा सदैव विद्यमान रही है।

सन्दर्भ

1 *ऋग्वेद संहिता 10.90.16*

'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।

ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः।।

2 *अथर्ववेद संहिता 9.15.14, ऋग्वेद संहिता 1.164.35*

3 *काठक संहिता 30.10, शतपथ ब्राह्मण 15.4.5, यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म।*

4 *श्रीमद्भगवद्गीता 3.10 तथा श्रीमद्भागवत पुराण–2.4..20*

5 *ऐतरेय ब्राह्मण 1.1 तथा 3.4*

6 *ऋग्वेद संहिता 10.90.5*

7 *तदेव 10.90.9*

8 *विशेष अध्ययन हेतु द्रष्टव्य है –*

(क) अग्नि चयन – प्रो० विश्वम्भर नाथ त्रिपाठी, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 1989

(ख) वाराह श्रौत सूत्र का परिशीलन – डॉ० राम हित त्रिपाठी, मंगलम प्रकाशन, इलाहाबाद, 2005

(ग) ऋत्विजों में ब्रह्मा – डॉ० राम हित त्रिपाठी, मंगलम प्रकाशन, इलाहाबाद, 2003

मङ्गलम् - वर्ष 15(01) भाग-XXVIII फरवरी 2024
ISSN-0976-8149 पृ. 176-181

मृदुला गर्ग की कहानियों में स्त्री मुक्ति

*श्वेता यादव**

शोध सारांश

स्त्री–मुक्ति कहने से तात्पर्य ये बिल्कुल भी नहीं है कि स्त्री को स्त्री–पुरुष संबंधों से आजादी चाहि ए। स्त्री उन रूढ़िवादी परम्पराओं से मुक्त होना चाहती है जिसका बोझ वह दीर्घकाल से ढोती आई हैं। इसमें वह अपने आत्मसम्मान की बातें करती है, स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वच्छंद माहौल का निर्माण चाहती है। हिन्दी साहित्य की सुप्रसिद्ध लेखिका रमणिका गुप्ता जी स्त्री– मुक्ति पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहती है कि ''स्त्री–मुक्ति की मुहिम के लिए सबसे बड़ी चुनौती है स्त्रियों में मुक्ति की इच्छा जगाना। दूसरा कदम होगा स्त्री–मुक्ति की अवधारणा, संपूर्ण मनुष्य की मुक्ति की अवधारणा के परिप्रेक्ष्य में स्त्री–देह, स्वास्थ्य, वैचारिकता, शिक्षा, आर्थिक स्वावलंबन, आत्मनिर्णय, ईमानदारी, बहादुरी, साहस, शौर्य की जरूरतों व गुणों से लैस एक व्यक्तित्व की अवधारणा के रूप में मानना और उसे भौगोलिक, आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक स्तर पर समानता के दर्जे तक पहुंचने के लिए सक्षम बनाना।''[1] स्त्री–मुक्ति उन्हीं अधिकारों के लिए अपनी माँग रखती हुई, रूढ़िवादी परम्पराओं को तोड़ती हुई समाज में स्वावलंबी बनने के प्रति संघर्षशील है। जिसके लिए समाज की प्रत्येक स्त्रियों को जागरूक होना होगा।

सुप्रसिद्ध कथाकार मृदुला गर्ग का जन्म 25 अक्टूबर 1938 में हुआ था। उन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनामिक्स से अर्थशास्त्र में एम.ए. किया। और बाद में इन्होंने दिल्ली में ही प्राध्यापिका के रूप में अध्यापन का कार्य भी किया। मृदुला गर्ग जी का मानना है कि साहित्य समाज का दर्पण नहीं होता बल्कि समाज साहित्य का दर्पण होता है। उनकी प्रमुख रचनाएँ – कितनी कैदें (1975), टुकड़ा टुकड़ा आदमी (1977), डेकोडिल जल रहे हैं (1978), ग्लेशियर से (1980), उर्फ सैम (1982), दुनिया का कायदा (1983), शहर के नाम (1990), समागम (1996), उसके हिस्से की धूप (1975), वंशन (1976), चितकोबरा (1979), अनित्य (1980), मैं और मैं (1984), कठगुलाब (1996) एक और अजनबी (1978), जादू का कालीन (1993), तीन कैदें (1996), चुकते नहीं सवाल (1999) आदि।

* *38/ए गोपाल चटर्जी रोड, कॉसीपोर, कलकत्ता, पश्चिम बंगाल*

एक स्त्री क्या वह अपनी इच्छा से किसी अन्य पुरुष से वार्तालाप भी नहीं कर सकती? क्या अपने पति को छोड़ कर किसी अन्य पुरुष के साथ उसका घूमना, चाय पर जाना, होटल में खाना खाना अनैतिकता मान लेना चाहिए? विवाहित स्त्रियों को ऐसी तमाम बेड़ियों से बाँध दिया जाता है और अगर वे स्त्रियाँ इन बेड़ियों को तोड़कर बाहर आने का प्रयास करती है तो उन्हें चरित्रहीन मान लिया जाता है। 'हरी बिंदी' कहानी उन्हीं बन्धनों को तोड़ती हुई एक स्वच्छंद मानसिकता के साथ जीने की आकांक्षा रखने वाली स्त्री की कहानी है। अपनी हरी बिंदी कहानी के विषय में लेखिका कहती है कि "मुझसे कई बार कहा गया कि अकेली स्त्री की ऐसी उन्मुक्त, मनमौजी, दिलकश, दिनचर्या हिंदी कथा साहित्य में पहली बार उभारी गई थी।"[2] इस कहानी की नायिका खुद को स्वच्छंद रखना चाहती है। वह समाज के बनाएँ उन बेड़ियों को तोड़ कर उड़ना चाहती है। वह चाहती है कोई उस पर अपने बनाए नियम न थोपे। नायिका अपने अस्तित्व के साथ जीना चाहती है। नायिका का पति (राजन) आज घर पर नहीं है। आज वह उस स्वच्छंदता के साथ अपना दिन गुजारेगी जिसे राजन की परम्परा ने बांध रखा था। आज वह देर तक सोएगी, नीले वस्त्रों पर हरी बिंदी लगाएगी, वह जहाँ घूमना चाहती है वहाँ जाएगी, जो फिल्म देखना चाहती है वह फिल्म देखेगी, गर्म के साथ ठंडा खाने पर आज उसका पति (राजन) नहीं रोक सकता। आज वह अपने मन के समुद्र में डूब जाना चाहती है और तब तक बाहर नहीं आना चाहती जब तक वह खुल कर जी ना ले। लेखिका लिखती है कि – "नीले रंग का कुर्ता और चूड़ीदार पाजामा पहना तो नीले रंग की बिंदी माथे पर लगाने को हाथ बढ़ गया। फिर न जाने क्या सोचकर उसे छोड़ दिया और बड़ी सी हरी बिंदी लगा ली। राजन होता तो कहता, नीले पर हरा? क्या तक है? उसने दर्पण में दिख रही अपनी प्रतिच्छाया को जबान निकालकर चिढ़ा दिया, कहा, 'तुक की क्या तुक है?' और खिलखिलाकर हँस पड़ी।"[3] हरी बिंदी कहानी न केवल हमारे अंतरात्मा को स्पर्श करती है बल्कि हमें सोचने पर भी मजबूर करती है कि एक पिंजरे में बंद चिड़िया की क्या मानसिकता हो सकती है। उनका अन्दर ही अन्दर शोषण किया जा रहा है। ऐसे में गर्ग जी अपनी स्त्री पात्रों को पंखों के साथ उस गगन में उड़ाना चाहती है जो उसे मुक्त विचारों की दुनिया में ले जाकर छोड़ आए। मृदुला जी की 'वितृष्णा' कहानी में इसकी झलक देखी

जा सकती है। कहानी की नायिका शालिनी जब अपने पति दिनेश से कहती है कि आपके पास घण्टे भर की ट्र्सत नहीं रहती है कि बैठकर बात कर सकें। इस पर दिनेश उत्तर देता है कि ''बात करने की फुर्सत उन्हें होती है जिनके पास काम नहीं होता। अगर तुम घर को पूरे सलीके से चलाओ तो तुम्हारे पास भी चखचख करने को वक्त न बच्चे...।[4] एक समय ऐसा आता है जब शालिनी हमेशा के लिए मौन हो जाती है। वह दिनेश के सारे काम करती है परन्तु उससे बात नहीं करती। उसके इस व्यवहार पर दिनेश कहता है कि – ''तुम समझती क्यों नहीं शालिनी, तब मेरे पास वक्त नहीं था। अब है। हालात बदलते रहते हैं। हालात के साथ हमें बदलना पड़ता है। देखो, घर में हम दो ही प्राणी हैं। एक बेटा है सो अमेरिका जा बसा । लौटकर क्या आएगा। अब जो कुछ कहना है हमें एक–दूसरे से कहना है। इस तरह चुप्पी साधे रहने से ज़िंदगी कैसे चलेगी?''[5] आज दिनेश के पास फुर्सत ही फुर्सत है क्योंकि वह अब रिटायर हो गया है। वह शालिनी से बातें करना चाहता है पर शालिनी अब उससे बातें करना पसंद नहीं करती। उसके मन में दिनेश के प्रति वितृष्णा जाग उठी है। दिनेश शालिनी से बातें करना चाहता है, बहुत कोशिश भी करता है लेकिन शालिनी अब मौन रह कर उसके साथ रहना ज्यादा पसंद करती है।

स्त्री जब भी प्रेम देने की बात करती है तो अक्सर हमारा पुरुष प्रधान समाज उसके निर्मल प्रेम की तुलना शारीरिक प्रेम से जोड़ कर देखता है। वह समाज से, परिवार से, पुरुष से, संसार के प्रत्येक प्राणी से केवल निस्वार्थ प्रेम चाहती है और साथ ही साथ संसार को प्रेम देना भी चाहती है। स्त्री में संसार के प्रत्येक प्राणी के प्रति प्रेम की भावना को मृदुला जी अपनी कहानी श्शहर के नामश में दिखाती है। लेखिका कहती है कि ''मेरे लिए प्यार का मतलब था देना। खुद को देना। नहीं–नहीं, जिस्म नहीं। वे यही मतलब लगाते थे, मैं अब समझ गई हैं, पर यह गलत है। मैं क्या सिर्फ जिस्म हैं? जिस्म तो घर है मेरा। मैं उसके अंदर रहती हूँ। हर घर की एक आत्मा होती है। मेरे घर की भी है। मैं उसी आत्मा को लोगों में बाँटना चाहती थी। घर ही उनके हवाले कर देती तो आत्मा कहाँ रहती?''[6] लेखिका का मानना है कि शरीर तो उनका घर है और वह तो उसके अंदर रहती है। जैसे मानव शरीर में आत्मा होती है उसी प्रकार हर घर की भी आत्मा होती है और वह उसी आत्मा को लोगों में बाँटना

चाहती है। मृदुला जी ने इस कहानी में एक ऐसी स्त्री का निमार्ण किया है जो अपनी मन की बातों को बिना संकोच के कह डालती है, चाहे उसके सामने उसका पिता ही क्यों न हो। लेखिका को बच्चे बहुत प्यारे लगते हैं और वह बच्चे पालने की अपनी इस इच्छा को अपने पिता को पत्र में बताती है। पत्र के उत्तर में उसके पिता लिखते हैं कि – ''चार–चार बच्चे इस युग में। देश की दिन पर दिन बदतर हो रही हालत को नजरअंदाज करके। लानत है। इसलिए पढ़ाया–लिखाया तुम्हें। इसीलिए अमेरिका भेजा। (लो, अमेरिका आने का मतलब यह कैसे हो गया कि आदमी बच्चे पैदा करना नहीं चाह सकता!)''[7] लेखिका सबमें प्यार बाँटना चाहती है, चाहे वह गरीब मजदूर ही क्यों न हो। 1975 ई. के दौरान लेखिका गली–गली जा कर लोगों को अपने नुक्कड़ नाटकों के द्वारा और संविधान में लिखे बातों के प्रति लोगों को जागरूक करती है।

आजादी के कितने ही वर्ष गुजर गए किन्तु आज भी स्त्रियों के प्रति दृष्टिकोण में कुछ विशेष परिवर्तन नहीं आ पाया है। प्राचीन काल में स्त्रियों के प्रति बने उन जटिल रिवाजों का ख्याल भी मन में आता है तो हमारा रोम–रोम सिहर उठता है। पुरुष वर्ग अपनी अय्याशी के लिए परम्पराओं का हवाला देकर न जाने कितने वर्षों तक स्त्रियों का शोषण करते आए हैं। मृदुला जी की 'मीरा नाची' कहानी में एक लड़की जिस पर उसके पिता द्वारा तिरस्कृत माँ का कठोर नियंत्रण रहता है। लड़की अपनी माँ के बन्धनों से मुक्त होना चाहती है, खुल कर नाचना चाहती है, पतंगे उड़ाना चाहती है। वह सोचती है कि जब इस घर से वह जाएगी तभी उसे आजादी मिलेगी। फिर पिता द्वारा किया गया दुर्व्यवहार उसे स्मरण होता है कि ''दोनों के बीच जो महाभारत हुआ, क्या बतलाऊँ। पिताजी ने माँ को घर से बाहर धकेल दिया। साथ मुझे भी। घर में ताला डालकर चले गये। माँ मुझे लेकर बरामदे में डटी रहीं, भूखी–प्यासी। मेरे तो प्राण ही निकल गये थे भूख के मारे।''[8] वह इस कल्पना से भी डर जाती है कि कहीं उसे भी उसके पिता जैसा लड़का न मिल जाए। उसकी माँ का मानना है कि ''पढ़–लिख लो वरना कोई ढंग का लड़का नहीं मिलेगा। सारी उम्र हमारी छाती पर मूँग दलोगी। पढ़–पढ़कर थक जाओ और सुस्ताने को जरा बिस्तर पर अधलेटे हो जाओ तो कहेंगे, अहदन हो जाओगी तो कौन पूछेगा ससुराल में। आजकल के लड़के पतली– छरहरी लड़की चाहते

हैं, मटा गयी तो ढंग का लड़का...।''[9] ऐसी मानसिकता हमारे समाज में बनी हुई है कि लड़कियों को पढ़ना तो चाहिए लेकिन उतना ही जितना लड़के वाले अनुमति देते हैं या उसके विवाह में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन हो। लड़की बताती है कि जब वह गाँव में रहती थी तो अपनी कक्षा में अव्वल आती थी परन्तु शहर में आने के बाद उसका मन पढ़ाई में नहीं लगता।

स्त्रियाँ यंत्र नहीं होती बल्कि उनके अंदर भी भावनाएं होती है। उन्हें किसी परम्परा में बाँध कर रखना ये नैतिकता के सिद्धान्त की कसौटी नहीं हो सकती। प्राचीन काल से ही स्त्रियाँ शोषण का शिकार होती आयी है। उन्हें स्थान– स्थान पर प्रताड़ित किया गया। डॉ बच्चन सिंह कहते हैं कि – ''स्त्री पुरुषों द्वारा दुनिया भर में शोषित होती रही है– समानता की दृष्टि से, कानून की दृष्टि से, आर्थिक दृष्टि से। समाज चाहे हिन्दुओं का हो, मुसलमानों का हो, ईसाइयों का हो या किसी अन्य धर्म का। पुरुष के लिए तो स्त्री बराबर भोग्य रही है।''[10] जब तक स्त्रियाँ समाज में स्वावलम्बी बनने की इच्छा अपने अंतरात्मा में जागृत नहीं करती और उसके प्रति संघर्ष के लिए तत्पर नहीं होती उन्हें इसी प्रकार अधिकारों से वंचित रखा जाता रहेगा और वे शोषण का शिकार होती रहेंगी।

निष्कर्ष

मृदुला जी की स्त्रियाँ मुक्त विचारों की है, साथ ही साथ वह अपने को समाज में स्वावलंबी बनते देखना चाहती है। वह समाज में स्वच्छंद होकर जीना चाहती है। बनी बनाई परिपाटी पर चलना उनके लिए मानों किसी नदी में दम घुटने से भी बत्तर है। मृदुला जी मानना है कि वह किसी विचारधारा से प्रभावित होकर नहीं लिखती बल्कि उन्हें अपने जीवन से जो अनुभव प्राप्त हुए हैं उसके आधार पर वह अपनी रचना करती है। वह प्रायः ऐसी सच्ची घटानाओं को अपनी कहानियों का विषय बनाती है जिसे पढ़कर व्यक्ति स्वयं को सचेत कर ले ताकि ऐसी घटना उसके जीवन में न घटित हो। डॉ. तारा अग्रवाल जी मृदुला जी की कहानियों के विषय में कहती है कि – ''आधुनिक जीवन के प्रायः सभी विषयों दाम्पत्य तथा दाम्पत्त्येत्तर सम्बन्ध, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक समस्याएँ, वृद्धावस्था, जीवन मूल्यों का ह्रास, नारी जीवन की समस्याएँ, नारी की परिवर्तित स्थिति, व्यक्ति की यौन भावनाएँ विदेश में

बसे भारतीयों की मानसिकता तथा मृत्युबोध आदि से सम्बन्धित अत्यधिक उत्कृष्ट कहानियों की रचना उन्होंने की है।''[11] मृदुला जी ने न केवल नारी स्वतंत्रता की बात की है बल्कि समाज की उन प्रत्येक मार्मिक विषयों पर अपनी कलम चलाने का प्रयास किया है जो समाज से वंचित रहा है।

अतः मृदुला जी अपनी रचनाओं के माध्यम से स्त्रियों की उस मानसिकता को समाज के सामने लाई हैं जिसकी अभिव्यक्ति के लिए साहस की आवश्यकता होती है। स्त्रियों को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, चाहे वह शरीरिक हो या मानसिक। मृदुला जी उन सारी समस्याओं को अपनी रचनाओं में उठाती है जिसे उठाते समय हिंदी साहित्य के लेखक वर्ग संकोच करते आए हैं। उन्होंने न केवल हिन्दी साहित्य में अपना प्रमुख स्थान बनाया बल्कि हिन्दी साहित्य को वह सशक्त अभिव्यक्ति प्रदान की जिसे लिखते वक्त प्रायः लेखक झिझकते हैं। इसे लेकर वह विवादों में रहीं परन्तु इसके बावजूद भी वह निडरता के साथ अपनी बात रखती आई हैं।

सन्दर्भ

1. *रमणिका गुप्ता, स्त्री मुक्ति संघर्ष और इतिहास, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण – 2014, पृ. – 31*
2. *मृदुला गर्ग, मृदुला गर्ग की लोकप्रिय कहानियाँ, प्रभात पेपरबैक्स, नई दिल्ली, संस्करण – 2018, पृ.– 5*
3. *वही – पृ. – 12*
4. *अमर गोस्वामी, संजीव, धर्मन्द सुशान्त (सं. मंडल), छत पर दस्तक, रेमाधव पब्लिकेशन्स प्रा. लि., गौतमबुद्ध नगर, उ. प्र., प्रथम पेपरबैक संस्करण – 2007, पृ.– 87*
5. *वही – पृ.– 87*
6. *वही – पृ. – 116*
7. *वही – पृ. – 117*
8. *वही – पृ. – 136*
9. *वही – पृ. – 134*
10. *डॉ. बच्चन सिंह, हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास, राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली, पंद्रहवाँ संस्करण – मार्च, 2022, पृ. – 515*
11. *डॉ. तारा अग्रवाल, मृदुला गर्ग का कथा साहित्य, विद्या प्रकाशन, कानपुर, प्रथम– 2004, पृ. 14*

मङ्गलम् - वर्ष 15(01) भाग-XXVIII फरवरी 2024
ISSN-0976-8149 पृ.182-185

स्वामी विवेकानन्द के धर्म संबंधी विचार : एक अवलोकन

*अलीम अहमद**

